www.rajexpress.com

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस

• भोपाल • इंदौर • जबलपुर • ग्वालियर • रतलाम • रीवा • सतना • छिंदवाड़ा • उज्जैन • सागर

भोपाल

शनिवार, 10 अक्टूबर 2026
(आश्विन मास कृष्ण पक्ष अमावस्या 2083)
■ वर्ष - 22 ■ अंक - 194
■ पृष्ठ - 12
■ मूल्य - ₹ 4.00



स्पोर्ट्स- (पेज-10 पर)

▶ अब मप्र के ओबीसी वर्ग को 14 प्रतिशत ही मिलेगा आरक्षण

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला अवैधानिक

मध्यप्रदेश सरकार के 2019 के संशोधन कानून को हाई कोर्ट ने किया रद्द, 159 पेज का आदेश किया जारी, 5 अगस्त को फैसला रखा था सुरक्षित

● जबलपुर / राज न्यूज नेटवर्क



मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में शुक्रवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की युगलपीठ ने फैसला सुनाया है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने प्रदेश सरकार के निर्णय को निरस्त करते हुए इसे अवैधानिक माना है।

पांच अगस्त को फैसला सुरक्षित रखने के बाद युगलपीठ ने 159 पेज का आदेश जारी किया। ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के सरकारी निर्णय के पक्ष और विरोध में करीब एक सैकड़ा याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा साहनी और मराठा आरक्षण संबंधी फैसलों का हवाला देते हुए आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा का मुद्दा उठाया था। उनका तर्क था कि केवल जनसंख्या के आधार पर आरक्षण तय नहीं किया जा सकता। वहीं, सरकार और आरक्षण के समर्थन में याचिका दायर करने वालों ने दलील दी थी कि प्रदेश में ओबीसी की आबादी 51 प्रतिशत से अधिक है। इसके साथ ही ओबीसी वर्ग की आर्थिक स्थिति से संबंधित आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए थे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने पांच अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। आरक्षण के खिलाफ दायर मुख्य याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पैरवी की। वर्ष 2019 में तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गईं। विवाद का प्रमुख आधार आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा और अतिरिक्त आरक्षण के समर्थन में पर्याप्त आंकड़ों की उपलब्धता रहा। कानूनी विवाद के कारण प्रदेश की कई सरकारी भर्तियों में चयन और नियुक्तियों का एक हिस्सा लंबित था। (शेष पेज 8 पर)

हाईकोर्ट के फैसले का विधिक परीक्षण करेगी सरकार

सीएम बोले- तत्कालीन सरकार का नोटिफिकेशन लचर और त्रुटिपूर्ण था

भोपाल, प्रसं। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार आगामी विधिक कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार न्यायालय के निर्णय का विधिक परीक्षण कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हाईकोर्ट ने वर्ष 2019 से 2022 के बीच की गई नियुक्तियों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। न्यायालय ने 13 प्रतिशत अतिरिक्त नियुक्तियों को संरक्षित रखते हुए आगामी भर्ती में समायोजित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, वर्ष 2022 के बाद से निर्णय की तारीख तक हुई भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने का नोटिफिकेशन जल्दबाजी में जारी किया था। यह नोटिफिकेशन लचर और त्रुटिपूर्ण था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार ने इस संबंध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से भी सलाह नहीं ली थी। मुख्यमंत्री के अनुसार, हाईकोर्ट के फैसले से तत्कालीन सरकार की 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मंशा पर संदेह उत्पन्न हुआ है।

कांग्रेस की जल्दबाजी से पैदा हुई कानूनी उलझन: खंडेलवाल

भोपाल, आरएनएन। मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ लेने की जल्दबाजी में कांग्रेस सरकार ने ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का अध्यादेश जारी किया, लेकिन उसे पर्याप्त संवैधानिक और कानूनी आधार नहीं दिया। खंडेलवाल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले की कंडिका 215 में तत्कालीन सरकार के निर्णय को पर्याप्त तैयारी के अभाव और अनुचित जल्दबाजी में लिया गया कदम बताया है। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओबीसी वर्ग को अधिकार दिलाने के नाम पर आरक्षण बढ़ाने का निर्णय तो लिया, लेकिन उसे न्यायिक कसौटी पर मजबूत बनाने के लिए जरूरी तैयारी और सावधानी नहीं बरती। इसके कारण आरक्षण के मुद्दे पर कानूनी अनिश्चितता पैदा हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी सरकार की गलतियों की जिम्मेदारी लेने के बजाय भाजपा सरकार पर दोषारोपण कर रही है।

महिला कर्मचारी का मानदेय 10 माह से अटका, जिला संयोजक निलंबित

मुख्यमंत्री ने हरदा में समाधान ऑनलाइन में लोगों की समस्याएं सुनकर किया निराकरण, लंबित शिकायतों पर जताई नाराजगी

समय सीमा में निराकरण नहीं करने वालों पर जुर्माना लगाने के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को हरदा में जन विश्वास अभियान में शामिल हुए। उन्होंने समाधान ऑनलाइन के दौरान जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पांच आवेदकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में अनावश्यक देरी और शिकायत के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर मुख्यमंत्री ने जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक प्रमोद माथुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। एक महिला कर्मचारी का मानदेय दस माह से अधिक समय से लंबित था। संबंधित अधिकारी इस देरी का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। शासन-प्रशासन जनता की सेवा के लिए है और शिकायतों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जमीनी स्तर पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को राहत के लिए बार-बार भटकना न पड़े। (शेष पेज 8 पर)

100 दिन से लंबित 27 पुलिस शिकायतों पर नाराजगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों की ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए कि लोगों को अपनी समस्या के समाधान के लिए समाधान ऑनलाइन तक पहुंचने की जरूरत ही न पड़े। इसके लिए कलेक्टर सभी शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करें। पुलिस विभाग की 100 दिन से अधिक समय से लंबित 27 शिकायतें सामने आने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। पुलिस अधीक्षक को इन शिकायतों की स्वयं समीक्षा करने और यह पता लगाने के निर्देश दिए कि किस स्तर पर लापरवाही हो रही है। मुख्यमंत्री ने कृषि, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, राजस्व और गृह विभाग से संबंधित 100 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की।

बिजली बिल की शिकायतों पर अधिकारियों से जवाब-तलब

समाधान ऑनलाइन में मुख्यमंत्री ने संदीप गौर से चर्चा कर कृषि यंत्रों पर सब्सिडी से संबंधित शिकायत सुनी। सतीश उइके की बिजली बिल संबंधी समस्या पर भी चर्चा की और विद्युत विभाग के महाप्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बिजली बिलों से जुड़ी शिकायतों के समय पर निराकरण में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने मीटरों के सैंपल लेकर उनकी जांच और जानकारी प्राप्त करने के निर्देश भी दिए, ताकि बिजली बिल संबंधी समस्याओं का उचित समाधान किया जा सके।

डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने दीपम रायचूरा को ओएसडी पद से हटाया

ओएसडी पर है शराब ठेके के बदले एक करोड़ लेने का आरोप

● भोपाल / राजनीतिक संवाददाता



एक हजार करोड़ के धोखाधड़ी के आरोपी मोहित गोगिया ने लिया था दीपक का नाम

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार को अपने ओएसडी और सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा को तत्काल प्रभाव से ओएसडी पद से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि पैसे लेने का जो मामला सामने आया है उस समय दीपम रायचूरा मेरे यहां पदस्थ नहीं थे। तब वे भोपाल में सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर कार्यरत थे।

देवड़ा ने मीडिया से कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही मैंने संबंधित विभाग को शीघ्र जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो यह सुनिश्चित करने के लिए दीपम रायचूरा को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि नाइट क्लब, रियल स्टेट के कारोबार से जुड़े एक हजार करोड़ के धोखाधड़ी के आरोपी मोहित गोगिया ने जांच एजेन्सियों को दिए गए अपने बयान में कहा है कि बर्ष 2024-25 में भोपाल के टीटी नगर की दो शराब दुकानों का ठेका दिलाने के लिए दीपम रायचूरा को एक करोड़ रूपए दिए थे। जांच एजेन्सियों को दिए गए बयान के मुताबिक इन दुकानों पर बिना लायसेंस वाली अवैध शराब की आपूर्ति की जाती थी। गौरतलब है कि मोहित गोगिया पर इनकम टैक्स और प्रवर्तन निदेशालय कार्यवाही कर चुका है और उसकी सम्पत्ति फ्रीज की जा चुकी है। गौरतलब है कि गोगिया पर 200 लोगों को झांसा देकर हजार करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप है। इस मामले में कथित तौर पर कई राजनेता और नौकरशाहों के नाम भी लिए जा रहे हैं। इस मामले के मीडिया में सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री ने रायचूरा को हटाने का निर्णय लिया है। हालांकि मीडिया से चर्चा में दीपम रायचूरा इन सारे आरोपों को झूठा करार दे चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि उन्हें किसी जांच एजेन्सी का कोई नोटिस नहीं मिला है। गोगिया को लेकर उन्होंने कहा कि वह उनकी भोपाल पदस्थापना के दौरान उनसे लायसेंसधारी के तौर पर मिला होगा।

मस्क ने फिर कसा तंज

डियर प्राइम मिनिस्टर अंबानी, आप ही भारत के रियल बॉस हैं...

● नई दिल्ली / आरएनएन



मस्क का आरोप, अपना एकाधिकार बनाए रखने के लिए स्टारलिंक का रास्ता रोक रहे हैं अंबानी

दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क भारत में स्टारलिंक को मंजूरी नहीं मिलने को लेकर बौखलाए हुए हैं। इसके लिए वह भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी को जिम्मेदार ठहराते हुए गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इसी कड़ी में मस्क ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार देर शाम एक और सोशल मीडिया पोस्ट कर अंबानी को प्राइम मिनिस्टर संबोधित करते हुए तंज कसा।

उन्होंने आरोप लगाया कि अंबानी भारत में अपना एकाधिकार बनाए रखने के लिए स्टारलिंक का रास्ता रोक रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क ने आरोप लगाते हुए पोस्ट किया और लिखा, डियर प्राइम मिनिस्टर अंबानी, कृपया मेरी विनम्र माफी स्वीकार करें कि मुझे यह एहसास नहीं हुआ कि आप ही भारत के रियल बॉस हैं। जाहिर है, आप भारत के लोगों का एकाधिकार के दम पर शोषण जारी रखना चाहेंगे, लेकिन क्या फिर भी आप स्टारलिंक को मुकाबला करने का मौका देने पर विचार करेंगे?

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा, नियम लागू करें, लेकिन आप सब कुछ नहीं रोक सकते

सीजेपी प्रोटेस्ट से पहले पाबंदियों पर कहा, मक्खी मारने के लिए बड़े हथौड़े का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



आवाजाही नियंत्रित करने का अधिकार लेकिन लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखें

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 10 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन से पहले मेट्रो और ट्रेन बंद करने पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मक्खी मारने के लिए बड़े हथौड़े का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोग अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए दिल्ली आते हैं। कोर्ट ने कहा कि नियम-कायदे लागू किए जा सकते हैं, लेकिन आप सब कुछ रोक नहीं सकते। कोर्ट ने सरकार को मेट्रो स्टेशन बंद करने और नई दिल्ली और निजामुद्दीन स्टेशन पर ट्रेनों को रद्द करने के फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है। यात्रियों की चिंता जाहिर करते हुए कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि सब कुछ बंद नहीं किया जा सकता क्योंकि लोग शहर के हर हिस्से से आते-जाते हैं। कोर्ट ने मेट्रो और ट्रेनों पर लगाई गई पाबंदियों पर फिर से विचार करने को कहा। कोर्ट ने केंद्र से कहा, युवा और बुजुर्ग सभी यात्रा करते हैं। यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं पाने का अधिकार है। (शेष पेज 8 पर)

हर किसी के पास कार नहीं होती... **सुप्रीम** कोर्ट ने साफ किया कि हम प्रर्दशन के मामले को नहीं देख रहे हैं। सिर्फ नागरिकों के लिए सुविधाओं पर विचार रहे हैं। प्रदर्शन से पहले सुरक्षा उपाय लागू करने के अधिकारियों के अधिकार का समर्थन करते हुए, कोर्ट ने आम लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखने को कहा। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हर किसी के पास कार नहीं होती। आप सब कुछ रोक नहीं सकते और लोगों को परिवहन सुविधा के बिना नहीं छोड़ सकते। कोर्ट की टिप्पणियों का जवाब देते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सरकार से सलाह-मशविरा करेंगे और भरोसा दिलाया कि उचित कदम उठाए जाएंगे। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

नंदीग्राम में भाजपा रिकॉर्ड 1.22 लाख वोटों से जीती

नई दिल्ली, आरएनएन। चार राज्यों की 6 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम सीट पर भाजपा प्रत्याशी हसीरानी रथ 1 लाख 22 हजार 753 वोटों से जीत गई हैं। उन्हें कुल 1 लाख 64 हजार 427 वोट मिले। हसीरानी रथ ने 1,22,753 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह 1967 में सीट के अस्तित्व में आने के बाद नंदीग्राम सीट जीत का सबसे बड़ा अंतर है।

इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड 2016 में शुभेंदु अधिकारी के नाम था। तब उन्होंने टीएमसी के टिकट पर सीपीआई के अब्दुल कबीर शेख को 81,230 वोटों से हराया था। इसके अलावा, रेजीनगर सीट पर भाजपा जीत गई है। प्रत्याशी सखाराव सरकार ने 75661 वोट से जीत दर्ज की है। तमिलनाडु की मदुरंतकम और धारापुरम सीटों पर सीएम विजय की पार्टी टीवीके जीत गई है। इसके अलावा पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर एनडीए समर्थित एआईएनआरसी के उम्मीदवार अशोक आनंद जीत गए हैं।

बोलेरो और ट्रक की टक्कर में सात की मौत, 20 घायल

भूज, आरएनएन। गुजरात के पश्चिम कच्छ जिले में खावड़ा के पास स्थित आरई (आरई) पार्क के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बोलेरो कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 7 मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लगभग 20 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई मजदूर ट्रक के नीचे दब गए। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर भारी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रक के नीचे दबे मजदूर जान बचाने के लिए मदद की गुहार लगा रहे थे, जिससे पूरा हाईवे चीख-पुकार से गूंज उठा।

गुजरात के कच्छ में भीषण सड़क हादसा

उपलब्धि पिल्लई ने युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के मामलों में अभियोजन सुनिश्चित करने में भूमिका निभाई

भारतीय मूल की नवी पिल्लई को मिला शांति का नोबेल

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी न्यायविद नवनथेम नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। उन्हें यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय कानून और न्याय को मजबूत करने तथा युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों और नरसंहार के मामलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिए मिला है।

नावी पिल्लई संयुक्त राष्ट्र की पूर्व मानवाधिकार प्रमुख रह चुकी हैं और अंतरराष्ट्रीय न्यायिक संस्थानों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। उनकी उपलब्धि की खास बात यह है कि उनका परिवार भारतीय तमिल मूल का है और उन्होंने रंगभेद के दौर में दक्षिण अफ्रीका में भेदभाव के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी। नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी ने नावी पिल्लई को अंतरराष्ट्रीय कानून और न्याय को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया है। उनके काम का प्रमुख उद्देश्य गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना और मानवाधिकारों की रक्षा करना रहा है। नोबेल कमेटी के अनुसार, पिल्लई ने युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों और नरसंहार के मामलों में अभियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका करियर इस बात का उदाहरण है कि कानून और न्यायिक संस्थाएं हिंसा, भेदभाव और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ किस तरह काम कर सकती हैं। (शेष पेज 8 पर)

दादा बंधुआ मजदूर बनकर गए थे दक्षिण अफ्रीका

नवनथेम नवी पिल्लई का जन्म 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन के क्लेयरवुड इलाके में हुआ था। उनका परिवार भारतीय तमिल मूल का है। उनके दादा 1890 के दशक में भारत से बंधुआ मजदूर बनकर दक्षिण अफ्रीका गए थे। वहां वे गन्ने के खेतों में काम करते थे।नवी पिल्लई ऐसे समय में बड़ी हुईं, जब दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की व्यवस्था के कारण गैर-श्वेत समुदायों को व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ता था। पिल्लई ने कानून की पढ़ाई की और आगे चलकर मानवाधिकारों की रक्षा को अपने करियर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में वकालत करते हुए रंगभेद का विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं का बचाव किया। बाद में वह देश की न्यायपालिका और अंतरराष्ट्रीय न्यायिक संस्थाओं में शीर्ष पदों तक पहुंचीं।

रंगभेद के खिलाफ लड़ी बड़ी कानूनी लड़ाई...

नावी पिल्लई का करियर केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के दौर में उन लोगों का कानूनी पक्ष रखा, जो भेदभावपूर्ण व्यवस्था का विरोध कर रहे थे। वर्ष 1967 में उन्होंने नटाल प्रांत में अपनी वकालत शुरू की और वहां अपनी लॉ प्रैक्टिस शुरू करने वाली पहली महिला बनीं। 1995 में उन्हें दक्षिण अफ्रीका के हाई कोर्ट में कार्यवाहक न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश बनीं। यह उपलब्धि ऐसे दौर में आई, जब देश रंगभेद की व्यवस्था से बाहर निकलकर नए लोकतांत्रिक दौर में प्रवेश कर रहा था। नावी पिल्लई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मानवाधिकारों के लिए काम किया है। जुलाई 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त करने की पुष्टि की थी। उन्होंने 1 सितंबर 2008 से इस पद की जिम्मेदारी संभाली और 2014 तक इस भूमिका में रहीं। इस पद पर रहते हुए उनका काम दुनिया भर में मानवाधिकारों के संरक्षण और उल्लंघनों पर ध्यान दिलाने से जुड़ा था। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों सहित कई मानवाधिकार मुद्दों पर काम किया।

यौन उत्पीड़न में जेएनयू के प्रोफेसर हुए बर्खास्त

11 छात्राओं की शिकायतों पर एबीवीपी ने किया था प्रदर्शन

● नई दिल्ली / आरएनएन

प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम कांग्रेस के सांसद भी हैं

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी ने यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े मामले में प्रोफेसर और कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम को बर्खास्त कर दिया है। जेएनयू ने 9 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश में उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से हटाने की जानकारी दी है।

यह फैसला मामले की जांच और आंतरिक समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। यूनिवर्सिटी के मुताबिक, प्रोफेसर अकोइजाम के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच आंतरिक समिति ने की थी। समिति ने जांच के बाद उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की। (शेष पेज 8 पर)

मध्य प्रदेश के 12 जिलों में 19 ब्लैक स्पॉट होंगे दुरुस्त, 65 करोड़ से ज्यादा खर्च

अधिकांश दुर्घटना संभावित हिस्से एक किलोमीटर तक लंबे, सड़क विकास निगम ने सुधार कार्यों को दी मंजूरी

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता



मध्यप्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 12 जिलों में 19 ब्लैक स्पॉट दुरुस्त किए जाएंगे। इन स्थानों पर सड़क की खामियों को दूर करने और दुर्घटनाओं की आशंका कम करने के लिए 65 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। खास बात यह है कि अधिकांश ब्लैक स्पॉट की लंबाई एक किलोमीटर के आसपास है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों पर दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित कर सुधार कार्यों की योजना तैयार की है। इनमें कुछ स्थानों पर काम शुरू हो चुका है, जबकि 19 ब्लैक स्पॉट के सुधार को मंजूरी मिलने के बाद अब संबंधित एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। इन स्थानों पर लंबे समय से दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। सड़क के इन हिस्सों में सुधार होने से वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन में मदद मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत अलग-अलग जिलों में सड़क के छोटे और बड़े हिस्सों को ठीक किया जाएगा। इन कार्यों पर खर्च होने वाली राशि संबंधित स्थान की लंबाई और सुधार कार्यों के आधार पर अलग-अलग तय की गई है।

खरगोन और रतलाम में सबसे ज्यादा काम

खरगोन और रतलाम जिले में दुर्घटना संभावित स्थानों को सुधारने के लिए कई कार्य प्रस्तावित हैं। रतलाम जिले में जावरा मार्ग पर भीमाखेड़ी कांटा के पास एक किलोमीटर लंबे हिस्से को दुरुस्त करने पर 2.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, दूसरे मार्ग पर सतसा फाटा के पास 700 मीटर लंबे हिस्से के सुधार के लिए 3.25 करोड़ रुपये का प्रावधान बताया गया है। खरगोन जिले में सनावद-खरगोन मार्ग पर उमरिया के आसपास दुर्घटना संभावित हिस्सों को सुधारने की योजना है। यहां अलग-अलग स्थानों पर करीब 650 से 700 मीटर लंबे हिस्सों को ठीक किया जाएगा। एक स्थान पर लगभग 700 मीटर सड़क के सुधार पर 3.35 करोड़ रुपये और दूसरे स्थान पर 700 मीटर हिस्से के लिए 3.38 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का उल्लेख है। इन स्थानों पर अक्सर दुर्घटनाएं होने की जानकारी सामने आई है।

अन्य जिलों में भी सुधरेंगे खतरनाक हिस्से

गुना जिले में आरोन-सिरसी मार्ग पर जला डोंगर के पास 650 मीटर लंबे ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त करने पर 3.29 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सिवनी-बालाघाट मार्ग पर कनकी वांगा मील से मढ़ी तक 850 मीटर हिस्से के सुधार के लिए 2.27 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। सिवनी-कटंगी-बोनकट्टा मार्ग पर अर्जुनाला गांव के पास 650 मीटर हिस्से को सुधारने पर 2.29 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। खंडवा-बैतूलतलाई मार्ग पर विरागदान से जोश पुल तक 700 मीटर सड़क के सुधार पर 3.54 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह अन्य जिलों में भी दुर्घटना संभावित हिस्सों को दुरुस्त करने की योजना है। बड़वानी-अलीराजपुर-बांदपुर मार्ग पर कसरावद पुल से जेतू के बीच 700 मीटर हिस्से के लिए 3.61 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

कहीं 900 मीटर तो कहीं एक किलोमीटर से ज्यादा लंबाई

योजना में कुछ ऐसे हिस्से भी शामिल हैं, जिनकी लंबाई एक किलोमीटर से अधिक है। हरदा-खंडवा मार्ग पर बैतूल कांटा से वन विभाग के नजदीक तक 1040 मीटर लंबे ब्लैक स्पॉट को सुधारने पर 2.08 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का उल्लेख है। वहीं, कुड़ीघाटी पुलिस के पास 900 मीटर हिस्से के सुधार पर 5.21 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अन्य स्थानों पर भी दुर्घटना संभावित हिस्सों को दुरुस्त करने के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है। सड़क विकास निगम की इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना संभावित स्थानों की खामियों को दूर कर सड़क सुरक्षा बेहतर बनाना है। हालांकि, सभी 19 स्थानों के नाम, जिलेवार पूरा विवरण और कुल स्वीकृत राशि की अंतिम पुष्टि के लिए मूल विभागीय सूची आवश्यक होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा के बाद पटवारियों की मांगों पर सहमति

स्वामित्व योजना का फिर से काम शुरू करेंगे पटवारी, बर्खास्तगी-निलंबन में राहत की आस

17 सितंबर के बाद की कार्रवाई होगी शून्य, योजना के तहत न्यायिक संरक्षण के भी आदेश जारी हुए

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

मध्यप्रदेश में स्वामित्व योजना के काम को लेकर सरकार और पटवारियों के बीच चल रहा टकराव खत्म होने की दिशा में बढ़ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ चर्चा के बाद पटवारियों की मांगों पर सहमति बनने का दावा किया गया है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल के अनुसार, 17 सितंबर के बाद की सभी कार्रवाई शून्य करने का निर्णय लिया गया है। स्वामित्व योजना के तहत न्यायिक संरक्षण के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इसके बाद पटवारी संघ ने सोमवार से योजना का काम दोबारा शुरू करने की घोषणा की है।

गौरतलब है कि स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश के 50 लाख ग्रामीण परिवारों की संपत्तियों की निशुल्क रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य है। इस काम में असहयोग को लेकर सरकार और पटवारियों के बीच विवाद बढ़ गया था। कार्रवाई के तहत प्रदेश में 3500 से अधिक पटवारियों को नोटिस जारी किए गए, जबकि 29 पटवारियों को बर्खास्त और 129 से अधिक को निलंबित किए जाने की जानकारी सामने आई थी। परिवीक्षा अवधि में कार्यरत पटवारियों पर भी कार्रवाई की गई थी। इससे नाराज पटवारी संघ लगातार कार्रवाई वापस लेने की मांग कर रहा था।



17 सितंबर के बाद की कार्रवाई शून्य करने का दावा

पटवारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ सकारात्मक चर्चा के बाद मांगों पर सहमति बनी है। स्वामित्व योजना में न्यायिक संरक्षण के आदेश जारी किए गए हैं और 17 सितंबर के बाद की सभी कार्यवाहियां शून्य की जाएंगी। संघ ने इसे विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सोमवार से काम शुरू करने की घोषणा की है।

3500 से अधिक पटवारियों को मिले थे नोटिस: स्वामित्व योजना का काम प्रभावित होने के बाद प्रदेशभर में प्रशासन ने पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। अब तक 3500 से अधिक पटवारियों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा 29 पटवारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया और 129 से अधिक को निलंबित किया गया था। देवास, रतलाम और आगर मालवा सहित कुछ जिलों में परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवाएं समाप्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई थी।

50 लाख परिवारों की संपत्तियों की रजिस्ट्री का लक्ष्य

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों के अभिलेख तैयार कर परिवारों को उनके मकानों का कानूनी दस्तावेज उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। प्रदेश में 50 लाख संपत्तियों की निशुल्क रजिस्ट्री का काम पूरा किया जाना है। पटवारियों के विरोध के कारण इस काम की प्रगति प्रभावित हो रही थी। अब सोमवार से काम दोबारा शुरू होने की घोषणा के बाद योजना को गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि, कार्रवाई शून्य करने के निर्णय के औपचारिक आदेशों और उनके क्रियान्वयन की स्थिति पर आगे नजर रहेगी।

नरसिंहपुर में सशर्त सामूहिक इस्तीफा

सीएम से चर्चा से पहले इधर, नरसिंहपुर जिले में स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री कराने के लिए दबाव बनाने के विरोध में पटवारियों ने कलेक्टर को सशर्त सामूहिक इस्तीफा सौंपे थे। इस्तीफे में कहा गया कि पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है । पटवारियों ने कहा कि वे अपने नियमित शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता से कर रहे हैं, लेकिन संघ के आह्वान के विपरीत काम करने और सेवा शर्तों की अनदेखी कर अतिरिक्त कार्य कराने का दबाव गंभीर चिंता का विषय है।

भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामलों में भी कार्रवाई: पटवारियों के खिलाफ सरकारी कार्रवाई केवल स्वामित्व योजना में असहयोग तक सीमित नहीं है। भोपाल और सीहोर में जमीन के नामांतरण से जुड़े कथित रिश्वतखोरी के पुराने मामलों में पटवारियों के खिलाफ अभियोजन की अनुमति दिए जाने की जानकारी सामने आई है। इन मामलों में जमीन के नामांतरण के बदले कथित रूप से रिश्वत मांगने के आरोप हैं।

सरकार का इंतजार खत्म, नवरात्र में दिल्ली पहुंचेगा नया स्टेट प्लेन

मोहन कैबिनेट ने जुलाई, 2024 में दी थी नया विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी

सरकार ने बॉम्बार्डियर चैलेंजर 3500 विमान खरीदा है, जिसकी कीमत 234 करोड़ है, यह 8 सीटर होगा

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

खुद के सरकारी विमान में सफर करने के सरकार को चंद दिन और इंतजार करना पड़ेगा। सवा दो साल के इंतजार के बाद मप्र सरकार का नया स्टेट प्लेन अगले सप्ताह नवरात्र में नई दिल्ली आएगा और वहां से कस्टम क्लीयरेंस के बाद भोपाल विमानतल पर आ जाएगा। विमानन विभाग ने प्लेन का बीमा कराने के लिए बीमा कंपनियों से दरें बुलाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। प्लेन का बीमा 268 करोड़ रुपए का होगा, जिसमें विमान के अलावा यात्री एवं सामान भी कवर रहेगा। 21 अक्टूबर तक बीमा कंपनियों को अपनी दरें देना होंगी।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मप्र सरकार ने कनाडा की कंपनी से बॉम्बार्डियर चैलेंजर 3500 विमान खरीदा है। इस विमान की कीमत करीब 234 करोड़ रुपए है। यह 8 सीटर विमान होगा। मोहन कैबिनेट ने जुलाई, 2024 में नया विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद विभिन्न औपचारिकताएं करने के बाद नए विमान खरीदी के लिए क्रय आदेश जारी किया गया। तकनीकी कारणों से विमान डिलीवरी में देरी हुई। अधिकारियों का कहना है कि बॉम्बार्डियर चैलेंजर 3500 विमान अपनी श्रेणी में सबसे अधिक एडवांस तकनीक से बना है। इसमें वॉयस कंट्रोल्ड केबिन और हाईटेक सीटें हैं। यह विमान न्यूनतम 4850 फीट से लेकर अधिकतम 41 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ सकता है। अभी सरकारी विमान न होने के कारण मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य अतिविशिष्ट दौरों के लिए निजी चार्टर विमान और हेलीकॉप्टर किराए पर लेने पड़ रहे हैं। विधानसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2021 से नवंबर 2025 के बीच किराए के विमानों पर सरकार 290 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है।



दिसंबर तक नया हेलिकॉप्टर आने के आसार

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक दिसंबर, 2026 तक नए हेलिकॉप्टर की डिलीवरी भी होने के आसार हैं। नए डबल इंजन हेलिकॉप्टर की आपूर्ति के लिए निर्माता कंपनी से अनुबंध किया जा चुका है। नया हेलिकॉप्टर करीब 150 करोड़ रुपए में खरीदा जा रहा है।

मई-2021 में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था सरकारी विमान

मप्र सरकार के पास अभी अपना कोई विमान नहीं है। सरकार पिछले करीब पांच साल से किराए के विमान में हवाई सफर कर रही है। दअरसल, तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने 65 करोड़ रुपए में नया विमान खरीदा था। यह विमान 6 मई, 2021 को ग्वालियर में लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। चूंकि अधिकारी विमान का बीमा कराना भूल गए थे, इसलिए उसको ठीक कराना महंगा पड़ रहा था और खतरे की भी आशंका थी। इसके बाद से तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किराए के विमान से सफर कर रहे हैं। तत्कालीन शिवराज सरकार में वर्ष 2022 में नया विमान खरीदने की तैयारी शुरू हुई थी। इस सिलसिले में कई दौर की बैठकों के बाद यह तय नहीं हो पाया था कि कौन सा विमान खरीदा जाए। मोहन सरकार नया विमान और नया हेलिकॉप्टर खरीदने को लेकर अंतिम निर्णय लेते हुए इस संबंध में तमाम औपचारिकताएं पूरी कर चुकी है। विमान के साथ ही हेलिकॉप्टर की डिलीवरी भी जल्द हो जाएगी।

पुलिस में फेरबदल, दस अफसरों को नई जिम्मेदारी

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने राज्य पुलिस सेवा के 10 अधिकारियों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। अधिकारियों को एएसपी और सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) सहित विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इनको मिली नई पदस्थापना

प्रीतम सिंह बालरे – एआईजी, बालाघाट, मनोहर सिंह गवली – एसपी, अजाक रेंज, नर्मदापुरम, बाबूलाल वर्मा – एसपी, रेडियो मुख्यालय, भोपाल, राम शंकर सिलावट – एआईजी, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, महेंद्र रायपुरिया – एआईजी, भोपाल, ऋतराज गुप्ता – एएसपी, क्यूडी, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, सत्येंद्र कुमार वर्मा – एएसपी, क्यूडी, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, विनोद कुमार दीक्षित – एसपी, विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त, उज्जैन, सतीश कुमार चतुर्वेदी – एआईजी, सागर जोन, बिट्टू शर्मा – एआईजी, पुलिस मुख्यालय, भोपाल।

लोकायुक्त की स्पेशल ड्राइव: दो माह में 240 पुराने ट्रैप केस फाइनल

पांच साल से अधिक पुराने रिश्वतखोरी के मामलों में जुटाए साक्ष्य, 67 प्रकरण अभियोजन स्वीकृति के लिए भेजे

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

लोकायुक्त पुलिस ने सालों से लंबित रिश्वतखोरी के मामलों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत पिछले 60 दिनों में पांच साल या उससे अधिक पुराने 240 ट्रैप केस फाइनल किए गए हैं। इनमें से 67 मामलों को अभियोजन स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों के पास भेज दिया गया है। शेष मामलों को भी अगले 10 दिनों के भीतर स्वीकृति के लिए भेजने की तैयारी है।

लंबित प्रकरणों को निपटाने के लिए पुलिसकर्मियों ने शनिवार-रविवार और अवकाश के दिनों में भी काम किया। कई कर्मचारियों ने प्रतिदिन 12 घंटे से अधिक समय देकर साक्ष्य जुटाने और प्रकरणों को अंतिम रूप देने का काम किया। लोकायुक्त पुलिस आय से अधिक संपत्ति के मामलों में कार्रवाई करने के साथ रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज करती है। कार्रवाई के बाद आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाने, वॉइस सैंपल लेने और अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में समय लगता है। इसके बाद चालान पेश करने के लिए अभियोजन स्वीकृति जरूरी होती है।

स्टाफ की कमी के चलते बड़ी संख्या में ट्रैप केस लंबे समय से लंबित थे। हाल ही में हुई समीक्षा के बाद लोकायुक्त पुलिस के महानिदेशक योगेश देशमुख ने इन मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। इसके बाद विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों में साक्ष्य जुटाने और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करने का काम तेज किया गया। अब इन मामलों को अभियोजन स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। स्वीकृति मिलने के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किए जाएंगे।

डीएसपी के 15 और इंस्पेक्टर के 26 पद खाली

लोकायुक्त पुलिस में अधिकारियों की कमी भी लंबित मामलों की बड़ी वजह रही है। विभाग में डीएसपी के 33 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 18 पद भरे हुए हैं। इसी तरह इंस्पेक्टर के 51 स्वीकृत पदों में से सिर्फ 25 पर अधिकारी तैनात हैं। यानी दोनों प्रमुख श्रेणियों में आधे से भी कम पद खाली नहीं, बल्कि लगभग आधे पद ही भरे हुए हैं। रिक्त पदों को भरने के लिए लोकायुक्त पुलिस ने शासन को फिर प्रस्ताव भेजा है। लोकायुक्त पुलिस का दावा है कि विस्तृत जांच और साक्ष्यों के आधार पर अदालत में चालान पेश किए जाने के कारण उसके मामलों में सजा की दर लगभग 70 फीसदी है। विभाग का मानना है कि लंबित मामलों के तेजी से निराकरण से भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को गति मिलेगी और आरोपियों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

अगले 10 दिन में सभी मामले भेजेंगे

लोकायुक्त पुलिस के महानिदेशक योगेश देशमुख ने कहा कि अगले 10 दिनों के भीतर सभी लंबित मामलों को अभियोजन स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया जाएगा। स्वीकृति मिलते ही इन मामलों में आरोपपत्र दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी घोटाले की निष्पक्ष जांच के लिए SIT गठित करें

जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भोपाल, रासं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर नाइट क्लब, रेस्टोरेंट और रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े कथित एक हजार करोड़ रुपए के आबकारी घोटाले की निष्पक्ष जांच के लिए स्वतंत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है। पटवारी ने पत्र में दावा किया कि मामले के आरोपी मोहित गोगिया ने जांच एजेंसियों को दिए बयान में वर्ष 2024-25 में शराब दुकानों के ठेके दिलाने और टेंडर जारी करने के एवज में कथित तौर तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा पर एक करोड़ रुपए लेने के आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक सफाई पर्याप्त नहीं है। पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में हो। पटवारी ने शराब ठेकों की निविदा प्रक्रिया, बैंक एफडीआर, कथित 50-50 लाख रुपए के भुगतान और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच कराने की मांग भी की।

सेवा संकल्प सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम में हेमंत खण्डेलवाल बोले- देश की युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण में निभाएगी अहम भूमिका

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नए दौर में प्रवेश कर चुका है: सीएम

● भोपाल / राजनीतिक संवाददाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। मध्यप्रदेश भी उनके मार्गदर्शन में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। युवाओं और बच्चों की ऊर्जा, प्रतिभा और संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भगवान श्रीराम मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विकसित भारत के संकल्प पर आधारित विशाल रंगोलियों का अवलोकन किया। बच्चों ने इन रंगोलियों के माध्यम से विकसित भारत-2047 की परिकल्पना, राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति अपने भावों को अभिव्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव को एक माह तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। रंगोली भारतीय संस्कृति, परंपरा और रचनात्मकता का प्रतीक है। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प और उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत की है। उनकी कलाकृतियां देश के प्रति प्रेम और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की भावना को दर्शाती हैं।



युवा शक्ति की ऊर्जा से साकार होगा विकसित भारत का सपना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बच्चों ने रंगोलियों के माध्यम से विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने का प्रेरक संदेश दिया है। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को जिस सुंदरता से प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई उनकी जनसेवा की यात्रा आज देश को विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ा रही है।

भारत के नक्शे के आकार में बनाई रंगोली

कार्यक्रम में बच्चों ने भारत के नक्शे के आकार में मानव रंगोली बनाई। मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया और रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। इस दौरान स्टेडियम भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। युवाओं ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई और वी विल डू इट के नारे लगाए। इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, कृष्णा गौर, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, संभाग प्रभारी अभय यादव, तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय तथा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राज एक्सप्रेस
शनिवार, 10 अक्टूबर 2026
सूर्यास्त (शनिवार): 06:01
सूर्योदय (रविवार): 06:14
महानगर
तापमान अधिकतम 35.4° न्यूनतम 20.5°
भोपाल 3
www.rajexpress.com

दामखेड़ा इलाके में सूचना पर तड़के चार बजे पुलिस ने दी दबिश, मिले पशु अवशेष

कलियासोत किनारे डेयरी की आड़ में हो रही थी गौकशी 3 गिरफ्तार, बुलडोजर से ढहाई डेयरी, मवेशी किए जब्त

मांस लेकर भागे आरोपी, विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोलार थाने पर किया प्रदर्शन, सख्त कार्रवाई की मांग

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

कोलार के दामखेड़ा में कलियासोत नदी किनारे शुक्रवार सुबह गौकशी की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई के बाद उस डेयरी पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज़ कर दिया गया है। तड़के पुलिस टीम ने परिसर में दबिश देकर पशु अवशेष जब्त किए और आरोपी गब्बर यादव, मुन्ना यादव और आसिफ खान को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कोलार थाने के बाहर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के साथ डेयरी को भी हटाया जाए। बाद में नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में निर्माण ध्वस्त कर दिया। वहीं कांग्रेस ने भी इस मसले पर पुलिस को ज्ञापन सौंपकर मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

पुलिस ने अनुसार, फरियादी रामजी पाठक को शुक्रवार तड़के गौसेवकों ने सूचना दी थी कि अमरनाथ कॉलोनी के आगे नदी किनारे स्थित डेयरी में गाय काटी जा रही है। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। वहां नदी किनारे कथित तौर पर गोवंश का वध किया जा रहा था। लोगों को देखकर मौके पर मौजूद लोग भागने लगे।

इस दौरान गब्बर यादव, मुन्ना यादव और आसिफ खान को पकड़ लिया गया, जबकि उनके अन्य साथी कथित गोमांस लेकर चार पहिया वाहन से भाग निकले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डेयरी परिसर की तलाशी ली। वहां से मिले पशु अवशेष जब्त कर जांच के लिए जहांगीराबाद स्थित पशु चिकित्सालय भेजे गए हैं। जांच से स्पष्ट होगा कि अवशेष किस पशु के हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि अन्य अवशेष कहीं और तो नहीं फेंके गए और कथित गतिविधि में कितने लोग शामिल थे। फिलहाल पुलिस ने गब्बर यादव, मुन्ना यादव और आसिफ खान को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी के संबन्ध में पूछताछ की जा रही है। जब्त अवशेषों की जांच रिपोर्ट और विवेचना के बाद ही कथित गौकशी से जुड़े आरोपों की स्थिति स्पष्ट होगी।

निगम पहले भी कर चुका कार्रवाई: डेयरी लंबे समय से नदी किनारे संचालित थी। नगर निगम पहले भी यहां कार्रवाई कर चुका था, लेकिन इसके बाद भी संचालन दोबारा शुरू हो गया। एक बार फर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटा दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

1 ढहाया ठिकाना...



2 गिरफ्त में आरोपी..



3 जताया विरोध...



हिन्दू संगठनों ने ज्ञापन सौंपा

सुबह करीब छह बजे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल, नया भोपाल के कार्यकर्ता डेयरी पहुंचे। बाद में उन्होंने कोलार थाने के बाहर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, डेयरी हटाने और क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा।

रोशनपुरा से हटाकर अमरनाथ गेट के आगे विस्थापित की थी डेयरी

कोलार के दामखेड़ा में गौकशी की शिकायत के बाद शुक्रवार को नगर निगम ने डेयरी तोड़ दी। वहीं डेयरी के सभी 49 पशुओं को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि इस डेयरी को रोशनपुरा से विस्थापित कर अमरनाथ गेट के आगे शिफ्ट किया था। तभी से यह संचालित थी। दरअसल, शुक्रवार को कोलार में एक डेयरी में गोवंश को काटने के मामले में हंगामा हो गया। गौरक्षकों की शिकायत के बाद पुलिस ने डेयरी संचालक और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नगर निगम ने डेयरी को तोड़ते हुए पशुओं को जब्त कर लिया। नगर निगम के जोन 18 के प्रभारी एएचओ मधुसूदन तिवारी ने बताया कि विस्थापन वाली जगह में यह डेयरी लंबे समय से संचालित थी। पहले यह डेयरी रोशनपुरा पर संचालित हो रही थी। जिला प्रशासन ने इसे अमरनाथ गेट के आगे विस्थापित किया था। नगर निगम की परियोजना शाखा प्रभारी सुमंदर शर्मा के मुताबिक शुक्रवार को कोलार से 49 पशुओं को जब्त कर अरवलिया कांजी भेजा गया है। इनमें 18 भैंस, 11 बछिया, 8 बछड़े, 7 पड़िया और 5 पड़े शामिल हैं। इन्हें तीन ट्रकों में भरकर भेजा गया है। नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने पुलिस से मिली शिकायत के बाद डेयरी को तोड़ दिया। वहीं सामान जब्त कर स्टोर भेजा। अमले ने यहां से बड़ी संख्या में बांस-बल्ली, पशुओं को बांधने में उपयोग खूंटी और लोहे के पलंग जब्त किए हैं।

आरोपियों से रिमांड पर हो रही पूछताछ

डीसीपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 11 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है। उनसे पूछताछ की जाएगी, डेयरी की आड़ में कब से यह धंधा चल रहा था, कथित मांस कहां सप्लाई किया जाता था, फरार आरोपियों का नेटवर्क और वारदात में इस्तेमाल कार के संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी।

कोलार कांग्रेस ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग: कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कोलार में हुई गौकशी मामले में मुख्यमंत्री के नाम एसीपी चूनाभट्टी आलोक श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना की उपस्थिति में कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि कोलार के गोवंश मामले में दोषियों पर कड़ी कार्यवाही एवं जोन 18 के एएचओ सहित नगर निगम अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए।

सतपुड़ा भवन में एनआईसी से एसी कॉपर पाइप चोरी

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

सतपुड़ा भवन में स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) में चोरों ने एसी के कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए। वारदात 12 से 14 सितंबर के सार्वजनिक अवकाश के दौरान प्रथम तल पर स्थित एनआईसी के राज्य केंद्र में हुई। यहां सरकारी विभागों की डिजिटल सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण सर्वर और आईटी उपकरण स्थापित हैं। ऐसे संवेदनशील परिसर में छुट्टियों के दौरान चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक है। पाइप कटने से एसी बंद हो गए, जिससे कार्यालय का कामकाज प्रभावित हुआ। हालांकि, सर्वर या महत्वपूर्ण दस्तावेजों के चोरी होने की पुष्टि नहीं हुई है।

सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल तीन दिन की छुट्टियों के दौरान वारदात

पुलिस के अनुसार, एनआईसी के निदेशक एवं सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने घटना के 28 दिन बाद 5 अक्टूबर को अरेरा हिल्स थाने में शिकायत की है। उन्होंने बताया कि चोर प्रथम तल पर कार्यालय के बाहरी गलियारे में लगे एसी के कॉपर पाइप काटकर ले गए। संस्थान ने शिकायत में यह भी बताया कि सुरक्षा उपाय किए जाने के बावजूद चोरी की घटनाएं होना चिंता का विषय है।

NIC में सर्वर और महत्वपूर्ण आईटी उपकरण मौजूद

एनआईसी में सरकारी विभागों की डिजिटल सेवाओं से जुड़े सर्वर और महत्वपूर्ण आईटी उपकरण मौजूद हैं। ऐसे में परिसर में अनधिकृत प्रवेश रोकने, अवकाश के दौरान निगरानी और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए है। एएसआई कौशल पाल का कहना है घटनास्थल और उसके आसपास सीसीटीवी कैमरे ही नहीं है।

बागसेवनिया समेत 70 क्षेत्रों में आज बिजली गुल रहेगी

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी के करीब 70 इलाकों में शनिवार को 4 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शीतल नगर, पीजीबीटी कॉलेज रोड, जज कॉलोनी, अमलतास कॉलोनी, डॉक्टर कॉलोनी, ईदगाह, मीनाक्षी रेजीडेंसी, प्रभु नगर, ई-1, 2 और 3 सेक्टर, बिट्टन मार्केट, परिजात कॉम्पलेक्स, 7 नंबर स्टॉप । सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक नदीम रोड, इब्राहिमपुरा, यूनानी सफाखाना, मारवाड़ी रोड। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक अंसल ग्रीन, जानकी अपार्टमेंट, फाइन एवेन्यू, गेहूंखेड़ा, तहसील कार्यालय, वंदना नगर, मधुबन हाइट्स, सांई रेजीडेंसी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक गोविंदपुरा मार्केट, गोविंद गार्डन कॉलोनी, मिनाल, गीत गणेश, आदित्य परिसर, दुर्गेश विहार, नैना गिरी, छत्रसाल, नरेला शंकरी, बालाजी नगर, चाणक्यपुरी, राज सम्राट कॉलोनी, न्यू सुभाष नगर, अर्जुन नगर, चंबल कॉलोनी, शालीमार कॉम्पलेक्स, अशोका इन्क्लेव, बाग दिलकुशा, पुल बोगदा। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रीगल स्टेट, रॉयल होम्स, एम्राड कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बाग सेवनिया। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक सीहोर नाका, नगर निगम कॉम्पलेक्स, स्टेशन रोड, भैंसाखेड़ी, मंडी बैरागढ़ । दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक रेतघाट, हाथीखाना, चार बत्ती, बुधवारा,इतवारा चौकी, इस्लामपुरा, लव-कुश अपॉर्टमेंट में बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी। ।



पटाखा मार्केट की शिफ्टिंग में अब आदेश का इंतजार

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

लालघाटी और हलालपुर में स्थित पटाखा दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर एसडीएम कार्यालय में सुनवाई पूरी हो चुकी है। सुनवाई के दौरान व्यापारियों ने भी अपना पक्ष रख दिया है। मामले में एसडीएम कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। दरअसल हाईकोर्ट ने पटाखा दुकानों की शिफ्टिंग और सीलिंग पर पिछले दिनों स्टे दिया था। अभी हाईकोर्ट का विस्तृत आदेश आना बाकी है। एसडीएम कोर्ट को भी हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार है। हाईकोर्ट के आदेश का परीक्षण करने के बाद ही एसडीएम इस संबंध में निर्णय देंगे।

एसडीएम कार्यालय में हुई सुनवाई पूरी

गौरतलब है कि पिछले दिनों एक पटाखा दुकान पर भीषण आग लगने के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच की थी। इसमें पाया गया था कि कई पटाखा व्यापारियों ने लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन किया है। व्यापारियों ने अपनी दुकानों का निर्धारण एरिया बढ़कर उसका विस्तार कर लिया है। वर्ष 1997 में कबाड़खाना से पटाखा मार्केट को हलालपुर, में शिफ्ट किया गया था उस दौरान वहां पर कोई भी रहवासी बस्ती नहीं थी। वर्तमान में पटाखा दुकानों के नजदीक पेट्रोल पंप, शादी हाल और रहवासी बस्ती स्थित है। इस कारण स्थानीय लोगों ने भी पटाखा दुकानों को कहीं और शिफ्ट करने की मांग की। प्रशासन में पटाखा व्यापारियों की एनओसी पहले ही रद्द कर दी थी। हालांकि अभी लाइसेंस निरस्त नहीं किया गया है। अब शिफ्टिंग और सीलिंग के मामले में हाई कोर्ट के आदेश और एसडीएम न्यायालय के निर्णय पर सब की निगाहें टिकी हुई हैं।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
राजधानी में प्राइम लोकेशन पर
हाउसिंग बोर्ड का
प्लॉट खरीदने का सुनहरा अवसर
RERA No. : P-BPL-25-5410
ऑनलाइन ई-ऑफर सुविधा
www.mphousing.in
www.mponline.gov.in पर उपलब्ध
भूखण्ड का अपसेट मूल्य
₹120.96 लाख से शुरू
"सैफायर पार्क सिटी"
80 फीट मुख्य मार्ग कटारा हिल्स पर
आवासीय भूखण्ड
लोकेशन के लिए स्कैन करें

भूखंडों का प्रकार	एच.आई.जी. (ए)	एच.आई.जी. (बी)	एच.आई.जी. (सी)
उपलब्ध भूखंडों की संख्या	06	49	02

नियम एवं शर्तें-
नियम एवं शर्तें :- 1. ऑफर स्वीकृत होने पर ऑफर मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 किस्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। 2. संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राषि की 50% राशि जब्त कर ली जावेगी। 3. ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। 4. समस्त कर एवं जी.एस.टी. शासन/मण्डल के नियमानुसार पृथक से देय होगा। 5. शासन /मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेंट एवं भूखण्डों के मूल्य का 5% कार्पस फंड पृथक से देय होगा। 6. मण्डल/शासन के नियम व शर्तें लागू। 7. भूखण्ड का आकार कम/अधिक होने पर अपसेट मूल्य के अनुपात में राशि देय होगी।
आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 04/11/2026, ऑफर डालने की तिथि 05/11/2026 सायं 5.00 बजे तक। ऑफर दिनांक 06/11/2026 को सायं 3.00 बजे Online खोले जावेंगे। आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि Online Portal से जमा होगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होंगी। योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in पर उपलब्ध।
(एम.सी.घनघोरिया)
कार्यपालन यंत्री, संभाग-02, भोपाल
M.P. Madhyam/128502/2026
संपर्क सूत्र: मो. नं.- 9425148302, 9981619135, 9301302433, 9755705929

धोखाधड़ी 150 रुपए देकर जीता भरोसा, रकम निकालने के नाम पर कराए ट्रांजेक्शन

ऑनलाइन टास्क में कमाई का लालच देकर युवक से 5.58 लाख रु. की ठगी

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

नौकरी की तलाश कर रहे युवक को ऑनलाइन टास्क के जरिए कमाई का लालच देकर साइबर ठगों ने 5.58 लाख रुपए की चपत लगा दी। आरोपियों ने शुरुआत में गूगल पर अलग-अलग ब्रांड को रेटिंग और रिव्यू देने का काम दिया। इसके बदले युवक को भुगतान भी किया, जिससे उसे भरोसा हो गया। बाद में टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर अधिक कमाई का लालच दिया और टास्क पूरा करने व फंसी रकम वापस दिलाने के नाम पर अलग-अलग खातों से पैसे ट्रांसफर कराते रहे। ठगी का पता चलने पर युवक ने बागसेवनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



पुलिस के अनुसार, दानिश नगर निवासी 31 वर्षीय प्रखर कोटवाला ने नौकरी की तलाश में नौकरी डॉट कॉम और लिंक्डइन पर अपना रिज्यूमे अपलोड किया था। 21 सितंबर को उसके वाट्सऐप पर अज्ञात व्यक्ति का मैसेज आया। उसने खुद को डिजिटल अड्डा मार्केटिंग एजेंसी से जुड़ा बताया और ब्रांड को ऑनलाइन रेटिंग देने के बदले पैसे कमाने का प्रस्ताव दिया। शुरुआती टास्क पूरे करने पर प्रखर के खाते में 150 रुपए जमा किए गए। इसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ज्यादा कमाई के लिए रकम लगाने को कहा गया। शुरुआत में कुछ ट्रांजेक्शन के बदले उसे भुगतान मिला, लेकिन बाद में बड़ी रकम जमा कराने के बावजूद पैसे लौटाने से इनकार कर दिया गया। आरोपियों ने सर्वर में खराबी बताकर रकम फंसने का बहाना बनाया और पैसे वापस दिलाने के लिए और टास्क पूरे करने को कहा। 23 और 24 सितंबर को युवक ने अपने बैंक खातों के साथ पिता के खाते से भी अलग-अलग ट्रांजेक्शन किए। इस तरह कुल 5,58,880 रुपए ट्रांसफर कराए गए।

आरटीओ चालान की एपीके फाइल भेजी, लगाई 40 हजार की चपत

शक्ति नगर निवासी 59 वर्षीय पुनीत दीक्षित को 30 सितंबर को व्हाट्सऐप पर आरटीओ चालान का मैसेज भेजा गया। लिंक की जगह भेजी गई एपीके फाइल खोलने के बाद उनके मोबाइल से छेड़छाड़ कर बैंक खातों से 40,002 रुपए निकाल लिए गए। 6 अक्टूबर की रात पीएनबी से 30,001 और एसबीआई खाते से 10,001 रुपए निकाले गए। पीड़ित की शिकायत पर गोविंदपुरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

कपड़े और हैंपर बुकिंग के नाम पर छात्रा से 32 हजार की ठगी

कोलार रोड स्थित हॉस्टल में रहने वाली 20 वर्षीय संस्कृति शर्मा से कपड़े और हैंपर बुक करने के नाम पर 32,137 रुपए की साइबर ठगी हो गई। छात्रा ने 8 सितंबर को इंस्टाग्राम के जरिए सामान बुक किया था। इसके बाद व्हाट्सऐप पर मिले क्यूआर कोड पर पहले 599 रुपए भेजे। अगले दिन अलग-अलग रकम भेजने का मैसेज आया। भुगतान के बाद खाते से छह ट्रांजेक्शन में 32,137 रुपए कट गए। कॉल नहीं उठने पर छात्रा ने 1930 पर शिकायत की।

1.30 करोड़ की लागत से साकार होगी बाबा सोमनाथ मंदिर की झांकी

42 कारीगर तीन माह से कर रहे निर्माण, 45 से 48 मूर्तियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र



भोपाल (आरएनएन)। बिट्ठल मार्केट हाट बाजार में जय मां वैष्णो दुर्गा उत्सव एवं श्री राम रसोई समिति के 24वें नवरात्र आयोजन में इस वर्ष करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बाबा सोमनाथ मंदिर की भव्य झांकी तैयार की जा रही है। समिति संयोजक हरिओम खटीक ने बताया कि झांकी के निर्माण में कोलकाता के 42 कारीगर पिछले तीन माह से जुटे हैं। इसमें 45 से 48 आकर्षक मूर्तियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी। समिति के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता, सुनील पांडे, संयोजक हरिओम खटीक एवं झांकी अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि झांकी के माध्यम से बाबा सोमनाथ मंदिर की भव्यता, आध्यात्मिक महत्ता और सनातन संस्कृति को दर्शाया जाएगा। पंडाल में भगवान गणेश, सूर्य देव, बाबा सोमनाथ के भव्य गर्भगृह और मां जगत जननी दुर्गा के दर्शन होंगे।

अतिक्रमण कार्रवाई रोकने पर पूर्व पार्षद पति को एक साल की सजा

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती डिम्पल कश्यप की अदालत ने अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई को रोकने के आरोपी पूर्व पार्षद पति को दोषी ठहराते हुए उन्हें एक साल के साधारण कारावास और डेढ़ हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील एडीपीओ सुमीत मारन ने बताया कि नगर निगम वार्ड क्रमांक 63 के रत्नागिरी कालोनी इलाके के दुर्गा पार्क के चारों ओर अवैध रूप से सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अर्चना पटेल नामक महिला ने सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत की थी। नगर निगम के अपर आयुक्त के आदेश पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर निगम के कर्मचारी अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। नगर निगम वार्ड क्रमांक 63 की तत्कालीन पार्षद के पति सरदार कैथोरिया और उनके साथियों ने नगर निगम के कर्मचारियों को अतिक्रमण हटाने से रोक दिया था।

पुलिस थाना पिपलानी ने फरियादी नगर निगम के सहायक यंत्री एके साहनी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा-147,353 और 186 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच के बाद जिला अदालत में चालान पेश किया था।

ब्रीफ न्यूज



नए ध्यान केंद्रों का किया शुभारंभ

भोपाल । ध्यान और आनंदित चेतना के लिए मुख्य केंद्र भोपाल के मार्गदर्शन में निरंतर गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आचार्य मां आनंद असीमा, मां श्रिया, श्रीकांत और रमेश के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। वहीं दूसरी ओर बालाघाट और बुरहानपुर अंबाडा में नए ध्यान केंद्रों को स्थापित कर संस्था को नई मजबूती प्रदान की गई है। स्वामी ध्यान शिखर व स्वामी प्रेम दिनकर को जिला संयोजक, बुरहानपुर, अंबाडा और स्वामी मनोज चौहान को बालाघाट संयोजक के रूप में जिम्मेदारी दी गई है।

फिर दो मकान खाली करवाए गए

भोपाल। शुक्रवार को नगर निगम के हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट इंद्रा नगर फेस-1 में दो डिफाल्टरों को बाहर निकाला। वहीं चार लोगों का बैंक से सेटलमेंट करवाया। कार्यवाही के दौरान बैंक के अधिकारी, निगम का अतिक्रमण अमला और पुलिस बल भी मौजूद था। बताया जाता है कि बीएसयूपी के 12 नंबर स्टॉप के पास स्थित इंदिरा नगर फेस-01 प्रोजेक्ट में स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाईनेंस से घोषित एनपीए ऋणधारियों से आवास रिक्त कराए गए। कार्यवाही के दौरान 4 ऋणधारियों ने स्थल पर ही बैंक की बकाया राशि का भुगतान कर लोन का सेटलमेंट किया गया।

नामवर शायरों से सजी महफिल

भोपाल। तहजीब फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को रंगश्री लिटिल बैले, स्मार्ट सिटी रोड पर आयोजित अखिल भारतीय मुशायरे में देशभर से आए नामवर शायरों ने अपने कलाम से महफिल को यादगार बना दिया। शेरो-शायरी के दौर में श्रोताओं ने जमकर दाद दी। मुशायरे में जौहर कानपुरी, शाहिद अंजुम, डॉ. महेंद्र सिंह समीर, आलोक आरील, सरवर कमाल, राजेंद्र गटानी, साजिद प्रेमी, डॉ. सैफ़ी सरवंजी, सत्येंद्र भारल, सरवर हबीब, डॉ. अंबर आबिद, प्रो. गौसिया सबीन, अस्तुति अग्रवाल, सलीम सरमद, एस.एम. मुबशिर और औरंगजेब आजम सहित शायरों ने अपनी रचनाएं पेश कीं।

एमएसपी पर पर धान बेचने 6.77 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

भोपाल, प्रसं । खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए प्रदेश में अब तक लगभग 6.80 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें धान उत्पादक 6.77 लाख और मोटा अनाज उत्पादक 13 हजार किसान शामिल हैं। पंजीकृत किसानों का कुल रकबा 10.88 लाख हेक्टेयर है। खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारियों से चर्चा कर पंजीयन की स्थिति और तकनीकी समस्याओं की समीक्षा की। किसान 10 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

गोपलानी बने इंटरनेशनल डायरेक्टर विश्व सिंधी सेवा संगम में नियुक्ति

संत हिरदाराम नगर। वरिष्ठ समाज सेवी एवं जाने माने कारोबारी तथा देश विदेश के अनेक सामाजिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े श्याम गोपलानी को सिंधी सेवा संगम का इंटरनेशनल डायरेक्टर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संगम के इंटरनेशनल चेयरमैन मुम्बई के राजू मनवानी ने श्याम गोपालानी की समाज व संगठन के प्रति सेवाओं को देखते हुए इंटरनेशनल अध्यक्ष विजय पाहूजा की सहमति से की है। इस नियुक्ति पर उन्हें सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी ईश्वरदास झामनानी, राजेन्द्र मनवानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, सुरेश जसवानी, नरेश चोटरानी, त्रिलोक दीपानी आदि ने बधाई देते हुए राजू मनवानी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

युवा कवि इन्द्र सिंह अरसेला की पुस्तकों का लोकार्पण आज होगा

भोपाल । कवि इन्द्र सिंह अरसेला की दो पुस्तकों का 10 अक्टूबर को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में लोकार्पण किया जाएगा । वागर्थ समूह द्वारा आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि नवगीत समालोचक वीरेन्द्र आस्तिक(कानपुर) होंगे । वरिष्ठ गीतकार मयंक श्रीवास्तव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि गीतकार कांति शुक्ला और वीरेन्द्र निर्झर सारस्वत अतिथि होंगे । वागर्थ के संस्थापक मनोज जैन ''मधुर'' ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ रामवल्लभ आचार्य, ऋषि श्रृंगारी, राजेंद्र शर्मा, किशन तिवारी, राजेन्द्र गट्टानी, ममता वाजपेयी सहित कई गीतकार और ग़ज़लकार रचनाओं का पाठ भी करेंगे ।

आज मंत्रालय का घेराव करेंगे कर्मी

भोपाल। निजीकरण और ठेका व्यवस्था के विरोध में अस्थायी और आउटसोर्स कर्मचारी शनिवार को एक बार फिर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। 28 सितंबर को भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन के बाद अब कर्मचारी 10 अक्टूबर को मंत्रालय का घेराव करेंगे। प्रदेशभर के कर्मचारी रानी कमलापति स्टेशन के बाहर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के पास एकत्र होंगे और वहां से रैली निकालकर वल्लभ भवन की ओर बढ़ेंगे। पुलिस ने जहां रोका, कर्मचारी वहीं धरने पर बैठ जाएंगे। आंदोलन में विभिन्न विभागों के आउटसोर्स, ठेका और कंपनी कर्मचारियों के शामिल होंगे।

▶ मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट-2026 : 177 स्टॉलों पर लोक संस्कृति और पर्यटन के रंग

रंग भी, स्वाद भी, पर्यटन के नए ख्वाब भी... एमपी ने मोह लिया रे!

2028 का पर्यटन रोडमैप होगा तैयार, 3 जी फॉर्मूले पर होगा काम—गाइड, गाइडलाइंस और गियर

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

कहीं लोक संगीत की धुनों पर ग्रामीण संस्कृति के रंग बिखरे, तो कहीं मिट्टी के बर्तन बनाते शिल्पकारों ने मेहमानों का ध्यान खींचा। बैलगाड़ी की सवारी से गांवों की जीवनशैली का अनुभव मिला, तो एआई मोगली पर्यटकों की पसंद के मुताबिक सैर-सपाटे का प्लान बनाने में मदद करता नजर आया। शुक्रवार को मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट-2026 के तीसरे दिन पर्यटन के ऐसे ही अनूठे रंग देखने को मिले। इस दौरान प्रदेश के पर्यटन कारोबार को नई दिशा देने के लिए वर्ष 2028 का रोडमैप तैयार करने की जानकारी भी दी गई। इसमें निवेश की प्रक्रियाएं आसान बनाने से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पर्यटन के अवसर पहुंचाने पर जोर रहेगा।

निवेश की राह होगी आसान, गांवों तक पहुंचेंगे अवसर : बीटूबी बैठकों के बाद आयोजित समारोह में पर्यटन सचिव एवं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करना प्राथमिकता है। इसके लिए 3जी यानी गाइड, गाइडलाइंस और गियर पर काम किया जा रहा है। निवेशकों को अनुकूल नीतिगत वातावरण उपलब्ध कराने के साथ व्यावसायिक प्रक्रियाएं सरल की जाएंगी। पर्यटन नीति के जरिए बड़े निवेशकों के साथ स्थानीय उद्यमियों, ग्रामीण समुदायों और होमस्टे संचालकों को भी पर्यटन अर्थव्यवस्था से जोड़ने पर जोर है। इससे रोजगार के अवसर दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच सकेंगे।

एआई मोगली से पसंद के मुताबिक सैर-सपाटे की प्लानिंग, मां की रसोई में देसी व्यंजनों की महक



बैलगाड़ी से होमस्टे तक गांवों का सुकून

ट्रैवल मार्ट के 177 स्टॉलों पर पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी, हस्तशिल्प और ग्रामीण जीवन की विविधता देखने को मिली। पर्यटन ग्राम पंचवटी में लोक संगीत, बैलगाड़ी की सवारी, मिट्टी के बर्तन बनाने की कला और पारंपरिक होमस्टे आकर्षण का केंद्र रहे। बाघ प्रिंट, चंदेरी साड़ियां, भील कला और बटिक प्रिंट ने प्रदेश की शिल्प परंपरा की झलक दिखाई। वहीं, मध्यप्रदेश पर्यटन पवेलियन में डिजिटल स्क्रीन और इंटरैक्टिव कियोस्क के साथ एआई अवतार मोगली विशेष आकर्षण रहा। यह पर्यटकों से संवाद कर उनकी रुचि के अनुसार पर्यटन स्थलों की जानकारी देने और यात्रा कार्यक्रम तैयार करने में सहायता करता है।

मां की रसोई का देसी जायका मेहमानों को भाया, पर्यावरण का भी रखा ख्याल

देश-विदेश से आए मेहमानों के लिए मां की रसोई में कोदो मेथी भात, मट्ठे के आलू, चक्की का साग और मिलेट ब्रेड जैसे पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। मेहमानों के आवागमन में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर जोर रहा। तीसरे दिन स्टॉल डिजाइन, पर्यावरण-अनुकूल पहल, पर्यटन की विषयगत प्रस्तुति और पारंपरिक हस्तशिल्प के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। आयोजन समिति के 36 सदस्यों और 52 प्रायोजकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में ट्रैवल मार्ट पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।

एक नजर में : इन्हें मिले पुरस्कार

- **सर्वश्रेष्ठ टेबल स्पेस:** टूरिज्म विलेज धोबा प्रथम, वीवर्स पैराडाइज द्वितीय।
- **स्टॉल डिजाइन (6 वर्गमीटर):** बैम्बू राज प्रथम, जिप्सी एडवेंचर्स द्वितीय।
- **स्टॉल डिजाइन (9 वर्गमीटर):** कुनो रिसॉर्ट प्रथम, यारनगर जंगल रिसॉर्ट द्वितीय।
- **स्टॉल डिजाइन (9 वर्गमीटर से अधिक):** एमपी एस्केप्स प्रथम, शंभाला द्वितीय।
- **पर्यावरण-अनुकूल स्टॉल:** वैन वाइब प्रथम।
- **विषयगत प्रस्तुति:** एमपी टूर्स और ट्रैवलिशियस एमपी संयुक्त प्रथम।
- **कला एवं शिल्प:** जरी-जरदोजी में ताजवर खान प्रथम और वुड क्राफ्ट में रीना भूरिया द्वितीय।

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या आज, भूले-बिसरे लोगों का किया जाएगा श्राद्ध

भोपाल (आरएनएन)। पितृपक्ष के अंतिम दिन शनिवार को पितृ मोक्ष अमावस्या होगी। यह दिन पितरों की विदाई का भी होता है। इस अमावस्या का खास कर उन लोगों को विशेष इंतजार रहता है, जिन्हें अपने किसी पितृ की तिथि ज्ञात नहीं है। शास्त्रों में ऐसे देवलोक गमन करने वाले पितरों के निमित्त इसी दिन तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध करने का उल्लेख है। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या (महालया अमावस्या) 10 शनिवार को है। इस दिन शनि अमावस्या (शनिश्चरी अमावस्या) का भी दुर्लभ संयोग बन रहा है। पितरों के निमित्त सर्वाधिक कर्मकांड शनिवार को पितृ मोक्ष अमावस्या पर होंगे। पितृ-मोक्ष अमावस्या पर शीतलदास की बगिया गिन्नौरी, छोटी झील पर स्थित काली मंदिर घाट कंठाली, माता मंदिर घाट, खटलापुरा घाट व गायत्री शक्ति पीठ सहित बुदनी मां नर्मदा घाट पर बड़ी संख्या में लोग तर्पण कर अपने पितरों से क्षमायाचना के साथ विदाई देंगे।

शीतलदास की बगिया होशंगाबाद नर्मदा नदी पर पहुंचेंगे बड़ी संख्या में लोग

पतंजलि घी के लिए नमूने

भोपाल। प्रयोगशाला द्वारा पतंजलि घी का नमूना असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद, फूड सेफ्टी की टीम ने राजधानी सहित सहित अन्य शहरों में नमूना लेने की कार्रवाई की। इसी क्रम में लालघाटी स्थित अग्रवाल सुपर मार्केट से पतंजलि घी का नमूना लिया गया। वहीं बैरागढ़ स्थित साई सुपरमार्केट से भी पतंजलि घी का नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य सेअरिहंत प्रोविजन स्टोर, अशोका गार्डन से मैगी का 1 नमूना लिया। इसके अलावा मयंक प्रोविजन से भी मैगी का एक नमूना लिया गया। इस तरह से फूड सेफ्टी की टीम ने कुल चार नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे।

दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में मैनिट के 16 प्रोफेसर

स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर की वर्ष 2026 की सूची में मिली पहचान

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के 16 प्रोफेसरों ने दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में जगह बनाई है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार और एल्सेवियर के माध्यम से जारी वर्ष 2026 की सूची में मैनिट के विभिन्न विभागों के शिक्षकों को स्थान मिला है। वैज्ञानिकों के शोध कार्यों को मिले उद्धरण, उनके प्रभाव और अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर यह सूची तैयार की जाती है। इसमें केवल प्रकाशित शोधपत्रों की संख्या नहीं, बल्कि उनके वैज्ञानिक प्रभाव को भी महत्व दिया जाता है।

इन प्रोफेसरों के नाम सूची में शामिल: मैनिट से मिली जानकारी के अनुसार सूची में प्रो. आलोक मित्तल, प्रो. ज्योति मित्तल, प्रो. शैलेंद्र कुमार जैन, प्रो. वरुण बजाज, प्रो. धीरेंद्र मिश्रा, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. ओम प्रकाश मोदी, प्रो. फौजिया जेड. हक, प्रो. गौरव द्विवेदी, प्रो. सुंदरमूर्ति एस. सुरेश, प्रो. राजेश पुरोहित, प्रो. आर.डी. जिल्टे, प्रो. विजय भास्कर सेमवाल, प्रो. श्रीनु नेनावत, प्रो. टी.एन. वर्मा और डॉ. प्रशांत बरेदार के नाम शामिल हैं।



अग्रसेन महाराज के गूंजे जयकारे

भोपाल (आरएनएन)। अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन जयंती शुक्रवार को श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर समाज की ओर से सामूहिक रूप से अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना की और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लिया। इसके बाद देर शाम को आकर्षक चल समारोह निकाला गया। इसके साथ ही समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।अग्रसेन जयंती पर सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन उद्यान में अग्रसेन महाराज की प्रतिमा का आकर्षक शृंगार किया। शाम को अग्रसेन चौराहे से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें माता महालक्ष्मी की पालकी और डमरू दल के साथ अनेक झांकियां, गरबा दल, 18 राजकुमारों और अग्रसेन का रथ शामिल रहे। यह चल समारोह गुलाबचंद अग्रवाल धर्मशाला दयानंद चौक से प्रारंभ होकर सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत भवन पहुंचा। यहां पुष्पांजलि सभा हुई।

स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करने वाला खुद रहता है रोगमुक्त : सिद्ध भाऊ

दस दिनी आवासीय चिकित्सा शिविर का हुआ समापन



संत हिरदाराम नगर (आरएनएन)। दूसरों को स्वास्थ रहने की प्रेरणा देने एवं प्रयास करने वाला व्यक्ति खुद आजीवन निरोगी रहता है इसलिए हम अपने अनुभव का दूसरों को लाभ देकर उनके स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रयास करें। यह कहना है स्वामी हिरदाराम जी के उत्तराधिकारी संत सिद्ध भाऊ का। वे आरोग्य केन्द्र चल रहे दस दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के समापन्न समारोह में बोल रहे थे।

केन्द्र के सीएमओ डा. गुलाब टेवानी के अलावा देश के विभिन्न शहरों से आए साधकों को प्रवचन देते हुए संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि स्वामी हिरदाराम जी ने प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि यहां पर आपको जीवन जीने का सही रास्ता मिला है। पहला सुख निरोगी काया। बड़े भाग्यशाली हैं जो सबको जीवन जीने की कला सिखाते हैं। इस दुर्बल मनुष्य जीवन का लाभ हमे तब मिलेगा जब हम स्वस्थ होगें स्वस्थ आदमी सब कर सकता है। संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि दूसरो का भला सोचने से हमारा भला खुद को खुद होता है इसलिए आपने यहां लाभ लिया है अनुभव किया है अब दूसरो को भी प्रेरित करें तो स्वंय को लाभ व स्वास्थय मिलेगा। अंत में डा. लता टेवानी ने आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व देशभर से आए साधकों ने शिविर के अनुभव साझा किए।

परेशानी संत नगर में उड़ने वाली धूल से लाखों का सामान हो रहा खराब, सड़क की अधूरी मरम्मत

व्यापारियों ने लगाईं पन्नियां, मंत्री के भ्रमण के बाद भी नहीं सुधरे हालात

● संत हिरदाराम नगर/ राज न्यूज नेटवर्क



भोपाल-इंदौर राजमार्ग स्थित कपड़ा एवं बर्तनों के अलावा अन्य सामान बेचने वाले इस मार्ग से उड़ती धूल व मिट्टी से बेहद परेशान हैं। यहां दो साल से सिक्स लेन एलीवेटेड फ्लाई ओवर का काम चल रहा है, जो लक्ष्य से पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है हालांकि ठेकेदार को सड़क के दोनों तरफ डामरीकरण करना चाहिए, लेकिन व्यापारियों की नाराजगी एवं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री के भ्रमण तथा निर्देश के बाद आधी अधूरी ही मरम्मत हुई है, ऐसे उड़ती धूल से दुकानों में रखा लाखों का कपड़ा खराब हो गया है जिससे बचने के लिए कारोबारियों ने हजारों की राशि खर्च कर पन्निया लगाई हैं, पर धूल से कोई निजात नहीं मिल रही है। इधर धूल मिट्टी के कारण अनेक सीनियर सिटीजन व्यापारियों को सांस लेने दिक्कत एवं दमे की शिकायत बढ़ती जा रही है।

बसों से अधिक परेशानी: सड़क के इस हिस्से से इंदौर दिशा को जाने व आने वाली वाहनों की प्रतिदिन की संख्या लगभग 40 हजार है लेकिन जब भी इस मार्ग से भोपाल एवं चिरायु के मध्य संचालित लो-फ्लोर बसें, भोपाल एवं सीहोर के बीच चलने वाली नीली मिनी बसें एवं भोपाल से इंदौर दिशा को जाने व आने वाली वाल्वो बसें गुजरती हैं, तब वह अपने पीछे इतनी तो धूल छोड़ जाती हैं, कि सारी धूल मार्ग के दोनों तरफ की कपड़े एवं बर्तनों की दुकानों में प्रवेश कर जाती है।

धूल का अम्बार: इधर जब रात में 10 बजे कारोबारी दुकानें बंद कर जाते हैं, उसके बाद रातभर इस मार्ग पर भारी वाहनों के अलावा वाल्वो बसों का गुजरना लगा रहता है और इन वाहनों से उठने वाली सड़क की धूल दुकानों के शटर, चबूतरों पर इस तरह से फैल जाती है, कि जब सुबह व्यापारी दुकान खोलते हैं तब दृष्य देखकर ऐसा लगता है मानों महीनों से सफाई नहीं हुई हो। इसके बाद दुकानों के सारे कर्मचारियों को झाड़ू पकड़ाकर रातभर जमा हुई धूल हो हटाया जाता है, इससे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

सभी ने लगा दी पन्नियां: सड़क से उड़ने वाली धूल मिट्टी से बचने के लिए कालका चैराहे से लेकर कृष्णा काम्पलेक्स तक अधिकांश कारोबारियों ने दुकानों के आगे प्लास्टिक की पन्नियां लगा दी हैं, ताकि धूल मिट्टी से कुछ हद तक फर्नीचर, कपड़े एवं बर्तनों के अलावा अन्य सामान की सुरक्षा की जा सके। पन्नियां भी मुफ्त में नहीं आती इसके लिए एक हजार से लेकर व्यापारियों को दस दस हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं इससे अतिरिक्त खर्चे का बोझ आन पड़ा है। जिन कारोबारियों की दुकानें दो या तीन शटर वाली 15 से 30 फीट चौड़ी हैं, उन्हें पन्नियां भी अधिक लग रही हैं, फिर ग्राहकों की आवाजाही के कारण पन्नियां भी समूची धूल को रोकने में नाकाफी साबित हो रही हैं।

निर्देश बेअसर

वैसे प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ 22 सितम्बर को सिक्स लेन एलीवेटेड फ्लाइ ओवर का निरीक्षण करने पर उसमें बरती जा रही लापरवाही पर निर्माण एजेंसी पर 20 लाख की राशि की फाइन किया है बावजूद इसके न तो निर्माण कार्य में तेजी आई है और मार्ग के कुछ हिस्से की मरम्मत भी की गई है लेकिन वह भी आधी अधूरी। धूल न उड़े इसके लिए टेंकर से पानी का छिड़काव किया जाता है पर तेज धूप में वह सख जाने के बाद फिर वही स्थिति खड़ी हो रही है। पुल के दोनों तरफ सड़का का डामरीकरण कर धूल को रोका नहीं गया तो व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

बड़े तालाब में सिंघाड़े की खेती मामले में पीसीबी को नियमित जांच के आदेश

कमेटी बनाकर करवाई थी जांच, एनजीटी ने निर्देश में कहा- खेती के दौरान न हो पर्यावरण नियमों की अनदेखी

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी की जीवन रेखा कहे जाने वाले बड़ा तालाब में सिंघाड़े की खेती से जुड़े एक मामले में नेशनल ग्रीन ट्रब्यूनल,(एनजीटी) ने आदेश जारी किए हैं। एनजीटी ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को तालाब के पानी की नियमित जांच करने को कहा है। एनजीटी ने एक कमेटी बनाकर मामले की जांच भी करवाई थी। बड़ा तालाब (अपर लेक) में सिंघाड़े की खेती के दौरान कथित रूप से कीटनाशकों के इस्तेमाल और तालाब के पारिस्थितिक स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं के एक मामले को एनजीटी ने स्वतः संज्ञान में लिया।

न्यायमूर्ति एस के सिंह और विशेषज्ञ सदस्य, सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने मामले सुनवाई की। एक रिपोर्ट में तालाब में सिंघाड़े की फसल पर रासायनिक कीटनाशकों के छिड़काव और जलकुंभी के तेजी से फैलने को लेकर चिंता व्यक्त की गई थी। इसके बाद एनजीटी ने संयुक्त समिति गठित की। जिसमें वेटलैंड प्राधिकरण, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल थे।

टीम ने बड़े तालाब का किया था निरीक्षण



इस टीम ने तालाब का निरीक्षण किया और जल के नमूने लेकर उनका विश्लेषण कराया था। रिपोर्ट के अनुसार, 1 अक्टूबर 2026 को बैरागढ़ स्थित बोर वन पार्क के निकट निरीक्षण के दौरान सिंघाड़े और कमल की खेती देखी गई। हालांकि, निरीक्षण के समय कीटनाशकों का छिड़काव करते हुए कोई व्यक्ति अथवा छिड़काव संबंधी उपकरण नहीं पाया गया। टीम ने 1 अक्टूबर को लिए गए जल नमूने में घुलित ऑक्सीजन (DO) 6.1 मिलीग्राम प्रति लीटर, जैव-रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) 2.4 मिलीग्राम प्रति लीटर और रासायनिक ऑक्सीजन मांग (COD) 9.6 मिलीग्राम प्रति लीटर दर्ज की गई। विश्लेषित नमूने में फीकल कोलीफॉर्म और कीटनाशक अवशेष नहीं पाए गए। मत्स्य विभाग ने एनजीटी को बताया कि अपर लेक में सिंघाड़े की खेती के लिए विभाग द्वारा कोई अनुमति नहीं दी गई है और न ही इस संबंध में पट्टे की अनुशंसा की गई है।

एनजीटी ने यह दिए निर्देश

सिंघाड़े की खेती का नियमन: भोपाल नगर निगम और कृषि विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि अपर लेक में सिंघाड़े की खेती लागू अनुमतियों और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के अनुरूप ही की जाए। भोज वेटलैंड के प्रभाव क्षेत्र में गतिविधियों से संबंधित मध्य प्रदेश पर्यावरण विभाग के 16 मार्च 2022 के आदेश में निर्धारित प्रावधानों और शर्तों का भी पालन किया जाए। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) को निर्देश दिए कि वह कीटनाशकों के छिड़काव से उत्पन्न संभावित कीटनाशक अवशेषों और हानिकारक रसायनों के लिए सिंघाड़े का विश्लेषण करें। खाद्य सुरक्षा पर उनके प्रभावों की जांच तीन महीने के भीतर पूरी करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और भोपाल नगर निगम नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिनका उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना और रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को हतोत्साहित करना होगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एहतियाती उपाय के रूप में बड़े तालाब के जल की नियमित जांच करेगा। ताकि कीटनाशक अवशेषों की मौजूदगी की निगरानी की जा सके।

डॉव क्षेत्राधिकार मामले में सुनवाई अब 5 नवंबर को होगी

भोपाल (आरएनएन)। जिला न्यायालय की जेएमएफसी कोर्ट में डॉव केमिकल्स के खिलाफ मामला सुनने के अधिकार क्षेत्र को लेकर होने वाली सुनवाई शुक्रवार को कंपनी के वकीलों के नहीं आने से टल गई, जेएमएफसी हेमलता अहीरवार ने अब इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 5 नवंबर की तारीख तय की है। इस मामले में होने वाली सुनवाई में शुक्रवार को गैस पीड़ित संगठन बीजीआईए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता को दलील रखनी थी, लेकिन डॉव केमिकल्स के वकीलों के कोर्ट नहीं पहुंचने से सुनवाई टल गई। मामले में पिछले करीब तीन वर्षों से अधिकार क्षेत्र को लेकर कानूनी प्रक्रिया चल रही है। इस मामले में सीबीआई और गैसपीड़ित संगठन के वकीलों की दलील है कि डाउ केमिकल कंपनी अमेरिका यूनियन कार्बाइड की शत-प्रतिशत मालिक कंपनी है, और इस कारण उसकी पूरी आपराधिक जिम्मेदारी बनती है, जबकि कंपनी के वकील पिछली सुनवाई में अदालत के क्षेत्राधिकार का मामला लगातार उठाते रहे हैं, उनका कहना है कि भोपाल कोर्ट को डॉव के खिलाफ सुनवाई का अधिकार क्षेत्र प्राप्त नहीं है।

बारह साल बाद खुला जमीन की डबल रजिस्ट्री का मामला,रिटायर्ड मेजर जनरल से धोखाधड़ी

गोंदरमऊ में पांच हजार वर्गफीट प्लॉट की दो बार हुई बिक्री

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

गांधी नगर इलाके के गोंदरमऊ में पांच हजार वर्गफीट का एक ही प्लॉट दो अलग-अलग लोगों को बेच दिए गए। श्यामला हिल्स निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल मदन पाल सिंह ने वर्ष 2012 में यह जमीन खरीदी था, लेकिन बाद में पता चला कि जमीन पहले ही सुनीता पांडे को बेची जा चुकी थी। महिला प्लॉट पर कब्जा भी कर चुकी थी। शिकायत पर शाहजहांनाबाद पुलिस ने रामेश्वर राव के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, गोंदरमऊ में किसान हरभजन सिंह की जमीन को विकसित करने के लिए सोनिका एसईएसी नाम की निजी कंपनी से समझौता हुआ था। जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी कंपनी के संचालक के नाम कराई गई थी। वर्ष 2010 में संचालक की मौत के बाद कंपनी के मैनेजर रामेश्वर राव पर जमीन के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर भूखंड बेचने का आरोप है। बताया गया कि वर्ष 2011 में इसी प्लॉट का सौदा सुनीता पांडे के साथ किया गया था। आरोप है कि इस प्रक्रिया में जमीन और पावर ऑफ अटॉर्नी से जुड़े फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए। इसके एक साल बाद मदन पाल सिंह ने भी उसी भूखंड को खरीद लिया। बाद में महिला के कब्जे के चलते दोहरी बिक्री का खुलासा हुआ। संपत्ति की रजिस्ट्री शाहजहांनाबाद स्थित परि बाजार में हुई थी, इसलिए मामले में शाहजहांनाबाद थाने में केस दर्ज किया गया। जमीन के मूल मालिक हरभजन सिंह और कंपनी संचालक की मौत हो चुकी है। पुलिस अब रजिस्ट्री और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है।

कार में 225 लीटर शराब मिली 14.95 लाख रु. का माल जब्त

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

खजूरी सड़क पुलिस ने निगरानी बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा

खजूरी सड़क इलाके में पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते हुए एक कार पकड़ी है। कार से 225 लीटर देशी शराब बरामद हुई है। पुलिस ने शराब के परिवहन में इस्तेमाल टाटा नेक्सान कार सहित कुल 14.95 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीले रंग की टाटा नेक्सान कार (MP04 CU6692) से अवैध शराब लाई जा रही है। इसके बाद पुलिस टीम ने खजूरी मस्जिद के पास ईंटखेड़ी रोड, ग्राम खजूरी सड़क पर कार को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसमें देशी प्लेन शराब के 25 कार्टून मिले। इनमें 1250 क्वार्टर थे, जिनकी कुल मात्रा 225 लीटर और कीमत करीब 95 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने कार चालक अजय बैरागी (31), निवासी भीमनगर, थाना अरेरा हिल्स, भोपाल को गिरफ्तार किया है। वह इलाके का सूचीबद्ध गुंडा है।



युवाओं को बीयू गेस्ट हाउस में रखने का आरोप, हंगामा

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवाओं को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के गेस्ट हाउस में हिरासत में रखने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग की। इस दौरान उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आरोप लगाया कि दिल्ली जा रहे युवाओं को भोपाल और इटारसी सहित विभिन्न स्थानों पर रोका जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार पर विरोध की आवाज दबाने का आरोप लगाया। वहीं, जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना युवाओं का अधिकार है।



युवाओं की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन, पुलिस और कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की

प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि युवाओं को किस कानूनी आधार पर रोका गया है। संगठन ने युवाओं को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए ऐसी कार्रवाई जारी रहने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

ब्रीफ न्यूज

एम्स में सहायक प्रोफेसर के 45 पदों पर भर्ती, 17 तक आवेदन

भोपाल। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने के इच्छुक चिकित्सकों को सात दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। संस्थान ने 45 पदों पर संविदा आधार पर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 अक्टूबर 2026 कर दी है। पहले आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित थी। अब पात्र अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन भेज सकेंगे। खाली पदों के लिए 1 अक्टूबर से आवदेन आमंत्रित किए गए जा रहे हैं। भर्ती विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं में की जानी है। इनमें सामान्य चिकित्सा, हृदय रोग, जलने के उपचार एवं प्लास्टिक सर्जरी, चिकित्सा आनुवंशिकी और बाल शल्य चिकित्सा सहित अन्य विभाग शामिल हैं। सहायक प्रोफेसर के प्रत्येक पद के लिए मासिक पारिश्रमिक 1,42,506 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरना होगा।

रेलवे परिसरों से हटेंगे पोस्टर व बैनर, गुटखा के दाग होंगे साफ

भोपाल। भोपाल रेल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा एवं विशेष अभियान 6.0 के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत रेलवे स्टेशनों, सबवे, रेलवे कॉलोनियों और रेलवे की चारदीवारी सहित सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत रूप से लगाए गए पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और दीवार लेखन हटाए जाएंगे। साथ ही गुटखा थूकने से दीवारों पर बने दाग-धब्बों की सफाई भी की जाएगी। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य परिसरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के साथ यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान भोपाल मंडल के संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न रेलवे परिसरों में सफाई गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसमें अनावश्यक प्रचार सामग्री हटाने के साथ दीवारों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई पर विशेष जोर रहेगा। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि अभियान में सभी संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

भोपाल और इंदौर मेट्रो में 11 अक्टूबर से मिलेगी टिकट पर 25 प्रतिशत की छूट



● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भोपाल और इंदौर मेट्रो में टिकट पर अतिरिक्त छूट देने का फैसला लिया है। त्योहारों के मद्देनजर शुरू की जा रही यह स्कीम 11 अक्टूबर से लागू होगी और 31 दिसम्बर तक प्रभावशील रहेगी।इस विशेष प्रमोशनल डिस्काउंट के तहत यात्रियों को मौजूदा छूट के अलावा 25 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा।

नई व्यवस्था के तहत यात्रियों को टिकट की विभिन्न श्रेणियों में सिंगल जर्नी टिकट टिकट पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। वहीं रिटर्न जर्नी टिकट पहले मिलने वाली 5 प्रतिशत छूट के स्थान पर अब कुल 30 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके अलावा ग्रुप टिकट पर पहले मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट के स्थान पर अब कुल 35 प्रतिशत छूट दी जाएगी। मेट्रो ने ग्रुप टिकट की सुविधा को भी यात्रियों के लिए आसान बनाया है। पहले ग्रुप टिकट लेने के लिए कम से कम 8 यात्रियों का होना जरूरी था, जिसे अब घटाकर केवल 2 यात्री कर दिया गया है। इससे परिवार और दोस्तों के साथ यात्रा करने वाले यात्री भी ग्रुप टिकट का लाभ ले सकेंगे। लेकिन 20 रुपए वाले सिंगल जर्नी टिकट पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत छूट लागू नहीं होगी।

ई-वॉलेट रिचार्ज पर पहले से मिल रहा बोनस, नई छूट से यात्रियों को होगा दोहरा फायदा

एमपीएमआरसीएल मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-वॉलेट रिचार्ज करने पर यात्रियों को पहले से ही रिचार्ज राशि के अनुसार 8 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बोनस राशि का लाभ दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 200 से 499 रुपए तक के रिचार्ज पर 8 प्रतिशत, 500 से 999 तक पर 10 प्रतिशत, 1 हजार से 1,499 तक पर 12 प्रतिशत तथा 1,500 से 2 हजार तक के रिचार्ज पर 15 प्रतिशत बोनस राशि मिलती है। अब इस मौजूदा ई-वॉलेट बोनस सुविधा के साथ नई प्रमोशनल टिकट छूट का लाभ मिलने से यात्रियों को टिकट पर अधिकतम लगभग 44 प्रतिशत का लाभ मिल सकता है। इस पहल के साथ भोपाल और इंदौर मेट्रो में यात्रियों को देश की अन्य मेट्रो सेवाओं की तुलना में आकर्षक अतिरिक्त किराया छूट का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रुप टिकट लेना भी होगा आसान

डिजिटल टिकटिंग और कैशलेस भुगतान से स्मार्ट यात्रा

भोपाल एवं इंदौर मेट्रो में यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन प्रणाली पहले से संचालित है। यात्री एमपीएमआरसीएल मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल टिकट लेकर सहज, सुरक्षित और कैशलेस यात्रा कर सकते हैं। टिकट का भुगतान यूपीआई, क्यूआर कोड, ई-वॉलेट और एमपी मेट्रो मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है।

बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड एक ही दुपट्टे के फंदे पर लटके मिले,परिजन शादी करने को नहीं थे राजी

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



अरेरा कॉलोनी के ई-7 स्थित बंगला नंबर 57 के सर्वेंट क्वार्टर में गुरुवार रात 22 वर्षीय अमन सारूमगर और 16 वर्षीय किशोरी के शव फंदे पर मिले। दोनों की मौत की जानकारी अमन के दोस्त आर्यन के पहुंचने पर सामने आई। इससे कुछ देर पहले ही अमन ने उसे ऑडियो मैसेज भेजा था। शुरुआती की जांच में आमने आया है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजन राजी नहीं थे। पुलिस के अनुसार, अमन मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था। उसका परिवार अरेरा कॉलोनी के ई-7 स्थित बंगला नंबर 57 का सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। मां इसी बंगले में खाना बनाने का काम करती थीं, जबकि अमन और उसके पिता 11 नंबर स्थित गणेश मंदिर के पास फास्ट फूड का ठेला लगाते थे। करीब एक सप्ताह पहले परिवार के सदस्य नेपाल चले गए थे। अमन क्वार्टर में अकेला रह रहा था। गुरुवार शाम उसने दोस्त आर्यन से शराब मंगाई थी।

आर्यन शराब देने के बाद अपने कमरे पर लौट गया था। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि अमन और किशोरी की पहचान करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी और दोनों रिलेशनशिप में आ गए थे। किशोरी हबीबगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली थी और दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। बताया जा रहा है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार इसके लिए राजी नहीं थे।

घटना से पहले प्रेगनेंसी टेस्ट किट की फोटो की थी अपलोड

अमन के इंस्टाग्राम अकाउंट पर घटना से पहले प्रेगनेंसी टेस्ट किट की फोटो पोस्ट किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। फिलहाल इसे आत्महत्या की वजह नहीं माना गया है। थाना प्रभारी संजीव चौकसे का कहना है कि दोनों ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है। दोनों परिवारों के बयान, मोबाइल से जुड़े साक्ष्य और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी।

दोस्त को ऑडियो मैसेज भेजकर कहा-लव यू मेरे भाई, अलविदा

अमन ने गुरुवार रात करीब आठ बजे अपने दोस्त आर्यन को ऑडियो मैसेज भेजा था। इसमें उसने कहा लव यू मेरे भाई तूने आज तक जो किया मेरे लिए बहुत कुछ किया। तेरा एहसान मेरे ऊपर रहेगा। जा रहा हूं अलविदा। मैसेज सुनकर आर्यन को अनहोनी की आशंका हुई। वह तुरंत अमन के कमरे की खिड़की से झांककर देखा तो अमन और उसकी नाबालिग प्रेमिका फंदे पर लटके मिले।

एक दर्जन बसों की जांच, गड़बड़ी पर लगाया जुर्माना

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

आरटीओ का चेकिंग अभियान जारी

राजधानी में नियम विरुद्ध चलने वाली यात्री बसों पर शिकंजा करने के लिए परिवहन विभाग की कार्यवाही जारी है। नियमों के उल्लंघन एवं पीयूसी सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेजों की जांच को लेकर चलाई जा रहे हैं इस अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीम ने गुरुवार और शुक्रवार को करीब एक दर्जन बसों पर कार्रवाई की। इस दौरान पांच बसों में परमिट शर्तों का उल्लंघन जबकि दो बसों में पीयूसी सर्टिफिकेट ना होने की वजह से उन पर 35,000 रुपए से ज्यादा की जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने होशंगाबाद रोड और 11 मिल चौराहा सहित अन्य स्थानों पर यात्री बसों की जांच की। वहीं शुक्रवार को भी कार्रवाई जारी रही। भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान उनके परमिट, फिटनेस, पीयूसी सर्टिफिकेट सहित बस में मौजूद आपातकालीन व्यवस्थाओं की भी जांच की जा रही है। शर्मा ने कहा कि आम यात्रियों की सुरक्षा के लिए आगे भी लगातार यात्री बसों की जांच का काम जारी रहेगा।

गड़बड़ी निर्धारित समय सीमा बीती, उपयोगिता और पूर्णता प्रमाणपत्र अटके, निगरानी करने वाले चार इंजीनियरों को नोटिस

करोड़ों के शौचालय पर सवाल, 115 स्कूलों ने नहीं दिया हिसाब

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



सरकारी स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए जारी करोड़ों रुपए की राशि के इस्तेमाल और निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। भोपाल जिले के 115 स्कूल तय समयसीमा तक उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) और पूर्णता प्रमाण पत्र (सीसी) जमा नहीं कर पाए हैं। मामले में जिला शिक्षा केंद्र ने निगरानी के लिए तैनात चार इंजीनियरों को नोटिस जारी किए हैं। उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर वरिष्ठ कार्यालय को कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने की तैयारी है।

पिछले साल जिले के 124 मिडिल और प्राइमरी स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए जिला शिक्षा केंद्र ने राशि जारी की थी। प्रत्येक स्कूल को 2.84 लाख रुपए दिए गए थे। जगह की कमी के कारण नौ स्कूलों में निर्माण शुरू नहीं हो सका, जबकि शेष स्कूलों में काम कराया गया। योजना के तहत बालक-बालिकाओं के लिए निर्धारित डिजाइन और गुणवत्ता के अनुसार आधुनिक शौचालय तैयार किए जाने थे।

हालांकि, निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। आरोप हैं कि कई जगह निर्धारित मापदंडों के अनुरूप काम नहीं हुआ और निर्माण की मौजूदा स्थिति उनकी टिकाऊ गुणवत्ता पर संदेह पैदा करती है।

समय सीमा खत्म, प्रमाण पत्रों का इंतजार

जिला शिक्षा केंद्र ने सभी संबंधित स्कूलों से निर्माण पूरा होने और राशि के उपयोग के प्रमाण पत्र मांगे थे। शुक्रवार को इन्हें जमा करने की अंतिम तिथि थी, लेकिन 115 स्कूल प्रमाण पत्र नहीं दे पाए। नियमानुसार इंजीनियरों के हस्ताक्षर के साथ पूर्णता प्रमाणपत्र कार्यालय में जमा होना था। अब सोमवार को मामले की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद समयसीमा में प्रमाण पत्र नहीं देने वाले स्कूलों के संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र को रिपोर्ट भेजी जाएगी। निर्माण कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी फंदा और बैरसिया ब्लॉक में तैनात चार इंजीनियरों को दी गई थी। इसके बावजूद प्रमाणपत्र जमा नहीं होने और निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने से निगरानी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। जिला शिक्षा केंद्र ने चारों इंजीनियरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

पांच स्तर की निगरानी, फिर भी अनियमितता: स्कूलों में निर्माण कार्य की निगरानी के लिए शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) बनाई है। इसमें अध्यक्ष, एक सदस्य, स्कूल का प्रधानाध्यापक बतौर सचिव और एक अन्य शिक्षक शामिल होते हैं। इनके अलावा जिला शिक्षा केंद्र का इंजीनियर भी निर्माण कार्य की निगरानी करता है। इसके बावजूद निर्माण में कथित अनियमितताओं की स्थिति सामने आई है।

प्रमाण पत्रों के बाद होगी रैंडम जांच

जिला शिक्षा केंद्र के मुताबिक, स्कूलों से यूसी और सीसी मिलने के बाद कार्यालय स्तर पर टीम गठित कर शौचालयों की रैंडम जांच कराई जाएगी। इसमें तय डिजाइन, निर्माण के मापदंड और गुणवत्ता का परीक्षण होगा। जांच में लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित स्कूल से राशि की वसूली की जाएगी।

इनका कहना

सभी स्कूलों से पूर्णता और उपयोगिता प्रमाणपत्र मांगे गए हैं। इंजीनियरों के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र आने के बाद कार्यालय स्तर पर शौचालयों की रैंडम जांच कराई जाएगी।

■ **सिद्धार्थ कुमार जैन,** डीसी, भोपाल



राज एक्सप्रेस

6 शनिवार, 10 अक्टूबर 2026

भोपाल

राज विचार

हार और असफलता कभी-कभी जीत के लिए आवश्यक कदम होते हैं। -लाला लाजपत राय

www.rajexpress.com

पंचांग राशिफल

10 अक्टूबर 2026, दिन शनिवार, आश्विन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या तिथि, विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948, सूर्य दक्षिणायन। **राहुकाल**:- प्रातः 9:00 से 10:30 बजे तक। **सूर्य उदयकालीन ग्रह विचार**:- सूर्य कन्या राशि में चंद्र कन्या राशि में मंगल कर्क राशि में बुध तुला राशि में गुरु कर्क राशि में शुक्र तुला राशि में शनि मीन राशि में राहु कुंभ राशि में और केतु सिंह राशि में रहेगा। **सूर्य उदयकालीन नक्षत्र विचार**:- सुबह प्रातःकाल कन्या राशि का नक्षत्र हस्त का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। प्रातः 10:00 बजे कन्या राशि का नक्षत्र हस्त का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। दोपहर 4:00 बजे कन्या राशि का नक्षत्र हस्त का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। रात्रि 10:00 बजे कन्या राशि का नक्षत्र चित्रा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा जिसे नक्षत्र पाया रजत रहेगा। **योग**:- ऐन्द्र। **करण**:- चतुष्पद। **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर**:- ष ण ठ पे। **आराधना का मंत्र**:- ऊं सूर्यात्मजाय विद्महे मृत्युरूपाय धीमहि। तन्नः सौरिः प्रचोदयात।।

- **मेष राशि**:- समय लगातार आपके पक्ष में बना हुआ है अपने आवश्यक कार्यों को करने के लिए समय अनुकूल है।
- **वृषभ राशि**:- सितारे पूरी तरह से आप के पक्ष में हैं आवश्यक कार्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी।
- **मिथुन राशि**:- समय से ठीक हो रहा है कल की परेशानियां आज कम होने लगेंगी शिक्षा में लाभ हो सकता है।
- **कर्क राशि**:- समय आज ठीक नहीं है अपनों से ही परेशानियां उत्पन्न होंगी काम काज साधारण रहेगा।
- **सिंह राशि**:- समय आज से शानदार हो रहा है आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से बनेंगे।
- **कन्या राशि**:- परिस्थितियां साधारण सी बन रही हैं घरेलू कामकाज आपको तंग कर सकते हैं।
- **तुला राशि**:- सितारों की आज अनुकूलता आपके पक्ष में रहने जा रही है मन शांत होगा काम में रुचि बढ़ेगी।
- **वृश्चिक राशि**:- राशि स्वामी का सहयोग ना मिलने के कारण मन परेशानी से भरा रहेगा खर्च बढ़ सकता है।
- **धनु राशि**:- समय की अनुकूलता का लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यों को जल्द से जल्द कर लें।
- **मकर राशि**:- परिस्थितियों का आपके पक्ष में आना बेहद शुभ संकेत है प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **कुंभ राशि**:- समय धीरे-धीरे ठीक हो रहा है धर्म-कर्म में रुचि बढ़ सकती है।
- **मीन राशि**:- समय आज कमजोर सा बन रहा है वाहन सावधानी से चलाएं और लोगों से बहस ना करें।

संपादकीय

गंगा की दुर्दशा पर शीर्ष अदालत का सख्त रुख

गंगा महज नदी नहीं, देश की सांस्कृतिक चेतना, करोड़ों लोगों की आजीविका और पारिस्थितिक संतुलन का आधार है। इसके बावजूद किनारों पर अतिक्रमण और प्रदूषण ने इसकी स्थिति चिंताजनक बना दी है। सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी व्यवस्था के लिए चेतावनी है कि गंगा संरक्षण में लापरवाही अब स्वीकार्य नहीं हो सकती। गंगा की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, बिहार समेत संबंधित राज्यों को नदी किनारों से अवैध कब्जे हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि गंगा को नुकसान पहुंचाने के बाद उसकी स्थिति सुधारने की जिम्मेदारी भी सरकारों की है। बिहार को बाढ़ और तेज बहाव की परिस्थितियों के मद्देनजर अतिक्रमण हटाने के लिए 12 सप्ताह का समय दिया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि पूर्व के आदेशों के बावजूद प्रशासन ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। इससे पहले शीर्ष अदालत ने गंगा क्षेत्र से जुड़े 11 राज्यों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण और बाढ़ के मैदानों की सीमाओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। इससे स्पष्ट है कि गंगा संरक्षण किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि सभी संबंधित सरकारों की साझा जिम्मेदारी है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा और बाढ़ क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण आपदा का खतरा बढ़ा सकते हैं। इसलिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समयबद्ध और प्रभावी होनी चाहिए। इसी बीच, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि वह उत्तराखंड की अलकनंदा और भागीरथी नदी घाटियों में पहले से मंजूर सात परियोजनाओं के अतिरिक्त नई जलविद्युत परियोजनाओं का समर्थन नहीं करती। हालांकि, केवल न्यायिक निर्देश और सरकारी घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। गंगा संरक्षण के लिए सख्त निगरानी, वैज्ञानिक नदी प्रबंधन, जनभागीदारी एवं दोषियों पर कार्रवाई जरूरी है। विकास की योजनाएं नदी की पारिस्थितिकी की कीमत पर नहीं बनाई जा सकतीं। गंगा को बचाना भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व है।

सहकार और शांति के अग्रदूत महाराजा अग्रसेन

भारतीय इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जो केवल राजा के रूप में नहीं, बल्कि एक विचार, दर्शन और जीवन-पद्धति के रूप में याद किए जाते हैं। महाराजा अग्रसेन उन्हीं में से एक हैं। परंपरागत मान्यताओं के अनुसार, उनका जन्म द्वापर युग के अंतिम चरण में और महाभारत काल के आसपास हुआ था। वे सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा वल्लभ सेन एवं मां भगवती देवी के पुत्र थे और प्रतापनगर (वर्तमान हरियाणा के हिसार के समीप अग्रोहा) के शासक बने। कहा जाता है कि उनका विवाह नागराज महिधर की कन्या माधवी से हुआ था। यह विवाह आर्य और नाग संस्कृतियों के समन्वय का प्रतीक था, जिसने उनके शासन की समन्वयवादी दृष्टि को आकार दिया। महाराजा अग्रसेन पराक्रमी योद्धा थे। कथा है कि विजय यात्रा के दौरान यज्ञ में पशु-बलि देखकर उनका मन विचलित हो गया। उन्होंने विचार किया कि जिस यज्ञ में जीव-हिंसा हो, वह धर्म कैसे हो सकता है? इसके बाद उन्होंने अहिंसा का व्रत लिया और क्षात्र-धर्म को युद्ध के बजाय लोक-कल्याण से जोड़ा।

मां लक्ष्मी के वरदान से जुड़ी एक मान्यता के अनुसार, महाराजा अग्रसेन की तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उन्हें दर्शन दिए और राज्य में व्यापार एवं समृद्धि बनाए रखने का वरदान दिया। अग्रसेन ने प्रजा में गरीबी दूर करने की कामना की। इसी भावना से उन्होंने एक रुपया और एक ईंट देने की व्यवस्था शुरू की। उन्होंने अग्रोहा नगरी बसाई, जो व्यापार, कृषि और शिल्प का केंद्र बनी। क्षत्रिय वर्ण का त्याग कर वैश्य धर्म अपनाने वाले अग्रसेन को अग्रवाल और अग्रहरी समाज का कुल-प्रवर्तक माना जाता है। महाराजा अग्रसेन का सबसे क्रांतिकारी सिद्धांत समता था। जिस दौर में समाज वर्ण-व्यवस्था और राजतंत्र की कठोरताओं से जकड़ा था, उन्होंने नई सामाजिक व्यवस्था की नींव रखी। उनके नियम के अनुसार, अग्रोहा में बसने वाले प्रत्येक नए व्यक्ति को नगर का हर परिवार एक रुपया और एक ईंट देता था। रुपये से वह व्यापार शुरू करता और ईंट से घर बनाता। यह दान नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और भागीदारी का माध्यम था। महाराजा अग्रसेन द्वारा स्थापित



इस व्यवस्था के तीन प्रमुख संदेश थे- कोई व्यक्ति निर्धनता के कारण पीछे न रहे, सहायता उसे आत्मनिर्भर बनाए और समाज प्रत्येक नए सदस्य के पुनर्वास की जिम्मेदारी निभाए। आज की भाषा में यह समान अवसर और समावेशी विकास का प्राचीन भारतीय मॉडल था। उन्होंने जन्म आधारित ऊंच-नीच के बजाय कर्म और परिश्रम को सम्मान का आधार बनाया।

अग्रसेन मानते थे कि समृद्धि सामूहिक प्रयास से आती है। उन्होंने समाज को 18 गणों या इकाइयों में संगठित किया। प्रत्येक गण को आंतरिक मामलों में स्वतंत्रता थी, लेकिन संकट के समय सभी मिलकर खड़े होते थे। पंचायतों और सभाओं में विचार-विमर्श के जरिए निर्णय लेने की परंपरा ने सहभागिता को बढ़ावा दिया। व्यापार में उन्होंने सामूहिक पूंजी और पारस्परिक सहयोग को महत्वव दिया। व्यापारिक कारवां एक-दूसरे की सहायता करते थे और लाभ का एक हिस्सा नगर-कोष में जाता था। इससे कुएं, धर्मशालाएं, पाठशालाएं और चिकित्सालय जैसी जनोपयोगी सुविधाएं विकसित होती थीं। अग्रोहा में विद्वानों, शिल्पियों और किसानों को समान आश्रय मिलता था। ज्ञान को निजी एकाधिकार के बजाय साझा संपत्ति मानने की यह दृष्टि समाज की सामूहिक प्रगति का आधार बनी।

अहिंसा को राजधर्म बनाने वाले अग्रसेन ने युद्ध को केवल आत्मरक्षा तक सीमित रखने और विस्तारवादी नीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। जिस युग में राजाओं की प्रतिष्ठा दिग्विजय से आंकी जाती थी, उन्होंने लोक-विजय यानी लोगों का विश्वास जीतने को महत्व दिया। उनकी शांति की अवधारणा केवल युद्ध से दूरी तक सीमित नहीं थी, बल्कि सामाजिक सद्भाव, धार्मिक सहिष्णुता और पारिवारिक सौहार्द भी उसका हिस्सा थे। नाग और आर्य संस्कृतियों का समन्वय, क्षत्रिय होते हुए वैश्य धर्म अपनाना और यज्ञ में पशु-बलि का विरोध करना संवाद एवं सहअस्तित्व के उदाहरण हैं। उन्होंने सिखाया कि सच्ची वीरता तलवार चलाने में नहीं, बल्कि क्रोध पर विजय पाने, लोभ त्यागने और भय मिटाने में है।

आज आवश्यकता है कि महाराजा अग्रसेन को केवल कुल-पुरुष के रूप में पूजने के बजाय उनके सिद्धांतों को नीति, व्यवसाय और व्यक्तिगत जीवन में भी अपनाया जाए। उनके आदर्श आज भी सामाजिक समानता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रेरणा देते हैं। यही उनकी विचारधारा की वास्तविक प्रासंगिकता है।

■ कमलकांत अग्रवाल



भारत-कनाडा सुरक्षा सहयोग से विश्वास बहाली की नई उम्मीदें

क्या कूटनीतिक कड़वाहट के बाद भारत और कनाडा के रिश्ते फिर पटरी पर लौट सकेंगे? राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर की हालिया बातचीत ने इस सवाल के बीच उम्मीद की नई खिड़की खोली है। आतंकवाद, संगठित अपराध और साइबर सुरक्षा पर सहयोग की सहमति सकारात्मक पहल है, लेकिन असली कसौटी भरोसे की बहाली और घोषणाओं को ठोस कार्रवाई में बदलने की होगी।

भारत और कनाडा के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने के संकेत मिलने लगे हैं। नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और कनाडाई प्रधानमंत्री के वरिष्ठ सलाहकार डेविड मॉरिसन के बीच हुई बैठक में आतंकवाद, हिंसक चरमपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, साइबर अपराध और जबरन वसूली जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने की सहमति बनी। दोनों देशों के बीच यह पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन इसकी वास्तविक सफलता ठोस कार्रवाई से ही तय होगी। दरअसल, भारत और कनाडा के संबंध पिछले कुछ वर्षों में अविश्वास और आरोप-प्रत्यारोप के दौर से गुजरे हैं। ऐसे में सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के मोर्चे पर संवाद की बहाली महज औपचारिकता नहीं, बल्कि रिश्तों को व्यावहारिक धरातल पर लाने का अवसर है। दोनों देशों के सामने यह चुनौती है कि वे राजनीतिक मतभेदों को साझा सुरक्षा हितों पर हावी न होने दें।

अंतरराष्ट्रीय अपराधों का बदलता स्वरूप भी इस सहयोग को समय की जरूरत बनाता है। दोनों देशों को यह समझना होगा कि आपसी अविश्वास का लाभ उन आपराधिक और चरमपंथी नेटवर्क को मिलता है, जिनकी गतिविधियां सीमाओं की परवाह नहीं करतीं। इसलिए संवाद को निरंतरता देना दोनों के हित में है। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की चिंताएं विशेष रूप से गंभीर हैं। कनाडा की धरती से भारत विरोधी हिंसक गतिविधियों और अलगाववादी एजेंडे को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नई दिल्ली की प्रमुख अपेक्षाओं में शामिल रही है। ऐसे में केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे। संदिग्ध नेटवर्क से जुड़ी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान, वित्तीय स्रोतों की जांच और कानून के निष्पक्ष अनुपालन से ही भरोसा मजबूत होगा। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह का दोहरा रवैया सहयोग की बुनियाद कमजोर कर सकता है। मादक पदार्थों और मानव तस्करी के गिरोह सीमाओं से परे सक्रिय हैं।

साइबर अपराध और डिजिटल माध्यमों से होने वाली जबरन वसूली ने इनकी पहुंच और कार्यक्षमता बढ़ा दी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों देशों की जांच एजेंसियों के बीच सीधा संपर्क, डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित आदान-प्रदान और संयुक्त कार्रवाई जरूरी है। वांछित अपराधियों के प्रत्यर्पण के मामलों में भी पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया सहयोग की गंभीरता की कसौटी बनेगी। साथ ही, जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं में पारस्परिक सहयोग ऐसा होना चाहिए कि अपराधियों को कानूनी खामियों का लाभ उठाकर बच निकलने का अवसर न मिले।

सुरक्षा सहयोग के साथ आर्थिक और रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने की संभावनाएं भी मौजूद हैं। आर्थिक सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर संस्थागत संवाद दोनों देशों के हितों को जोड़ सकता है। हालांकि, इसके लिए नियमित बातचीत और राजनीतिक इच्छाशक्ति अनिवार्य है। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में प्रगति भी द्विपक्षीय रिश्तों को व्यापक आधार दे सकती है। स्पष्ट है कि एक बैठक से रिश्तों की सारी गांठें नहीं खुलेंगी। इसके लिए पारस्परिक सम्मान, संप्रभुता के प्रति संवेदनशीलता और आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट प्रतिबद्धता जरूरी है। भारत और कनाडा यदि घोषणाओं को परिणामों में बदल सकें, तो यह पहल द्विपक्षीय संबंधों में विश्वास बहाली के साथ अंतरराष्ट्रीय अपराधों से मुकाबले का मजबूत आधार भी बन सकती है।

■ हरिनारायण मिश्रा

आस्था और परंपरा

सर्वपितृ अमावस्या



पितरों के स्मरण का अंतिम दिन

कब से कब तक रहेगी अमावस्या तिथि

पंचांग के अनुसार, अमावस्या तिथि 9 अक्टूबर की रात 9:35 बजे से शुरू होकर 10 अक्टूबर की रात 9:19 बजे तक रहेगी। श्राद्ध और तर्पण के लिए दिन के शुभ समय का विशेष महत्व है। 10 अक्टूबर को कुतुप मुहूर्त सुबह 11:45 बजे से दोपहर 12:31 बजे तक, रोहिणी मुहूर्त दोपहर 12:31 बजे से 1:18 बजे तक रहेगा। इसके बाद अपराह्न काल दोपहर 1:18 बजे से 3:37 बजे तक माना जाएगा। इसी अवधि में पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और अन्य धार्मिक कर्म किए जा सकते हैं।

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष को पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का विशेष अवसर माना जाता है। इसी क्रम में सर्वपितृ अमावस्या पितृ पक्ष का अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण दिन होती है। इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या 10 अक्टूबर, शनिवार को मनाई जाएगी। इस दिन ज्ञात-अज्ञात सभी पितरों का स्मरण, तर्पण और श्राद्ध करने की परंपरा है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक किए गए कर्म पूर्वजों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति होते हैं।

जब याद न हो पूर्वजों की तिथि

सर्वपितृ अमावस्या की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह उन पूर्वजों के लिए भी श्राद्ध करने का अवसर देती है, जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं है। कई बार परिवार में किसी कारणवश किसी पितर का श्राद्ध निर्धारित तिथि पर नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में सर्वपितृ अमावस्या को उनका श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। इसलिए इसे ज्ञात-अज्ञात सभी पितरों के सामूहिक स्मरण का दिन भी कहा जाता है।





शनिश्चरी अमावस्या का संयोग

इस बार सर्वपितृ अमावस्या शनिवार को पड़ रही है। शनिवार के दिन आने वाली अमावस्या को परंपरा में शनिश्चरी अमावस्या कहा जाता है। इसलिए 2026 की सर्वपितृ अमावस्या को विशेष संयोग वाला दिन माना जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस अवसर पर पितरों के साथ भगवान शनिदेव की आराधना और दान-पुण्य का भी विशेष महत्व माना जाता है।

श्राद्ध की थाली में सात्विकता

श्राद्ध कर्म के दौरान भोजन की शुद्धता और सात्विकता का विशेष ध्यान रखा जाता है। परंपरागत रूप से श्राद्ध की थाली में सादा, सात्विक और पवित्र भोजन रखा जाता है। इस दिन लहसुन, प्याज, बैंगन और मसूर की दाल जैसी वस्तुओं के सेवन से बचने की परंपरा है। परिवार की परंपरा और स्थानीय मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध भोजन की सामग्री में कुछ अंतर हो सकता है।

श्रद्धा ही है इस पर्व का सार

सर्वपितृ अमावस्या केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि परिवार की स्मृतियों और पीढ़ियों के बीच संबंध को मजबूत करने का अवसर भी है। जीवन देने वाले और परिवार की नींव रखने वाले पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। तर्पण, श्राद्ध, दान और सेवा के पीछे निहित भावना यही है कि हम अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक याद करें और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें।

तर्पण और पिंडदान की परंपरा

सर्वपितृ अमावस्या पर नदी या किसी पवित्र जलाशय में स्नान करने के बाद पितरों के निमित्त तर्पण करने की परंपरा है। सामर्थ्य और पारिवारिक परंपरा के अनुसार पिंडदान भी किया जाता है। इसके साथ ब्राह्मणों अथवा जरूरतमंद लोगों को भोजन कराना पुण्यदायी माना जाता है। इन कर्मों का मूल भाव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, स्मरण और कृतज्ञता व्यक्त करना है।

दान से जुड़ी मान्यताएं

इस दिन दान-पुण्य को भी विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यताओं के अनुसार अनाज, वस्त्र, फल, काले तिल, घी और गुड़ जैसी वस्तुओं का दान किया जा सकता है। जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन या आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना भी इस दिन के पुण्य कार्यों में शामिल माना जाता है। दान करते समय दिखावे के बजाय श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुरूप सेवा भाव को प्राथमिकता देने की परंपरा रही है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

मन की आवाज सुनिए, बदलाव की राह चुनिए

हर वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि व्यक्ति के समग्र कल्याण और सम्मानजनक जीवन से जुड़ा विषय है।

1992 में हुई थी शुरुआत

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत 10 अक्टूबर 1992 को वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ (डब्ल्यूएफएमएच) की पहल पर हुई। शुरुआती वर्षों में इसका जोर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता, शिक्षा और पैरवी पर था। बाद में हर वर्ष अलग-अलग विषयों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की विशिष्ट चुनौतियों को वैश्विक विमर्श का हिस्सा बनाया गया।

मानसिक स्वास्थ्य क्यों है सभी के लिए महत्वपूर्ण?

तनाव, अवसाद, चिंता, अकेलापन और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं किसी भी उम्र, वर्ग या पेशे के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती हैं। इसके बावजूद मानसिक बीमारी को लेकर सामाजिक पूर्वाग्रह और भेदभाव लोगों को मदद लेने से रोकते हैं। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को निजी कमजोरी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और मानवाधिकार से जुड़े विषय के रूप में देखना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी मानसिक स्वास्थ्य को एक बुनियादी मानव अधिकार मानता है।

वर्ष 2026 की थीम: अनुभवों को आवाज

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम है- 'जीवन के अनुभवों को सुनें: वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव।' इस वर्ष का संदेश खास तौर पर उन लोगों के अनुभवों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने पर केंद्रित है, जो स्वयं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों से गुजर चुके हैं। लक्ष्य केवल उनकी कहानी सुनना नहीं, बल्कि उनकी आवाज को नीतियों, सेवाओं और मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था को आकार देने में शामिल करना है।



सुनना ही पर्याप्त नहीं, भागीदारी भी जरूरी

2026 की थीम मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव की ओर संकेत करती है। जिन लोगों ने मानसिक बीमारी, उपचार, सामाजिक उपेक्षा या संस्थागत देखभाल का अनुभव किया है, उनके पास ऐसी व्यावहारिक समझ होती है जो केवल किताबों या शोध से हासिल नहीं की जा सकती। इसलिए सेवाओं की योजना बनाने से लेकर उनके मूल्यांकन तक, अनुभव रखने वाले लोगों की भागीदारी जरूरी है। ऐसी व्यवस्था अधिक मानवीय, अधिकार-आधारित और व्यक्ति-केंद्रित बन सकती है।

समाज की भूमिका: संवेदना से स्वीकार्यता तक

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में परिवार और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति के व्यवहार में असामान्य बदलाव, लगातार उदासी, चिंता या सामाजिक दूरी दिखाई दे तो उसे ताने देने के बजाय संवाद और सहयोग देना चाहिए। मानसिक बीमारी को लेकर 'पागल', 'कमजोर' या 'असफल' जैसे शब्दों से बचना होगा। स्कूलों, कॉलेजों, कार्यस्थलों और समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत को सामान्य बनाना समय की जरूरत है।

सरकार की जिम्मेदारी: इलाज पहुंचाना और भरोसा बढ़ाना

सरकार की भूमिका चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हो सकती। भारत में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए सेवाओं को प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य व्यवस्था तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मार्च 2026 तक जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को 767 जिलों में लागू करने की मंजूरी दी गई थी।

टेली-मानस ने बढ़ाई पहुंच

भारत में टेली-मानस मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की अहम पहल है। 24x7 सेवा के लिए 14416 या 1800-89-14416 पर संपर्क किया जा सकता है। मार्च 2026 तक 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 53 टेली-मानस सेल स्थापित किए जा चुके थे और 34.34 लाख से अधिक कॉल संभाली जा चुकी थीं।

अंतिम लक्ष्य: ऐसा समाज जहां मन की बात सुनी जाए

यह दिवस केवल एक दिन जागरूकता अभियान चलाने का अवसर नहीं, पूरे वर्ष मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जहां व्यक्ति अपनी मानसिक परेशानी बताने में संकोच न करे, परिवार उसे समझे, समाज उसे स्वीकार करे और सरकार समय पर सुलभ व गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराए। 2026 की थीम का सार भी यही है कि आवाजों को केवल सुनना नहीं, उन्हें वास्तविक बदलाव का आधार बनाना।

बाजार से 25 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त तरलता हटाने की तैयारी

आरबीआई ने सीआरआर रखरखाव की शर्त 90 से बढ़ाकर 99 प्रतिशत की

16 अक्टूबर से लागू होगा नया नियम, बैंकों के लिए रोजाना नकदी का प्रबंधन करना होगा मुश्किल

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नीतिगत रीपो दर बढ़ाने के बाद अब बैंकों के नकद आरक्षी अनुपात (सीआरआर) के दैनिक न्यूनतम रखरखाव की सीमा 90 प्रतिशत से बढ़ाकर 99 प्रतिशत कर दी है। यह बदलाव 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले पखवाड़े से लागू होगा। केंद्रीय बैंक के इस कदम से बैंकों को प्रत्येक दिन अपनी निर्धारित आरक्षित नकदी का लगभग पूरा हिस्सा बनाए रखना होगा। इससे उनके पास रोजाना नकदी के प्रबंधन की गुंजाइश घट सकती है।



ढाई साल बाद नीतिगत सख्ती

आरबीआई ने इस सप्ताह करीब ढाई वर्षों बाद नीतिगत रीपो दर बढ़ाने की घोषणा की थी। इससे पहले सीआरआर के दैनिक न्यूनतम रखरखाव की शर्त जुलाई 2023 में सख्त की गई थी। उस समय अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों में बदलाव की आशंका से वैश्विक वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मची थी। सीआरआर बैंकों की जमा राशि का वह निर्धारित हिस्सा है, जिसे उन्हें आरबीआई के पास नकद के रूप में रखना होता है। इस राशि पर बैंकों को कोई ब्याज नहीं मिलता। नए नियम के तहत बैंकों को रिपोर्टिंग पखवाड़े के प्रत्येक दिन निर्धारित सीआरआर का कम से कम 99 प्रतिशत बनाए रखना होगा, ताकि दैनिक शेष का औसत निर्धारित तीन प्रतिशत के स्तर से नीचे न जाए।

नकदी प्रबंधन की स्वतंत्रता होगी सीमित

बैंक अधिकारियों के मुताबिक, दैनिक सीआरआर रखरखाव की सीमा बढ़ने से बैंकों के लिए रोजाना उपलब्ध नकदी का प्रबंधन करना मुश्किल हो सकता है। उन्हें आरबीआई के पास अधिक राशि बनाए रखनी होगी, जिससे अन्य कामकाज के लिए उपलब्ध धन घट सकता है। हालांकि, एक सरकारी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसका कुल प्रभाव सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि बैंक आमतौर पर निर्धारित जरूरत के 95 प्रतिशत से अधिक सीआरआर बनाए रखते हैं।

बाजार से 25 हजार करोड़ रुपये निकालने की तैयारी

आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी कम करने के लिए 13 अक्टूबर को खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत 25,000 करोड़ रुपये मूल्य के सरकारी बॉन्ड बेचने की घोषणा की है। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय बैंक ने तीन किस्तों में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां बेची थीं। इनमें 17 सितंबर को 50,000 करोड़ रुपये और 21 तथा 28 सितंबर को 25-25 हजार करोड़ रुपये की बिक्री शामिल थी।आरबीआई के नकदी समायोजन तंत्र में बैंकों की जमा राशि से मापा गया नकदी अधिशेष 3.88 लाख करोड़ रुपये था।

आईटी शेयरों में लिवाली, सेंसेक्स 879 अंक चढ़ा, निफ्टी 22520 पर

● मुंबई / एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से प्रमुख सूचकांक सवा प्रतिशत तक मजबूत होकर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 879.09 अंक यानी 1.23 प्रतिशत चढ़कर 72,472.33 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 288.65 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,520.45 अंक पर बंद हुआ। इससे पिछले कारोबारी दिवस में बाजार में बड़ी गिरावट आई थी।



टीसीएस के नतीजों से आईटी शेयरों को सहारा

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के दूसरी तिमाही के बेहतर वित्तीय नतीजों के बाद आईटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी बढ़ी। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा करीब डेढ़ प्रतिशत गिरकर 103 डॉलर प्रति बैरल से नीचे कारोबार कर रहा था।

बढ़त वाले शेयरों की संख्या ज्यादा

एनएसई पर कारोबार करने वाली 3,684 कंपनियों में से 2,182 के शेयर बढ़त में और 1,391 के शेयर गिरावट में बंद हुए। शेष 111 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर हरे निशान में रहे।

मिडकैप और स्मॉलकैप में भी रही तेजी

व्यापक बाजार में भी बढ़त का रुख रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.54 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। क्षेत्रवार प्रदर्शन में निफ्टी आईटी सूचकांक 3.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा। एफएमसीजी सूचकांक 2.20 प्रतिशत, ऑटो 1.42 प्रतिशत, बैंकिंग 1.36 प्रतिशत और वित्तीय क्षेत्र 1.33 प्रतिशत मजबूत हुआ। मीडिया में 1.23 प्रतिशत, धातु में 1.10 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवा में 1.09 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में एक प्रतिशत की तेजी रही। तेल एवं गैस क्षेत्र एकमात्र ऐसा समूह रहा।

धानुका एग्रीटेक लिमिटेड का बायोसॉल्यूशन एडजुवेंट वेटसिट निओ भारत में हुआ लांच

भोपाल। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने भारत में वेटसिट निओ लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पौधों पर आधारित बायोसॉल्यूशन एडजुवेंट है, जिसे फसल सुरक्षा और फसल पोषण उत्पादों के इस्तेमाल की दक्षता बढ़ाने के लिए विकसित किया गया है। यह उत्पाद स्प्रे कवरेज बेहतर करने, स्प्रे ड्रिफ्ट को कम करने और एग्रोकेमिकल के बेहतर अवशोषण में मदद करता है। लॉन्च पर धानुका एग्रीटेक के प्रबंधन ने कहा, कृषि इनपुट का प्रभावी इस्तेमाल किसानों को फसल सुरक्षा और पोषण से बेहतर परिणाम हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वेटसिट निओ स्प्रे के फैलाव, कवरेज और अवशोषण को बेहतर बनाकर एक महत्वपूर्ण चुनौती का समाधान करता है। खासतौर पर उन फसलों में, जहां पत्तियों की मोमी सतह पारंपरिक स्प्रे की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती है।

नव दुर्गा एपिसोड की विशेष सीरीज 11 से

भोपाल। इस नवरात्रि, सोनी पल अपने खास कार्यक्रम महोत्सव आदि शक्ति का के माध्यम से दर्शकों को माँ दुर्गा के नौ रूपों की कथाओं, उनकी महिमा और उनसे जुड़े मंदिरों की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। 10 एपिसोड्स की यह विशेष सीरीज 11 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे शुरू होगी। इसमें देश में स्थित उन पवित्र मंदिरों की कहानियाँ बताई जाएँगी, जो माँ दुर्गा के नौ रूपों से जुड़ी हैं। अभिनेत्री श्रुति आनंद इस कार्यक्रम की मेजबानी करेंगी। वे माँ दुर्गा के नौ रूपों से जुड़ी कथाओं और मंदिरों के महत्व को करीब से जान सकेंगे। सोनी पल के प्रवक्ता ने कहा, सोनी पल में हमारा प्रयास ऐसा कॉन्टेंट तैयार करना है, जो हमारे दर्शकों से गहराई से जुड़ सके। महोत्सव आदि शक्ति का भारत के सबसे खास पर्वों में से एक नवरात्रि के अवसर पर आस्था, संस्कृति, यात्रा और कहानी कहने का सार्थक माध्यम है।

आईएसबी हर साल 250 स्कॉलरशिप देगा

भोपाल। फाइनेंशियल टाइम्स ग्लोबल एमबीए रैंकिंग्स 2026 में भारत में पहले और दुनिया में 12वें स्थान पर रहे इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर आईएसबी25 के तहत कई दीर्घकालीन पहलों की घोषणा की गई। आईएसबी25 स्कॉलर्स प्रोग्राम के तहत आईएसबी हर साल 250 स्कॉलरशिप देगा। ये स्कॉलरशिप आईएसबी के प्रमुख पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी) और पीजीपी इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स (पीजीपी वाईएल) कोर्स के लिए दी जाएंगी। स्कॉलरशिप छात्रों की योग्यता और आर्थिक जरूरत के आधार पर दी जाएगी। इसके तहत छात्रों को फीस में 100, 50, 30 और 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा और पल्स सीरीज की लांच

भोपाल। एआई+ स्मार्टफोन ने आज फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2026 में नोवा और पल्स सीरीज के लिए उत्सवकालीन कीमतों की घोषणा की। रु. 8,999 से शुरू होने वाली यह सिरीज स्वच्छ डिज़ाइन, दीर्घकालिक बैटरी और दैनिक उपयोग के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदान करती है, जो कि भारत में निर्मित और एनएक्सटीक्वांटम ओएस द्वारा संचालित है। पल्स 2 से लेकर नोवा 2 अल्ट्रा तक, तथा कुछ नया चाहने वालों के लिए नोवाफ्लिप, प्रत्येक मॉडल उन्नयन का एक ठोस कारण है, कोई समझौता नहीं। माधव सेठ द्वारा स्थापित यह कंपनी भारत के प्रथम संप्रभु ऑपरेटिंग सिस्टम एनएक्सटीक्वांटम ओएस का विकास करती है।

नई स्कोडा स्लेविया की डिलीवरी अगले सप्ताह

भोपाल। स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई स्लेविया की कीमतों की घोषणा कर दी है इसकी डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। सेडान जो कहे सबकुछ वाली नई स्लेविया में और भी निखरा हुआ यूरोपीय डिज़ाइन, दमदार और रोमांचक प्रदर्शन, स्मार्ट तकनीक, भरोसेमंद सुरक्षा—सब कुछ एक शानदार पैकेज में मिलता है। भारत के निर्मित यह कार लॉन्च के समय छह वेरिएंट–क्लासिक, क्लासिक+, सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टीज़ और मोन्टे कॉर्लो–में उपलब्ध होगी। 1.0 टीएसआई इंजन के साथ छह-स्पीड मैनुअल या बिल्कुल नया आठ-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलता है, जबकि 1.5 टीएसआई इंजन को सात-स्पीड डीएसजी गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है।

चौथे सप्ताह भी बढ़ा विदेशी मुद्रा पर दबाव, भंडार 12.95 अरब डॉलर घटा

● मुंबई / एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 12.952 अरब डॉलर घटकर 734.606 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई है। यह इसका छह सप्ताह का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भंडार 18.343 अरब डॉलर घटकर 747.557 अरब डॉलर रहा। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 10.664 अरब डॉलर घटकर 604.747 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा भंडार में इन परिसंपत्तियों की सबसे बड़ी हिस्सेदारी होती है। इनमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड जैसी अन्य प्रमुख मुद्राओं में रखी गई परिसंपत्तियां भी शामिल होती हैं।

पश्चिम रेलवे
भावनगर मंडल

समपारों का उन्मूलन एवं रोड अंडर ब्रिज (RUB) का प्रावधान

ई-निविदा संख्या: 172-2026-27; कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल अभियंता (सेंट्रल) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत भावनगर मंडल में 12 समपारों (LC) को रोड अंडर ब्रिज (RUB)/सीमित ऊँचाई वाले सबवे (LHS) के प्रावधान द्वारा समाप्त करने हेतु समूह कार्य। इसमें समपार (LC) संख्या 03, 07, 10, 17, 41, 42, 61, 62, 64 (ढसा–राजुला खंड), समपार (LC) संख्या 128 (राजुला–महुवा खंड) तथा समपार (LC) संख्या 03, 12 (राजुला–पीपावाव खंड) शामिल हैं। **निविदा मूल्य (रुपये में):** ₹1,12,47,14,010.07 **बयाना राशि (EMD):** ₹2,24,94,300.00 **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16/10/2026 **बोली जमा करने की अंतिम तिथि:** 30/10/2026 उपर्युक्त निविदा को दिनांक 08/10/2026 को रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है। **BVP 147**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे ने पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.:** Leasing-RTM-07. **अनुबंध का प्रकार:** Leasing of SLR Compartment. **लॉट नं.:** TRAIN 22944-SLR-F1-INDB-DD, Train 20932-SLR-R1-INDB-TVCN, Train 19337-SLR-F1-INDB-DEE, Train 22944- SLR-R1-INDB-DD, TRAIN 19325-SLR-R1-INDB-ASR, TRAIN 12962-SLR-F1-INDB-MMCT, TRAIN 20917-SLR-R1-INDB-PURI, TRAIN 19337-SLR-R1-INDB-DEE and TRAIN 19305-SLR- F1-DADN-KYQ. **अनुबंध की अवधि:** 03 Years. **ई- नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दि. 16.10.2026 को 10:00 बजे** प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **AK/4/1/292**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या SnT_RTM_26_16_SIGNAL, दिनांक: 08.10.2026. कार्य का नाम:** रतलाम डिवीजन : एसएंडटी गियर की विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न खंडों में क्षतिग्रस्त सिग्नलिंग केबलों की सुरक्षा और पुनः बिछाने के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 8,78,19,38.29. **बयाना राशि:** रु 1,75 600/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 02.11.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 02.11.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाईन ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है। **AK/6/1/291**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना क्र. 21–2026

वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजीनियर (कोचिंग) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मो से निम्न कार्य हेतु ई–खुली निविदायें आमंत्रित करते है। **(1) कार्य विवरण**– Outsourcing of different activities at New IOH Shed at RKMP for 01 year, **(2) अनुमानित लागत**– रू.52,31,431.07 (Including GST) **(3) कार्य अवधिः** 01 वर्ष, **(4) बयाना राशि**– रू.1,04,700.00 (5) निविदा फार्म मूल्य–निल **(6) निविदा बन्द होने की तिथि/समय–दिनांकः** 30.10.2026 को 15:00 बजे तक, **(7) निविदा खोलने की तिथि/समय– दिनांकः** 30.10.2026 समय 15:30 बजे के पश्चात।, (8) निविदा सूचना इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है एवं निविदा से सम्बन्धित पूरी जानकारी एवं पात्रता की शर्ते वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (9) इस निविदा के लिए कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय : पारस हर्मिटेज ग्रुप हाउसिंग वेलफेयर एण्ड मेंनटेनेंस को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल

क्रमांकःवि.असा.स./**2026**/क्यू-1 दिनांक **05.10.2026**

विशेष-असाधारण सभा की सूचना

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सुचित किया जाता है कि पारस हर्मिटेज ग्रुप हाउसिंग वेलफेयर एण्ड मेंनटेनेंस को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल की विशेष साधारण सभा (असाधारण सभा) रविवार दिनांक **25.10.2026** को सुबह **11:00** बजे स्थान-पारस हर्मिटेज परिसर स्थित बैंक्वेट हाल, क्लब हाउस, नर्मदापुरम रोड, भोपाल पर आयोजित की गई है। संस्था के समस्त सदस्यों को स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से सूचना-पत्र प्रेषित किया जा चुका है। कृपया तदुपरांत जिस किसी सदस्य को स्पीड पोस्ट डाक दुवारा प्रेषित की गई सूचना प्राप्त नहीं हुई हो ऐसे सदस्य इसे ही सूचना मानकर वार्षिक साधारण सभा की बैठक में उक्त दिनांक को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग ले सकते हैं।

अध्यक्ष
पारस हर्मिटेज ग्रुप हाउसिंग वेलफेयर एण्ड मेंनटेनेंस को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल

पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मंडल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या 21 वर्ष 2026-27 दिनांक : 09.10.2026

सं	ई-निविदा संख्या और कार्य का नाम		अनुमानित लागत (RS.)	EMD राशि (RS.)
1	DRM-ADI-147-2026-27	न्यू पालनपुर स्थित मौजूदा	5,82,85,506.95	11,65,700
	क्रू रनिंग रूम में 50 बिस्तरों की क्षमता वृद्धि का कार्य (संयुक्त निविदा)।			
2	DRM-ADI-148-2026-27	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर	42,95,44,738.09	85,90,900.00
	(उत्तर), अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पालनपुर-सामाखियाली खंड में समपार संख्या 27 एवं 35 तथा मेहसाणा-पाटन खंड में समपार संख्या 16 एवं 39 पर सड़क अंडर ब्रिज (RUB) का निर्माण करके समपारों को समाप्त करने का कार्य।			
3	DRM-ADI-149-2026-27	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर	3,91,52,085.10	7,83,100.00
	(पश्चिम), अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एफआरएम द्वारा ट्रैक की शैलो स्क्रीनिंग, सेस की मरम्मत, साइड ड्रेन की मरम्मत तथा अन्य संबंधित कार्य।			

ई-निविदा बंद होने की तिथि: दिनांक 17/11/2026 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** वरि. मंडल इंजीनियर (सम.)-अहमदाबाद, डी.आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद- 382345 **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाइट: www.ireps.gov.in** ADI 185

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

पश्चिम मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

खुली निविदा क्रमांक.: WCR-CRWS-TOILETUP-25-32R1

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** अप–ग्रेडेसन ऑफ टॉइलेट ऑफ एलएचबी नॉन–एसी कोचेस एट सीआरडबल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागत:** ₹ 27,53,59,032.00 **निविदा फ़ॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00 **धरोहर राशि:** ₹ 55,07,200.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 15.10.2026/ 29.10.2026 को 16.00 बजे तक **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय:** 29.10.2026 को 16.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/ भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मुख्य कारख़ाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, प.म.रे.,भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री वजीर खां आत्मज श्री राजा खां आयु वयस्क निवासी नई गढ़ी मस्जिद के पास खानूगांव भोपाल मप्र से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता प्लाट नं-बी-खसरा नंबर 63 क्षेत्रफल साढ़े तीन डेसीमल अर्थात 14 आरे और श्री असगर अली पुत्री श्री जुल्फकार आयु वयस्क निवासी गली फौजदारों की भोपाल मप्र से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता प्लाट नं-सी-खसरा नंबर 63/2 क्षेत्रफल साढ़े तीन डेसीमल अर्थात 14 स्थित ग्राम लाउखेडी नगर निगम सीमा के अंदर तहसील हुजूर तहसील हुजूर जिला भोपाल मप्र को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना शेष है। यदि उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, शासकीय ,अशासकीय कार्यालय ,सोसायटी को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति कहीं रहन,बंधक, अनुबंधित, वसीयत ,जमानत में प्रयुक्त हो अथवा वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वो इस आम सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में पेश करें। समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी और मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में कराए जाने के लिए स्वतंत्र होंगें।

सैयद फ़ैज़ान हुसैन अधिवक्ता
कार्यालय - 6-F-9, काशिफ़ काम्प्लेक्स, राजभवन के सामने ,मालवीय नगर भोपाल मोबाईल नंबर- 9826453635

नाम परिवर्तन संबंधी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों में उनका नाम "Rajeev Janoria" एवं/ अथवा "Rajeev Kumar Janoria" के रूप में उल्लेखित/दर्ज है। मेरे पक्षकार का वास्तविक एवं सही नाम "Rajiv Janoria, पिता स्वर्गीय Meghraj Janoria" है तथा वे इसी नाम से जाने, पहचाने एवं स्वीकार किए जाते हैं। भविष्य में मेरे पक्षकार केवल "Rajiv Janoria, पिता स्वर्गीय Meghraj Janoria", उम्र लगभग 62 वर्ष, निवासी मकान नं. 238, श्रीराम कॉलोनी, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, हुज़ूर, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462026 के नाम से ही जाने एवं पहचाने जाएंगे। अतः उनके उक्त सही नाम को उनके समस्त दस्तावेजों एवं अभिलेखों में तदनुसार दर्ज किया जाए। पूर्व में उल्लिखित दोनों नाम, जहाँ कहीं भी दर्ज हों, एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पक्षकार से संबंधित हैं।

अनिल कुमार नामदेव
एडवोकेट
4/8, आमेर कॉम्प्लेक्स, ज़ोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.)
मोबाइल: 8889078642

कार्यालय राजस्व–निरीक्षक वृत्त 04 बावड़िया कलां तहसील–कोलार, जिला–भोपाल म.प्र.

क्रं. Q/रा.नि./2026–27
भोपाल, दिनांक 01/10/2026

सूचना–पत्र

प्रति,

(1) श्री देवेन्द्र कुमार आ. नर्मदा प्रसाद निवासी–भोपाल। (2) सर्वोत्तम गृह निर्माण सह. संस्था मर्या. भोपाल अध्यक्ष रामनिवास पुत्र हरीराम नि. भोपाल (3) अनिल कुमार बुधोलिया आ. मथुराप्रसाद बुधोलिया नि. अरेरा हिल्स, भोपाल। (4) सोरभ गुप्ता पुत्र आर.के. गुप्ता नि. इन्द्रपुरी भोपाल। (5) बाबा सालिगराम गृह निर्माण द्वारा अध्यक्ष वीरेन्द्र चौकसे पुत्र पी.एन. चौकसे नि. भोपाल। (6) मैसर्स न्यू टैक इन्टरप्राईजेस द्वारा श्रीमती अर्चना पत्नी जितेन्द्र कन्हैयालाल पुत्र बाबूलाल नि. भोपाल। सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकारों को सूचनार्थ आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। कि न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तहसील–कोलार जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रं./अ–12/26–27 में आवेदक राजहोम्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री संजय मेहता आ. श्री जी.एल. मेहता निवासी–21 जोन–2, एम.पी.नगर, भोपाल द्वारा ग्राम बाबड़िया कलां प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. 04 तहसील–कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रं. 112/2 रकबा 0.4050 हे. भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, फील्डबुक, नक्शा, सूचना पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 13/10/2026 को समय 11.00 AM बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना–पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है।

सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर करें।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार, जिला भोपाल

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) **पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020**

Aavas — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणियों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
योगेन्द्र गुप्ता, शिल्पी गुप्ता खाता स. 211216902108471	13 मई 2026 ₹ 649014/- 12 मई 2026	सर्वे नं. 74 के भाग का प्लॉट, वार्ड नं. 15, पी.एच. नं. 01, गांव काजलास, तहसील ज्वार, जिला-सिहोर, मध्य प्रदेश 466221 क्षेत्रफल 1050 वर्ग फीट	भौतिक कब्जा दिनांक 06 अक्टूबर 2026
शिवानी सिंह जादौन, निखिलसिंह जादौन खाता स. 241226303495485	5 अगस्त 2025 ₹ 889545/- 4 अगस्त 2025	खसरा नं. 1549/1, पीएच नं. 26, मौजा-नौगांव, आर. आई. सर्किल नौगांव, तहसील-नौगांव, जिला छत्तरपुर मध्य प्रदेश (भारत)-471201/ क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट व 74.34 वर्ग मीटर (भूमि व कंस्ट्रक्शन एरिया)	भौतिक कब्जा दिनांक 05 अक्टूबर 2026

दिनांक : 10-10-2026 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

SECTION 1
Notice Inviting e-Tenders
OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL(M.P.)
CIVIL DEPT. ZONE NO.13, SWAMI VIVEKANAND AMRAI

N.I.T. NO....22...: /ES/BMC/2026 dated 09-10-2026

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Tender ID	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs)	Cost of Bid Document (In Rs)	Period of Completion (in Months)	SOR
1	2026_UAD_541001_1	CONSTRUCTION OF ROAD BARRIER AT VIDHYA NAGAR W-53 AT	1,69,489	3,390	1000.00	02 months	MPUADD ISSR 2021
2	2026_UAD_540995_1	FLOORING WORK OF COMMUNITY HALL AT AAKRITI NEEV COLONY ROHIT NAGAR. W-52 ZONE-13	3,55,880	3,559	2000.00	03 months	MPUADD ISSR 2021
3	2025_UAD_462902_3	CONSTRUCTION OF BOUNDRY WALL NEAR RAM DARBAR ROHIT NAGAR W-52 Z-13 THIRD CALL	3,21,747	3,217	2000.00	03 months	MPUADD ISSR 2021
4	2026_UAD_541503_1	CONSTRCUTION OF CC ROAD AT VARIOUS PLACES OF WARD-52 Z-13	42,35,466	31,766	5000.00	06 months	MPUADD ISSR 2021

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Muncipal Corporation, Bhopal

T.N.859/026/027

मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड
(कौशल विकास संचालनालय म.प्र.)
भोपाल (म.प्र.)

क्र./एमपीएसएसडीईजीबी/प्रवेश/2026/5489 **भोपाल, दिनांक : 09.10.2026**

विज्ञप्ति

म.प्र. की आईटीआई में प्रवेश 2026 हेतु
"पहले आओ पहले पाओ" राउण्ड में प्रवेश पुनः प्रारंभ

म.प्र. स्थित शासकीय एवं प्रायवेट आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल **(www.dsd.mp.gov.in)** पर **"प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026"** पर जाकर रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार हेतु निम्नानुसार कार्यवाही कर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिये **www.dsd.mp.gov.in** पर देखें।

स.क्र.	की जाने वाली कार्यवाही	दिनांक
1.	**"पहले आओ पहले पाओ"** राउण्ड के अंतर्गत संस्थावार/व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करना।	10.10.2026
2.	**"पहले आओ पहले पाओ" राउण्ड** ● नवीन रजिस्ट्रेशन/च्वाईस फिलिंग/त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल प्रारंभ। ● कैंडिडेट स्वेच्छा से किसी 01 आईटीआई के किसी 01 ट्रेड की च्वाईस फिलिंग कर सकेंगे। ● समस्त रजिस्टर्ड कैंडिडेट को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। ● च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नहीं है। अतः कैंडिडेट को सावधानी पूर्वक आईटीआई/व्यवसाय का चयन करना चाहिए। ● च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जाँच कर लेवें। ● कैंडिडेट को प्रवेश के लिए रु.50 का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा, तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर संबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं 02 सेट फोटोकॉपी सहित पहुँचकर वेरीफिकेशन उसी दिवस करवाना होगा। ● वेरीफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा। ● यदि कैंडिडेट द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 01 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट अनुसार अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा।	10.10.2026 से 15.10.2026

आवेदकों के लिये महत्वपूर्ण जानकारियां निम्नानुसार हैं:-

- आईटीआई में महिलाओं के लिये प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की कमी की गई है।
- समस्त व्यवसायों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिये प्रवेश शुल्क को दो किश्तों में जमा करने का प्रावधान किया गया है।
- आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रवेश की अधिक जानकारी के लिये नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क पर अवश्य संपर्क करें। आईटीआई में प्रवेश फार्म भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।
- आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध रिक्त सीटों के किसी 01 आईटीआई के 01 व्यवसाय के लिये रु. 50/- भुगतान करके च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं।
- प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें- **फोन नं. 9220407724, 9220407725, 9220407726, ई-मेल- mpitisupport@gmail.com**

म.प्र. माध्यम/128506/2026 **अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

25 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया पंचायत सचिव

प्रॉपर्टी टैक्स कम करने मांगे थे 50 हजार

● खंडवा / राज न्यूज नेटवर्क



पंचायत सचिव ने स्कूल का दो साल का प्रॉपर्टी टैक्स कम करने के बदले 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इस मामले में लोकायुक्त टीम इंदौर ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत नाहल्दा के सचिव कृष्ण देव पटेल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, ग्राम नाहल्दा निवासी लक्ष्मण सिंह चौहान का निजी स्कूल है। इसका संचालन उनका बेटा करता है। स्कूल ग्राम पंचायत नाहल्दा के क्षेत्र में आता है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि स्कूल के दो साल का प्रॉपर्टी टैक्स करीब 2 लाख 20 हजार रुपए बताया गया था।

इस राशि को कम करने के बदले पंचायत सचिव कृष्ण देव पटेल ने 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद टीम ने शुक्रवार को मेडिकल चौराहे के पास चाय की दुकान के सामने सचिव को शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपए लेते हुए पकड़ लिया गया।

चोरी से पहले मंदिर में मन्नत मांगती थी चड्ढी-बनियान गैंग

तीन सदस्य और ज्वेलर्स गिरफ्तार

● रतलाम / राज न्यूज नेटवर्क



आठ महीने से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रही चड्ढी-बनियान गैंग के तीन सदस्यों और चोरी के गहने खरीदने वाले गुजरात के एक ज्वेलर्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम चांदी, 40 ग्राम सोने के आभूषण और 9 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं। गैंग का एक सदस्य अभी फरार है। शहर में लगातार हो रही चोरियों के बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपियों के तार गुजरात के दाहोद जिले के जैसावाड़ा क्षेत्र से जुड़े मिले। पुलिस टीम ने वहां करीब एक सप्ताह निगरानी के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी शनिवार को मोबाइल बंद कर घर पर छोड़ देते और ट्रेन से दूसरे क्षेत्रों में पहुंचकर रात में चोरी करते थे। चोरी पर निकलने से पहले देवी मंदिर में मन्नत मांगकर धागा बांधते और सफल होने पर उसे खोलते थे। गिरफ्तार आरोपियों में कालू, नभला, मालाभाई और ज्वेलर्स मणिशंकर उर्फ पोपटलाल शामिल हैं।

सरपंच का चुनाव लड़ने प्रेमिका के घर से डेढ़ करोड़ का माल चुराया

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क



सरपंच का चुनाव लड़ने और महंगे शौक पूरे करने के लिए एक युवक ने अपनी प्रेमिका के घर से करीब डेढ़ करोड़ रुपए के सोने के जेवर और नकदी चोरी कर ली। लसूड़िया पुलिस ने आरोपी गोपाल जाखड़ को राजस्थान के जोधपुर जिले के गारासनी से गिरफ्तार कर करीब 1.10 करोड़ रुपए का माल बरामद किया है।निपानिया मेन रोड निवासी रेनू शर्मा ने पुलिस को बताया कि 10 अगस्त से 13 सितंबर के बीच उनके घर से कीमती सामान चोरी हो गया। गोपाल के कई दिनों तक गायब रहने और मोबाइल बंद मिलने पर उन्हें शक हुआ। जांच में अलमारी से जेवर और नकदी गायब मिले।

एक करोड़ का सोने का बिस्किट बरामद

पुलिस ने संदेह के आधार पर गोपाल को पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसके कब्जे से 630 ग्राम सोने का बिस्किट, 40 ग्राम सोने की चेन, दो लाख रुपए नकद और मोबाइल जब्त किया गया। बरामद माल की कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपए बताई गई है। पुलिस शेष माल की बरामदगी के लिए आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

टेकनपुर हाईवे पर जमीन विवाद में गोलीबारी, युवक की मौत

● ग्वालियर / राज न्यूज नेटवर्क



टेकनपुर हाईवे पर शुक्रवार शाम जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में संदीप परिहार की मौत हो गई। उसे चार गोलियां लगने की जानकारी सामने आई है। घटना में एक अन्य व्यक्ति के घायल होने की भी सूचना है।पुलिस के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य आलोक शर्मा की जमीन का एक बीघा हिस्सा डबरा निवासी व्यापारी हरी गुप्ता को बेचा गया था। बाद में हरी गुप्ता ने यह जमीन मुरैना के एक गुर्जर परिवार को बेच दी। नामांतरण और कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। शुक्रवार शाम श्याम गुर्जर परिवार के लोग हथियारबंद साथियों के साथ जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे। वहां नवीन शर्मा और उनके कर्मचारियों से विवाद के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। संदीप, जो नवीन शर्मा के यहां काम करता था, गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।मृतक पक्ष ने श्यामू, लालू, विनय, सोनेराम और बाबा गुर्जर पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। जमीन विवाद और गोलीबारी की परिस्थितियों की जांच जारी है।

ब्रीफ न्यूज

भोपाल : मुख्यमंत्री कल निजी स्कूलों को करेंगे 502 करोड़ रुपए ट्रांसफर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 अक्टूबर को नरसिंहपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 की फीस प्रतिपूर्ति राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर करेंगे। इसके अंतर्गत प्रदेश के 20 हजार 456 प्रायवेट स्कूलों के खातों में 502 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी। इससे 8 लाख 19 हजार से अधिक विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा नरसिंहपुर जिले में 45 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण भी करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में कक्षा पहली से 8वीं तक गरीब एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिलाया जा रहा है।

खंडवा : देवी प्रतिमा हाईटेंशन लाइन से टकराई, चार झुलसे

खंडवा। ट्रैक्टर-ट्रॉली से पंडाल तक लाए जाने के दौरान देवी प्रतिमा हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। इसे पकड़कर बैठे 4 लोग झुलस गए। हादसा इंदौर-एदलाबाद नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ। डॉक्टरों के मुताबिक, घायलों की हालत सामान्य है। जानकारी के मुताबिक, नवरात्रि के मौके पर खंडवा के टपालचाल एरिया में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए आयोजक मंडल ने बुरहानपुर में मूर्ति बुक कराई थी। शुक्रवार को मंडल के सदस्य ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर 15 फीट ऊंची देवी की मूर्ति खंडवा ला रहे थे। प्रतिमा का मुकुट हाईवे के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे प्रतिमा करंट की चपेट में आ गई। घटना में विजय हाथमोड़े, गिरीश पिता राजू, कपिल पिता रमेश और राजा घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची नेशनल हाईवे की एम्बुलेंस से चारों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

राजगढ़: पुतला दहन के दौरान युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत दो झुलसे

राजगढ़। ब्यावरा में मतदाता सूची से नाम काटने और वोट चोरी के आरोपों को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई के प्रदर्शन के दौरान हादसा हो गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाते समय आग की लपटों की चपेट में आने से युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा और एनएसयूआई कार्यकर्ता विशाल डांगी झुलस गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पीजी कॉलेज से पीपल चौराहे तक रैली निकाली। चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान पुतले में आग लगाते ही लपटें अचानक तेज हो गईं। पास खड़े अमन अरोरा के कपड़ों में आग लग गई। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाकर उन्हें बचाया। इस दौरान विशाल डांगी भी झुलस गए। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची से नाम काटने और कथित वोट चोरी के मुद्दे पर नारेबाजी की थी।

कटनी: ट्रेन में लावारिस मिली डेढ़ माह की बच्ची



कटनी। बीना-नागदा स्पेशल ट्रेन क्रमांक 09341 में शुक्रवार की सुबह एक लावारिस नवजात बच्ची मिलने से रेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बकलेहटा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के ड्राइवर को इंजन के ठीक पीछे वाली बोगी से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ट्रेन के कटनी प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही जीआरपी, आरपीएफ और महिला आरक्षक की टीम ने बोगी में पहुंचकर लगभग डेढ़ महीने की बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया । जीआरपी पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है कि मासूम को ट्रेन में किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा।

भोपाल : दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनें आज रहेंगी निरस्त

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे ने परिचालन संबंधी कारणों से दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। शुक्रवार को कई ट्रेनों को निरस्त होने के बाद शनिवार 10 अक्टूबर को 12156 हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति के साथ मुंबई से दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस भी निरस्त रहेंगी। वहीं, कोटा से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन संख्या 12059 को शनिवार, 10 अक्टूबर के लिए निरस्त किया गया है। इसके साथ ही इंदौर से दिल्ली जाने वाली तीन ट्रेनों के रद्द होने से दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना में बदलाव करना पड़ सकता है। रेलवे की सूची में कोटा-हजरत निजामुद्दीन ट्रेन संख्या 12059 को 10 अक्टूबर को निरस्त बताया गया है। ऐसे में शनिवार को दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भी स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की पुष्टि करने की जरूरत है।

इंदौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

क्रिकेट मैच से पहले सात करोड़ का ऑनलाइन सट्टा पकड़ाया

फ्लैट से मोबाइल-लैपटॉप और लेनदेन का रजिस्टर जब्त

● इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क



भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मैच से पहले इंदौर क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन क्रिकेट और कैसीनो सट्टेबाजी नेटवर्क का खुलासा किया है। महालक्ष्मी नगर स्थित एक फ्लैट में छापेमारी कर पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से सात करोड़ रुपए से अधिक के सट्टे के लेनदेन का हिसाब मिला है।

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, मुख्य आरोपी आकाश जिंदल (27), निवासी नीमच, मंडी में आढ़त का काम करता है। वह खुद सट्टा खेलने का आदी था और कर्ज में डूब गया था। कर्ज चुकाने और जल्दी अमीर बनने के लालच में उसने सट्टा नेटवर्क शुरू किया। यह नेटवर्क फरवरी से संचालित होने की जानकारी सामने आई है। क्राइम ब्रांच ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। यह कार्रवाई पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा 3/4, भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस) की धारा 112(1) और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत की गई है। पुलिस अब आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड, मोबाइल संपर्कों और बैंक खातों की डिटेल निकाल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें संगठित अपराध की धाराएं बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। आरोपियों को रिमांड पर लेकर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश तेज कर दी गई है।

25 हजार रुपये मासिक वेतन पर रखे कर्मचारी

आकाश ने यश शुक्ला (23), निवासी ललितपुर, और गौरव यादव (23), निवासी आजमगढ़, को 25 हजार रुपये प्रतिमाह पर रखा था। तीनों टेलीग्राम के जरिए संपर्क में रहते थे और ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से क्रिकेट व कैसीनो गेम पर सट्टा खिलाते थे।

दूसरों के बैंक खातों से होता था लेनदेन

पुलिस ने फ्लैट से एक लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, छह एटीएम कार्ड, दो बैंक चेकबुक और सात हजार रुपये नकद जब्त किए। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अनुमानित कीमत 2.97 लाख रुपए बताई गई है। सट्टे की रकम के लिए कथित तौर पर दूसरों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने जुआ अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। बैंक खातों, मोबाइल संपर्कों और अन्य संभावित आरोपियों की जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से दूर रहने की अपील की है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बालाघाट के बैगा आदिवासी बच्चों की मौत का मामला

केंद्र सहित संबंधित पक्षों को नोटिस

● जबलपुर / राज न्यूज नेटवर्क



बालाघाट जिले के बैहर-बिरसा क्षेत्र में बैगा आदिवासी बहुल गांवों में बच्चों की मौत, कुपोषण और संक्रामक बीमारियों का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र सरकार सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।बालाघाट निवासी अजब लाल लिल्हारे की जनहित याचिका में दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं, टीकाकरण, पोषण और समय पर उपचार की कमी का मुद्दा उठाया गया है। याचिकाकर्ता ने सुरक्षित पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और बच्चों की मौत के मामलों में जवाबदेही तय करने की मांग की है।

बच्चों की मौत के आंकड़ों में भी अंतर

कांग्रेस ने करीब चार माह में 45 बच्चों की मौत का दावा किया है, जबकि प्रशासन ने 32 मौतों की पुष्टि की है। प्रशासन के अनुसार, प्रभावित 57 गांवों में 49,553 लोगों की स्क्रीनिंग की गई और 40,835 बच्चों का टीकाकरण हुआ। मृत बच्चों के 32 परिवारों को चार-चार लाख रुपये की सहायता दी गई है। इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका लंबित है। अब सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और बच्चों की मौत के कारणों की जांच को लेकर सरकार के जवाब पर नजर रहेगी।

पन्ना टाइगर रिजर्व मामले में सीईसी की रिपोर्ट तलब

जबलपुर। केन-बेतवा लिंक परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों से जुड़ी जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को निर्धारित की है।जबलपुर के अधिवक्ता अरिहंत तिवारी की याचिका में दावा किया गया है कि परियोजना से पन्ना टाइगर रिजर्व का आधे से अधिक हिस्सा डूब क्षेत्र में आ सकता है और करीब 60 लाख पेड़ों की कटाई होने की आशंका है। इससे बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और विचरण गलियारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। याचिका में वर्ष 2017 की पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए स्वतंत्र वैज्ञानिक और जलवैज्ञानिक अध्ययन की मांग की गई है। केन घड़ियाल अभयारण्य पर संभावित प्रभाव तथा बुंदेलखंड के पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का मुद्दा भी उठाया गया है। अदालत ने सीईसी रिपोर्ट में कथित अनियमितताओं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित कार्यवाही की स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

अतिक्रमण हटाने गई ननि टीम पर किया हमला, जेसीबी में तोड़फोड़

मुरैना के नंदेपुरा क्षेत्र का मामला, तीन कर्मचारी घायल

● मुरैना / राज न्यूज नेटवर्क



मुरैना के नंदेपुरा क्षेत्र में शुक्रवार शाम सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर निगम के अमले पर महिलाओं ने पथराव कर दिया। घटना में जेसीबी मशीन के कांच टूट गए और नगर निगम के तीन कर्मचारी घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 30 के नंदेपुरा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है। यहां सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। शुक्रवार शाम निगम का अमला जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटाने पहुंचा, तभी महिलाओं ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में जेसीबी मशीन के कांच टूट गए और पत्थर लगने से निगम के तीन कर्मचारी घायल हो गए। निगम कर्मियों की शिकायत पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

दोस्त की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

छिंदवाड़ा (आरएनएन)। चौरई की इंद्रा कॉलोनी में पानी की टंकी के पास मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने 48 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा करते हुए 20 वर्षीय सुमित वंशकार को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान लोहारा निवासी शुभम उर्फ बम्बईया वर्मा के रूप में हुई है। पानी की टंकी के पास युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस के मुताबिक, शुभम और सुमित की दोस्ती थी और दोनों साथ रहते थे। मंगलवार देर रात किसी बात पर विवाद होने के बाद सुमित ने कथित तौर पर शुभम पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के द्वितीय बैच के 36 प्रतिभागियों से संवाद

विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

● रायपुर/ राज न्यूज नेटवर्क





छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कहा कि विकसित प्रदेश और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। युवा अपनी शिक्षा, प्रतिभा, कौशल और नवीन विचारों का उपयोग जनकल्याण तथा शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में करें।

मुख्यमंत्री साय ने यहां अपने निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के द्वितीय बैच के 36 प्रतिभागियों से संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने युवाओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए अपने छात्र जीवन, पारिवारिक संघर्ष और सार्वजनिक जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिम्मेदारी का निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना ही सफलता का आधार है।श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ भी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने फेलोशिप के प्रतिभागियों से जिलों में कार्य करते समय स्थानीय परिस्थितियों, जनसमस्याओं और योजनाओं के क्रियान्वयन का अध्ययन कर व्यावहारिक सुझाव देने का आह्वान किया।उन्होंने शिक्षा और कौशल विकास को रोजगार का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है।

प्रदेश के 30 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जा रहा है। जिलों में आजीविका महाविद्यालयों के माध्यम से भी युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि पिछले लगभग ढाई वर्षों में 700 से अधिक रोजगार मेलों के माध्यम से करीब 24 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

पेज 1 का शेष

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : ओबीसी...

87:13 व्यवस्था पर भी पड़ सकता है असर- आरक्षण विवाद के चलते प्रदेश में 87:13 के फार्मूले के तहत भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही थी। इसके तहत 87 प्रतिशत पदों पर चयन और नियुक्तियां की जा रही थीं, जबकि शेष 13 प्रतिशत पदों को विवाद के अंतिम निर्णय तक रोका गया था। हाईकोर्ट के फैसले का असर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल और अन्य भर्ती एजेंसियों की लंबित चयन प्रक्रियाओं पर पड़ सकता है। हालांकि, लंबित पदों पर नियुक्तियों की स्थिति संबंधित भर्ती के आदेशों और चयन प्रक्रिया के अनुसार तय होगी। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा, कोर्ट ने ये भी स्पष्ट किया कि 2 सितंबर 2019 से लेकर 29 सितंबर 2022 के बीच में जो भी चयन प्रक्रिया हुई है, जिसमें पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर चयन किया गया था, ऐसी सभी चयन प्रक्रियाओं को माननीय उच्च न्यायालय ने सुरक्षित रखा है और उन्होंने कहा है कि आगामी तीन चयन प्रक्रियाओं में इन एक्स्ट्रा पदों को समायोजित किया जाएगा। तीसरा बिंदु उन्होंने स्पष्ट किया कि जो 13 प्रतिशत होल्ड पद हैं, उसको अनारक्षित वर्ग से भरा जाए और ऐसी सभी कार्यवाही 3 माह के भीतर करने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा...

कोर्ट ने कहा कि बंद मेट्रो स्टेशनों की संख्या कम की जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि पाबंदी लगाने और पूरी तरह बंद करने में फर्क होता है। कोर्ट ने ये बातें सीपीएम महासचिव एम.ए. बेबी की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान कहीं, जिसमें मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और ट्रेनों को रद्द करने का विरोध किया गया था। सरकार ने सीजेपी के 10 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन से पहले 57 मेट्रो स्टेशनों को बंद कर दिया है। इसके अलावा, 10 अक्टूबर को नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर आने वाली कई ट्रेनों को भी रद्द कर दिया है। वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा, सभी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं, मेट्रो स्टेशन बंद हैं। आप कहीं आ-जा नहीं सकते। मेरे देश में क्या हो रहा है? यह एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, हमारी मुख्य चिंता इन मेट्रो स्टेशनों के एंट्री गेट को पूरी तरह बंद करने को लेकर है। हमारी चिंता किसी खास प्रदर्शनकारी या व्यक्ति को लेकर नहीं है, बल्कि उन सैकड़ों-हजारों यात्रियों को लेकर है जो अपनी रोजी-रोटी के लिए गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, पूर्वी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली से दिल्ली आते-जाते हैं।

महिला कर्मचारी का मानदेय 10 माह...

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की जाए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का भी तय समय में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों की जांच और समाधान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन देने तथा किसी भी कर्मचारी का भुगतान लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए।

नल-जल योजनाओं की निगरानी करें- मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कलेक्टर को हस्तांतरित नल-जल योजनाओं की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। योजनाओं के संचालन में समस्या आने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लोगों को नियमित पेयजल मिल सके। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं का हस्तांतरण शीघ्र कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही बिजली संबंधी समस्याओं और ट्रिपिंग पर नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया।

हरदा छोटा जिला, इसे आदर्श बना सकते हैं- विभागीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरदा छोटा जिला है और इसे आदर्श बनाया जा सकता है। सभी अधिकारी मिलकर जिले के विकास के लिए काम करें। उन्होंने नर्मदा परिक्रमा पथ का विकास शीघ्र करने और जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

भारतीय मूल की नवी पिल्लई को...

नावी पिल्लई महिलाओं के अधिकारों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन की सह-संस्थापकों में शामिल हैं। यह संगठन महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने तथा लैंगिक भेदभाव के खिलाफ काम करता है। उनके काम का दायरा महिलाओं के अधिकारों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने बच्चों, हिरासत में रखे गए लोगों, यातना और घरेलू हिंसा के पीड़ितों तथा अन्य मानवाधिकार मुद्दों से जुड़े प्रयासों में भी योगदान दिया है।

यौन उत्पीड़न में जेएनयू के प्रोफेसर...

इसके बाद यूनिवर्सिटी ने मामले से जुड़े तथ्यों और समिति की रिपोर्ट पर विचार करते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का फैसला लिया। यह आदेश जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी. पंडित ने जारी किया है। आदेश के अनुसार, बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस फैसले के साथ प्रोफेसर अकोइजाम की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम जेएनयू के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल सिस्टम्स में कार्यरत थे। यह केंद्र समाज, सामाजिक संबंधों और सामाजिक संरचनाओं से जुड़े विषयों के अध्ययन से संबंधित है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी। एबीवीपी ने दावा किया था कि 11 छात्राओं ने प्रोफेसर के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई थीं। छात्र संगठन के मुताबिक, ये शिकायतें करीब चार महीने पहले यूनिवर्सिटी की आंतरिक समिति को सौंपी गई थीं। संगठन ने शिकायतों पर कार्रवाई में देरी को लेकर सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। अकोइजाम ने कथित आरोपों को अपुष्ट बताते हुए इसे अपनी छवि खराब करने की कोशिश करार दिया था।

ब्रीफ न्यूज



विधायक रामेश्वर शर्मा ने मुखर्जी इंडस्ट्रियल पार्क का किया निरीक्षण

भोपाल। विधायक रामेश्वर शर्मा ने शुक्रवार को मुखर्जी नगर कोलार स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क'' का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को इंडस्ट्रियल पार्क के विभिन्न पहुंच मार्गों के निर्माण संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा की क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को सुगम बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विकास कार्यों को गति देना हमारी प्राथमिकता है। विधायक शर्मा ने डी मार्ट से केरवा जंक्शन एवं केरवा जंक्शन से हॉली फ़ैमिली स्कूल कोलार सिक्स लेन तक इस संपूर्ण मार्ग को फोर लेन किये जाने संबंधी निर्देश दिए इस संपूर्ण पर स्ट्रीट लाइट भी लगायी जाए। साथ ही मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क को सीधे मुखर्जी कोलार सिक्स लेन से जोड़ने वाली रोड की समीक्षा भी की।

राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज में माइंड मैनेजमेंट पर व्याख्यान



भोपाल। राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने मन को समझें, सफलता की राह बनाएं विषय पर विशेष विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और प्रबंधन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता प्रदीप शर्मा, माइंड मैनेजमेंट कोच, ग्राफोलॉजी विशेषज्ञ, एनएलपी विशेषज्ञ एवं भावनात्मक बुद्धिमत्ता मार्गदर्शक ने विद्यार्थियों को मन की कार्यप्रणाली, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, तनाव प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा, विद्यार्थियों के लिए केवल किताबी और तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्हें अपनी सोच और भावनाओं को समझने के साथ चुनौतियों का सकारात्मक तरीके से सामना करना भी सीखना चाहिए। इस दौरान समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सक्सेना, समूह निदेशक डॉ. पी.के. लाहिरी, डीन प्रशासन एस.बी. खरे सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने करियर, व्यक्तित्व विकास, तनाव और सफलता से जुड़े सवाल भी पूछे।

नवरात्र मेला: मैहर में 14 जोड़ी ट्रेनों का होगा अस्थायी ठहराव

भोपाल। शारदीय नवरात्र के दौरान मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए भोपाल मंडल होकर संचालित होने वाली 14 जोड़ी ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर पांच मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है। यह सुविधा 11 से 22 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी। जानकारी के मुताबिक मैहर स्टेशन पर लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस (11055) रात 3:10 बजे पहुंचेगी और 3:15 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन (11056) रात 8:25 बजे पहुंचकर 8:30 बजे रवाना होगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस (11059) का ठहराव रात 3:10 से 3:15 बजे तक रहेगा। चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस (12669) रात 8:50 से 8:55 बजे तक मैहर में रुकेगी। वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (19051) दोपहर 3:05 से 3:10 बजे तक ठहरेगी। इसके अलावा पुणे-गोरखपुर, पुणे-बनारस, बांद्रा टर्मिनस-पटना, एलटीटी-रक्सौल, पूर्णा-पटना, एलटीटी-रांची, एलटीटी-अयोध्या कैंट, एलटीटी-गुवाहाटी और सूरत-छपरा सहित अन्य ट्रेनों को भी निर्धारित तिथियों में ठहराव दिया गया है।

जनविश्वास अभियान सरकार की प्रतिबद्धता को कर रहा है साकार

कलेक्टर बोले शिविर में आने वाले लोग अपने आवेदन का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश सरकार निःस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान सरकार की इसी प्रतिबद्धता और सुशासन की भावना को साकार कर रहा है। यह बात मंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील एवं दूरदर्शी सोच से प्रारंभ यह अभियान नागरिकों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्री ने कहा कि 7 अगस्त से प्रारंभ हुए अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित शिविर जनकल्याण का माध्यम बन रहे हैं।

इन शिविरों के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को संवेदनशीलता से सुनें और उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गोविंदपुरा क्षेत्र में एम्स चिकित्सालय, ग्लोबल स्किल्स पार्क, सांदीपनी विद्यालय और भेल संस्थान क्षेत्र की प्रगति के महत्वपूर्ण संकेतक हैं। स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, कौशल विकास और औद्योगिक गतिविधियों से जुड़ी ये संस्थाएँ क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



10 लेन मार्ग प्रदेश की विशिष्ट पहचान बनेगा

मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि आगामी समय में अयोध्या बायपास पर आकार लेने वाला 10 लेन मार्ग प्रदेश की विशिष्ट पहचान बनेगा। साथ ही नगर निगम द्वारा सीवेज नेटवर्क का निर्माण कराया जा रहा है। इन अधोसंरचना कार्यों से क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

जन-समस्याओं का निराकरण और क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता: कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का मूल उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाकर आमजन तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से पहुंचाना है। वही, शिविर में अपनी समस्या को लेकर आए लोगों से अपील कर कहा कि वे शिविरों में अपने आवेदनों का पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि उनका त्वरित और व्यवस्थित निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा रेखांकित जन-समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

मास्टर प्लान में गोविंदपुरा को लेकर अनेक प्रस्ताव : कलेक्टर ने बताया कि हाल ही में जारी भोपाल के ड्राफ्ट मास्टर प्लान में गोविंदपुरा क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित अनेक प्रस्ताव समाहित किए गए हैं। इनमें स्किल्स पार्क, औद्योगिक क्षेत्र तथा शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विकास कार्यों के प्रस्ताव शामिल हैं।

एम्स को एनएबीएच की पूर्ण मान्यता, 1457 बिस्तरों पर मिलेगी राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सेवा

पहले चरण में स्थापित छह एम्स में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला संस्थान

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल को अस्पताल की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के लिए राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) से पूर्ण मान्यता मिली है।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के पहले चरण में देश में स्थापित छह एम्स में भोपाल यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला संस्थान बन गया है। यह मान्यता संस्थान के सभी विभागों और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत आने वाले 1457 बिस्तरों पर लागू होगी और 23 सितंबर 2030 तक प्रभावी रहेगी। इस मान्यता के लिए एम्स भोपाल ने जुलाई 2025 में एनएबीएच के साथ पंजीकरण कराया था। इसके बाद पांच वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ताओं की टीम ने संस्थान का भौतिक निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल के बुनियादी ढांचे, चिकित्सकीय और प्रशासनिक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था तथा मरीजों की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों का आकलन किया। विभिन्न विशेषज्ञ विभागों की सेवाओं की समीक्षा के साथ स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत भी की गई। निर्धारित मानकों और वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन के आधार पर तैयार रिपोर्ट स्वीकार होने के बाद संस्थान को पूर्ण मान्यता प्रदान की गई।

2030 तक प्रभावी रहेगी मान्यता

एनएबीएच की पूर्ण मान्यता 23 सितंबर 2030 तक प्रभावी रहेगी। इसके दायरे में एम्स भोपाल की सभी विशेषज्ञताओं और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के कुल 1457 अस्पताल बिस्तर शामिल हैं। यह उपलब्धि संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

मरीजों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता पर जोर

एनएबीएच की मान्यता अस्पताल में उपचार की गुणवत्ता, मरीजों की सुरक्षा और सेवाओं के मानकीकरण से जुड़े निर्धारित मानकों के मूल्यांकन के बाद दी जाती है। एम्स भोपाल को मिली इस मान्यता का अर्थ है कि संस्थान की संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का राष्ट्रीय मानकों के आधार पर आकलन किया गया है। इससे अस्पताल में उपचार की प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित बनाने, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत करने और सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों ने अपनी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। संस्थान का उद्देश्य उपचार की गुणवत्ता बेहतर करने के साथ मरीजों के लिए सुरक्षित, कुशल और सुविधाजनक स्वास्थ्य वातावरण तैयार करना है।

बिजली के टूटे तार की शिकायत के साथ भेजना होंगी दो तस्वीर, GPS से पता चलेगी लोकेशन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया में किया बदलाव, 1912 पर भी कर सकेंगे शिकायत

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

बिजली के टूटे तार, झुके खंभे या खुले तारों से होने वाले खतरे की शिकायत करने के लिए अब उपभोक्ताओं को समस्या वाले स्थान की दो तस्वीरें और उसका संक्षिप्त विवरण देना होगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने विद्युत सुरक्षा संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए यह व्यवस्था की है। शिकायत दर्ज करते समय मोबाइल फोन में जीपीएस सुविधा चालू रखना भी जरूरी होगा, ताकि संबंधित स्थल की सटीक जानकारी अधिकारियों तक पहुंच सके और समस्या का निराकरण जल्द किया जा सके।

कंपनी के अनुसार, विद्युत सुरक्षा संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिए उपभोक्ता उपाय एप, कंपनी के आधिकारिक पोर्टल httpsÑ// portal.mpcz.in या दूरभाष क्रमांक 1912 का उपयोग कर सकते हैं। दूरभाष सेवा के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने पर संबंधित स्थल की तस्वीरें और स्थान की जानकारी भेजने के लिए संदेश के जरिए एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। शिकायत के साथ दो तस्वीरें अनिवार्य करने का उद्देश्य अधिकारियों को मौके की स्थिति समझने में मदद करना है। तस्वीरों और संक्षिप्त विवरण से यह पता चल सकेगा कि समस्या टूटे तार, झुके खंभे, खुले विद्युत तार या चिंगारी निकलने से संबंधित है। जीपीएस के जरिए स्थान की जानकारी मिलने से अधिकारियों और दलों को मौके तक पहुंचने तथा आवश्यक कार्रवाई करने में सुविधा होगी। कंपनी इस व्यवस्था के माध्यम से शिकायतों पर की जाने वाली कार्रवाई की निगरानी भी करेगी। इससे शिकायत किस स्थान से संबंधित है और वहां किस तरह की समस्या है, इसकी जानकारी मिलने में आसानी होगी।

खतरा दिखे तो दूरभाष सेवा पर दें सूचना

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली के तार टूटे होने, खंभे झुके होने, खुले तार दिखाई देने या विद्युत उपकरणों से चिंगारी निकलने पर उन्हें छूने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। शिकायतों के लिए कंपनी ने उपाय एप, पोर्टल और 1912 की सुविधा उपलब्ध कराई है। समय पर सूचना मिलने से दुर्घटनाओं की आशंका कम करने और संबंधित समस्या का शीघ्र निराकरण करने में सहायता मिल सकती है।

सरकार की कमजोर पैरवी से ओबीसी को लगा झटका, सुप्रीम कोर्ट जाएगी कांग्रेस

जीतू पटवारी ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तत्काल सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर करे सरकार

● भोपाल / राजनीतिक संवाददाता

मप्र में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कमजोर कानूनी पैरवी और ओबीसी वर्ग के सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन से जुड़े पर्याप्त तथ्य प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण आरक्षण की लड़ाई को झटका लगा है। पटवारी ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और देश के बड़े से बड़े अधिवक्ताओं के माध्यम से यह लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे। पटवारी ने राज्य सरकार से मांग की कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तत्काल सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की जाए और अनुभवी वकीलों की मजबूत टीम से पैरवी कराई जाए। उन्होंने ओबीसी आरक्षण की रक्षा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग भी की।

भाजपा का ओबीसी विरोधी चेहरा उजागर: पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि भाजपा का ओबीसी विरोधी चेहरा अब पूरी तरह सामने आ चुका है। वर्ष 2019 में मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, लेकिन भाजपा की सरकारें शुरू से ही इस आरक्षण को समाप्त करने का षड्यंत्र कर रही थीं। सरकार की कमजोर पैरवी और आधी-अधूरी सूचनाएं देने से हाईकोर्ट ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को रद्द कर दिया है। इस तरह से भाजपा ने अदालत में कमजोर पक्ष रखकर ओबीसी वर्ग की पीठ में छुरा घोंपा है। मैं भाजपा को चेतावनी देता हूं कि ओबीसी वर्ग के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, हर स्तर पर ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की लड़ाई लड़ी जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट जाएगी ओबीसी महासभा, आंदोलन होगा: मप्र में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण और 13 प्रतिशत होल्ड से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर ओबीसी महासभा ने निराशा जताई है। संगठन ने निर्णय को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील करने और प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि आरक्षण का मुद्दा लंबे समय से लंबित है, जिससे हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है।

बीएमएचआरसी में अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की जाए

भोपाल, प्रसं। प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा ने भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में कथित अनियमितताओं को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में अस्पताल में मरीजों के उपचार, आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, कर्मचारियों के भुगतान और महंगी चिकित्सा मशीनों के उपयोग सहित विभिन्न मामलों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। शर्मा ने कहा कि अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती में कथित भ्रष्टाचार, नियुक्ति के नाम पर 50 हजार से दो लाख रुपए तक वसूले जाने और लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने कर्मचारियों के टीए-डीए, बोनस, पेंशन और ग्रेच्युटी से जुड़े भुगतान की भी स्वतंत्र ऑडिट कराने की मांग की।

मदीना में इस साल भी नहीं मिलेगा हाजियों को ठिकाना

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

हज यात्रा पर जाने वाले भोपाल पूर्व रियासत (भोपाल सीहोर रायसेन) के हाजियों को इस साल भी मदीना की रुबात में ठहरने की सुविधा नहीं मिलेगी। रुबात के अधिकार और स्वामित्व को लेकर मामला सऊदी अरब की शरिया अदालत में है। कानूनी विवाद का समाधान नहीं होने से लगातार सातवें साल हाजी इस सुविधा से वंचित रहेंगे। मदीना रुबात का मामला अदालत में चल रहा है। इसके अधिकार और स्वामित्व को लेकर कानूनी स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण रुबात का लाभ हाजियों को नहीं मिल पा रहा है।

क्या है रुबात विवाद?

मदीना रुबात भोपाल रियासत के नवाबों द्वारा भारतीय हाजियों की सुविधा के लिए स्थापित की गई थी। इसका उद्देश्य हज यात्रियों को ठहरने की सुविधा देना था। रुबात के अधिकार और स्वामित्व को लेकर विवाद सऊदी अरब की अदालत तक पहुंच गया। मामले में अंतिम निर्णय नहीं होने के कारण हाजियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। दावा मदीना मुनावारा के मामले में ओकाफ शाही ने हाजियों को अफवाओं पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि आगे की सुविधा के लिए सभी प्रयास किया जा रहे हैं जल्दी ही मदीना मुनव्वरा में भोपाल के लिए खबर अच्छी आयेगी।

रापुसे के 18 वरिष्ठ अधिकारियों को उच्च वेतनमान

भोपाल। राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) के 18 वरिष्ठ अधिकारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया है। गृह विभाग की विभागीय छानबीन समिति ने अधिकारियों की पात्रता और सेवाकाल की समीक्षा के बाद सात अधिकारियों को अधिसमय वेतनमान (सुपर टाइम स्केल) और 11 अधिकारियों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) स्वीकृत किया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में लिया गया। वर्ष 2001 बैच तक के सात अधिकारियों को छठे वेतनमान के तहत 37,400 से 67,000 रुपए वेतनमान और 8,900 रुपए ग्रेड पे स्वीकृत किया गया है। इनमें अजय प्रताप सिंह, घनश्याम मालवीय, इरमीन शाह, अरविन्द कुमार दुबे, अमरेन्द्र सिंह, आशीष खरे और उमेश कुमार शर्मा शामिल हैं।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी का नाम	मांग सूचना की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
स्व. श्री नरेश बोहाट जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी ममता बोहाट, जतिन बोहाट, नारायणी बोहाट, ममता बोहाट खाता सं. 211226301962861	06 अक्टूबर 2026 ₹ 630943/- 05 अक्टूबर 2026	खसरा नं. 3656/4 पी.एच. नं. 38, आरएनएम छत्तरपुर, तहसील व जिला छत्तरपुर, मध्य प्रदेश, 471001 क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट

दिनांक 10.10.2026 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED
कैप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड
पंजीकृत एवं वाणिज्यिक कार्यालय:- 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
मंडल कार्यालय:- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110060

परिशिष्ट IV आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जहां कहीं, सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता ने कैप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी तौर पर उपरोक्त सूचना की प्राप्ति से 60 दिवस के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ताओं/प्रतिभूतिकर्ताओं को माँगपत्र(त्रों) जारी किया था। ऋणकर्ता(गण)/ प्रतिभूतिकर्ता(गण) राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे है, इस सूचना द्वारा ऋणकर्ता(गण)/प्रतिभूतिकर्ता(गण) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ता का ध्यान उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर दिलाया जाता है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार सीजीएचएफएल की राशि एवं उस पर देय ब्याज के शुल्क के विषयांतर्गत होगा।

क्र. सं.	ऋणकर्ता(ओं) / प्रतिभूतिकर्ताओं का नाम	अचल संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का विवरण	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अधिग्रहण की तिथि
1.	(ऋण खाता संख्या LNHLBIA000052926 (पुराना), 50300000636181 (नया), हमारी ब्यावरा शाखा का) सतीश वर्मा (उधारकर्ता) काला बाई, धनराज वर्मा (सह-उधारकर्ता)	भूमि एवं भवन वाली संपूर्ण संपत्तिः प्लॉट/भूमि का क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट, डायवर्टेड सर्वे क्रमांक 1115/1/3/5 का हिस्सा, पटवारी हल्का क्रमांक 31, वार्ड क्रमांक 15, तात्या टोपे कुंज (मोगिया मोहल्ला), तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश-465674. संपत्ति की सीमाएं: उत्तर में सुषमा दिनकर का प्लॉट क्रमांक 15, दक्षिण में गोकुल प्रसाद यादव का प्लॉट, पूर्व में 20 फीट चौड़ी सड़क तथा पश्चिम में मोनू जाटव की भूमि।	06-07-2026 रू. 9,22,062/-	05.10.2026

स्थान : राजगढ़
दिनांक : 10.10.2026
हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय, भोपाल
अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 27.10.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 26.10.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। मंडल कार्यालय, भोपाल | प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप कुमार साहू | फोन नं. 0755-2550020/7000086955		
श्री बृजेश याग्निक पुत्र श्री उदयवीर सिंह (भौतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. 04, प्लॉट नं. 10, सेक्टर डी, चतुर्थ तल, क्षिप्रा ब्लॉक नं. 01, इंडस्ट्रीयल एरिया, मंडीदीप, वार्ड नं. 13, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, क्षेत्रफल-600 वर्ग फिट। सीमाएँ :- पूर्वः खुला भाग, पश्चिम: क्षिप्रा ब्लॉक 01, चतुर्थ तल 05, उत्तर : गलियारा, दक्षिण : क्षिप्रा ब्लॉक 02, चतुर्थ तल 03, सम्पत्ति मालिक: श्री बृजेश याग्निक पुत्र श्री उदयवीर सिंह।	(₹) 6,30,000/- (₹) 63,000/-	01.08.2019 22.10.2019 ₹ 1518496.62 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
श्री प्रफुल्ल देशमुख (सांकेतिक आधिपत्य) संपत्ति का वह भाग जिसमें आवासीय फ्लैट नं. टी-300, तृतीय तल, ''आस्था अपार्टमेंट'' प्लाट नं. 143-ए, पटवारी हल्का नं. 39, कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम- बंजारी, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल। क्षेत्रफल : 550 वर्ग फिट, सीमाएँ: पूर्व- मकान नं. 144-ए, पश्चिम- मकान नं. 142-ए, उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- मकान नं. 154-ए	(₹) 10,80,000/- (₹) 1,08,000/-	09-01-2026 20-03-2026 ₹ 993282.43 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
पद्मा अय्यर, जमानतदार : श्री संतोष राव (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति फ्लैट नं. एफ-2, मधुरम प्लाजा, गेहूखेड़ा, पुलिस गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्यादित, कोलार रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल- 813.70 वर्ग फुट, सीमाएँ: पूर्व - प्लाट नं. 13, पश्चिम -कॉरिडोर और फ्लैट नं. एफ-1, उत्तर - फ्लैट नं. एफ-3, दक्षिण - प्लाट नं. 2 अनुसूची बी, सम्पति मालिक : श्रीमती पद्मा अय्यर	(₹) 20,27,700/- (₹) 2,02,770/-	04-11-2025 11-03-2026 ₹2117294.76 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स मयूर फर्नीचर मार्ट प्रो. मनोज मालवीय पुत्र स्व. रविशंकर मालवीय (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति प्लाट नं. 2/17, खसरा नं. 355/7 का वह भाग जिसका क्षेत्रफल 40 फीट x 30 फीट (1200 वर्ग फीट) है, जो इंदिरा नगर, न्यू यार्ड, ग्राम मेहरागाँव, पह. नं. 09/13, बी. नं. 250, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), सीमाऐं : पूर्व में -मुख्तियार अली का रकबा, पश्चिम में - शीतल प्रसाद सरथे का रकबा, उत्तर में -रोड, दक्षिण में-रोड, संपत्ति मालिक : श्रीमती निशा मालवीय पत्नी श्री विनोद मालवीय	(₹) 11,02,500/- (₹) 1,10,250/-	26-05-2026 10-08-2026 (₹) 1571540.45 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च

नियम एवं शर्ते :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 27/10/2026 को वेबसाइट https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें। बकाया, किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, नियमानुसार क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा
दिनांक: 08/10/2026, स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में चेस कर लिया रनों का पहाड़

टी20 में 250 रन का टारगेट भी डिफेंड नहीं कर पाई टीम इंडिया

● रांची / राज न्यूज नेटवर्क

भारत और वेस्टइंडीज के बीच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।

वेस्टइंडीज ने भारत द्वारा दिए गए 250 रनों के विशालकाय लक्ष्य को हासिल करके एक सनसनीखेज और ऐतिहासिक उलटफेर कर दिया। कप्तान साई होप ने 45 गेंद पर 102 रन की नाबाद पारी खेली। 6 विकेट की इस चमत्कारिक जीत के साथ ही कैरेबियाई टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजों के मुफीद विकेट का पूरा फायदा उठाया। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने महज 41 गेंदों में 9 चौके और 4 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 200 की स्ट्राइक रेट से 82 रनों की आक्रामक पारी खेली। सैमसन के अलावा ईशान किशन ने 22 गेंदों में 43 रन, कप्तान श्रेयस अय्यर ने 18 गेंदों में 40 रन और तिलक वर्मा ने अंत में महज 18 गेंदों में नाबाद 44 रनों की आतिशी पारी खेली। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 249 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।



मयंक यादव ने दिए शुरुआती झटके

250 रनों का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। भारत के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पहले ही ओवर में लगातार दो गेंदों पर कामिल पूरन (4 रन) और खतरनाक बल्लेबाज शिमरन हेटमायर (0) को पवेलियन भेजकर वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। पॉवेल के आउट होने पर टीम का स्कोर 58/3 हो गया और ऐसा लग रहा था कि मैच पूरी तरह से भारत की मुट्ठी में है।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
अभिषेक कॉ.मोती बो.चेज	20	12	2	1
सैमसन कॉ.पूरन बो.स्प्रिंगर	82	41	9	4
ईशान बो. चेज	43	22	6	2
दुबे बो.चेज	7	10	1	0
अय्यर कॉ.हेटमायर बो.स्प्रिंगर	40	18	3	3
तिलक नाबाद	44	18	3	3
नमन नाबाद	4	1	1	0

अतिरिक्त: 9, कुल रन: 249-5 (20.0)
बल्लेबाजी नहीं की: अक्षर, अर्शदीप, मयंक, कुलदीप
विकेट पतन: 42-1,139-2,158-3,162-4,245-5.
गेंदबाज- अकील: 3-0-46-0, शेफर्ड: 3.4-0-47-0,चेज: 4-0-24-3, मोती: 2-0-21-0, शमर: 3-0-39-0, स्प्रिंगर: 4-0-64-2, पॉवेल: 0.2-0-7-0.

वेस्ट इंडीज	रन	गेंद	4	6
होप नाबाद	102	45	6	9
पूरन कॉ.बिश्नोई बो.मयंक	4	2	1	0
हेटमायर बो.मयंक	0	1	0	0
पॉवेल बो.मयंक	24	13	4	1
रदरफ़ोर्ड कॉ.सैमसन बो.कुलदीप	84	37	7	7
शेफर्ड नाबाद	34	13	3	3

अतिरिक्त: 4, कुल रन: 252-4 (18.3)
बल्लेबाजी नहीं की: चेज, स्प्रिंगर, अकील, शमर, मोती
विकेट पतन: 5-1,5-2,58-3,178-4. गेंदबाज- मयंक: 3-0-36-3, अर्शदीप: 4-0-45-0, अक्षर: 3.3-0-63-0, दुबे: 2-0-30-0, कुलदीप: 4-0-53-1, नमन: 2-0-25-0.

सीरीज 1-1 से बराबर, तीसरा मैच हुआ बेहद अहम

इस अभूतपूर्व जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने सीरीज में जोरदार वापसी की है। 5 मैचों की इस टी-20 सीरीज में अब दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर खड़ी हैं। ऐसे में अब सीरीज का तीसरा मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए बेहद निर्णायक और रोमांचक होने वाला है।

रदरफोर्ड और शाई होप ने महज 54 रन पर जोड़े 120 रन

इसके बाद क्रीज पर आए शेरफेन रदरफोर्ड ने कप्तान शाई होप के साथ मिलकर भारतीय गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। दोनों ने चौथे विकेट के लिए महज 54 गेंदों में 120 रनों की आतिशी साझेदारी कर डाली और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। शेरफेन रदरफोर्ड ने इस मैच में 37 गेंदों पर 84 रन बनाए। रदरफोर्ड के आउट होने के बाद भी शाई होप एक छोर पर चट्टान की तरह डटे रहे। होप ने कप्तानी पारी खेलते हुए अंत तक टिककर टीम को 6 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी।

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी से पाक ने नाम लिया वापस

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

पंजाब में होने वाली पुरुष हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से पाकिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है। उसकी जगह अब बांग्लादेश को छह टीमों के इस टूर्नामेंट में शामिल किया गया है।

प्रतियोगिता 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेली जाएगी। मेजबान भारतीय टीम की नजरें एशियाई स्तर पर अपना दबदबा कायम रखने और खिताब जीतने पर होंगी। हॉकी इंडिया की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, मलयेशिया, दक्षिण कोरिया और बांग्लादेश की टीमें हिस्सा लेंगी। करीब दो दशक बाद पंजाब में इस प्रतियोगिता के जरिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हाल ही में जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। भारत अब तक चार बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुका है और इस बार भी टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।



भारत में होने वाला है टूर्नामेंट, बांग्लादेश की हॉकी टीम को किया गया शामिल

2008 से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी बंद

मुंबई में 2008 के आतंकी हमलों के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी सीरीज नहीं खेली गई है। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2023 में भारत में आयोजित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लिया था, जहां वह छह टीमों के बीच पांचवें स्थान पर रहा था। पिछले साल भारत में आयोजित एशिया कप और जूनियर एशिया कप में भी पाकिस्तान की टीम ने हिस्सा नहीं लिया था। वहीं, भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी बार 2006 में पाकिस्तान का दौरा कर वहां सीरीज खेली थी। अब पाकिस्तान की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी, जबकि बांग्लादेश के लिए यह एशियन स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का अहम अवसर होगा।

रविंद्र जडेजा की रणजी टीम में एंट्री



● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क


भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा सौराष्ट्र के 2026-27 रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलेंगे जबकि दो बार की चैंपियन टीम के लिए जयदेव उनादकट कप्तानी बरकरार रखेंगे। बाएं हाथ के अनुभवी स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की 2-1 से वनडे सीरीज जीत के बाद सौराष्ट्र की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों में दो विकेट लिए।

तीरंदाजी कोच को तीन माह से नहीं मिला वेतन

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया, लेकिन इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे खड़े विदेशी कोच को अभी तक एक रुपया वेतन नहीं मिला है। अमेरिका के दिग्गज कोच डेव कर्जिस को मई महीने में भारत का मुख्य कंपाउंड तीरंदाजी कोच बनाया गया था। उनके मार्गदर्शन में भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। भारत ने कुल मिलाकर तीरंदाजी में पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए और ओलंपिक कोटा हासिल करने वाला पहला देश बनकर इतिहास रचा। लेकिन इस बड़ी उपलब्धि के बावजूद कोच कर्जिस को कार्यभार संभालने के तीन महीने बाद भी वेतन नहीं दिया गया है।

पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे आर्यवीर सहवाग और अन्वय





● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर और राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय हाल ही में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। अब 5 से 14 नवंबर तक ओमान में अंडर-19 एशिया कप का आयोजन होने जा रहा है। आर्यवीर और अन्वय का भारतीय स्क्वाड में चुना जाना तय माना जा रहा है। तो उन्हें पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात से टकराना होगा।

इस टूर्नामेंट का सबसे हाई-वोल्टेज मुकाबला 8 नवंबर को खेला जाएगा जब भारत की भिड़ंत चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी। सहवाग और द्रविड़ की नई पीढ़ी का मैदान पर उतरना इस महामुकाबले के रोमांच को दोगुना कर देगा।

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से चापमैन और फोक्स बाहर

न्यूजीलैंड को झटका, क्लार्कसन और टिकनर को टीम में जगह

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है।

टीम के बल्लेबाज मार्क चापमैन और तेज गेंदबाज जैक फोक्स चोट के कारण इस पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। यह सीरीज 22 अक्तूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगी। चापमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग में चोटिल हो गए थे और फिलहाल उबर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाज फोक्स को कैंटरबरी के हालिया अभ्यास सत्र के दौरान दाहिने कूल्हे के फ्लेक्सर में चोट लग गई थी। 32 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज चापमैन, जिन्होंने 113 टी20 मैच खेले हैं भारत के खिलाफ होने वाली आगामी वनडे सीरीज तक पूरी तरह फिट होकर वापसी करने की राह पर हैं। हालांकि, जैक फोक्स की वापसी को लेकर कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को न्यूजीलैंड के टी20 स्क्वाड में शामिल किया है।

भारत -न्यूजीलैंड टी20 सीरीज का शेड्यूल

तारीख	मुकाबला	स्थान
22 अक्टूबर	पहला टी20	क्राइस्टचर्च
24 अक्टूबर	दूसरा टी20	क्राइस्टचर्च
27 अक्टूबर	तीसरा टी20	वेलिंगटन
30 अक्टूबर	चौथा टी20	ऑकलैंड
1 नवंबर	पांचवां टी20	हैमिल्टन

टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम

मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, बेवन जैकोब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर।

टी20 सीरीज से शुरू होगा भारत का न्यूजीलैंड दौरा, पहला मैच 22 को

भारत का न्यूजीलैंड दौरा पांच मैचों की टी20 सीरीज से शुरू होगा। पहला और दूसरा टी20 क्रमशः 22 और 24 अक्तूबर को क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल में खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरा टी20 27 अक्तूबर को वेलिंगटन में होगा, जबकि चौथा मुकाबला 30 अक्तूबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। पांचवां और अंतिम टी20 मैच एक नवंबर को हैमिल्टन के सेडन पार्क में आयोजित होगा।

कैंसर से जीतकर वापसी, 33 गेंद खेलकर भी नहीं खोल पाए खाता



● डरबन / राज न्यूज नेटवर्क

कैंसर से जंग जीतकर एक दशक बाद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी करने वाले बांए हाथ के सलामी बल्लेबाज निक मेडिन्सन की वापसी बेहद निराशाजनक रही। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में मेडिंसन के नाम एक अनचाहा शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वो ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा गेंद खेलकर खाता खोले बगैर आउट होने वाले ओपनर बन गए हैं। अगर वो एक ओवर और पिच पर डट जाते तो उनके नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज हो सकता था। मेडिन्सन 33 गेंद पर खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए।

एबी डिविलियर्स ने 40 गेंद में ठोके 114 रन

● शारजाह / राज न्यूज नेटवर्क

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स 2026 के नौवें मैच में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने 40 गेंद में नाबाद 111 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 210 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया। अफ्रीकी टीम ने यह मैच 8 विकेट से जीता। एबी डिविलियर्स ने महज 37 गेंदों में शतक जमाया। इसमें 11 छक्के और 6 चौके शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 209/5 रन बनाए। डेविड वॉर्नर ने 48 रन बनाए जबकि डार्सी शॉर्ट ने 66 रन की धमाकेदार पारी खेली।



37 गेंद में शतक लगाया

डिविलियर्स ने 37 गेंद में अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी में 6 चौके और 11 छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 285 का रहा। जेपी ड्यूमिनी ने भी 27 रन बनाकर उनका साथ दिया। साउथ अफ्रीका ने महज 15.4 ओवर में 210 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दोनों विकेट केन रिचर्डसन ने लिए। डिविलियर्स इस टूर्नामेंट के पिछले सीजन में भी सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। इस बार भी वे कप्तानी कर रहे हैं और अपनी 360 डिग्री बैटिंग से फैंस को रोमांचित कर रहे हैं।

कैंपियन ने सेंट जोसेफ कोलार को हराया

डॉ. गोविन्द नारायण सिंह दाऊ साहेब इंटर स्कूल क्रिकेट स्पर्धा

● भोपाल / खेल संवाददाता

डॉ. गोविन्द नारायण सिंह दाऊ साहेब इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैंपियन स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंट जोसेफ कोलार को 89 रन से पराजित किया। कैंपियन स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.4 ओवर में 173 रन बनाए। जवाब में सेंट जोसेफ कोलार की टीम 22.1 ओवर में 84 रन पर सिमट गई।

कैंपियन स्कूल की ओर से अर्नव सिंह पुंडीर ने 59 गेंदों पर 68 रन की शानदार पारी खेली। सेंट जोसेफ कोलार की ओर से पृथ्वीराज विश्वकर्मा ने 36 रन बनाकर संघर्ष किया। शौर्य शर्मा ने 11 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सके और पूरी टीम 84 रन पर आउट हो गई। गेंदबाजी में कैंपियन स्कूल के अर्नव वर्मा ने 3 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। अर्नव पुंडीर और आकुल वाघमारे ने 2-2 विकेट हासिल किए। इस प्रकार कैंपियन स्कूल ने 89 रन से शानदार जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मैच में डीपीएस नीलबड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपीएस कोलार को 80 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीपीएस नीलबड़ ने निर्धारित 25 ओवर में 7 विकेट पर 223 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस कोलार की टीम 25 ओवर में 4 विकेट पर 143 रन ही बना सकी।



भोपाल में 13 साल बाद फिर से लौटा खेलों का महाकुंभ

● भोपाल / खेल संवाददाता

डॉ. गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहबद्य इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवाल की 2026 में वापसी सिर्फ एक टूर्नामेंट की वापसी नहीं, बल्कि भोपाल की खेल संस्कृति और उस गौरवशाली परंपरा की वापसी है, जिसका इंतजार शहर के खिलाड़ी और स्कूल पिछले 13 वर्षों से कर रहे थे। तेरह साल पहले यह कार्निवाल अपने आप में एक मिसाल था। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और चेस जैसे खेलों में भोपाल के करीब 120 स्कूल पूरे उत्साह से भाग लेते थे। मैदानों में दर्शकों की भीड़ रहती थी और मुकाबलों का टीवी पर सीधा प्रसारण तक होता था। स्कूल पूरे साल इस आयोजन का इंतजार करते थे, यह बच्चों को प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच देता था। आज मोबाइल के दौर में बच्चों को वापस मैदान पर लाना एक चुनौती है। इस दूरदर्शी सोच के पीछे थे भोपाल के पूर्व विधायक एवं भोपाल डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, जो स्वयं भी एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने बहुत पहले समझ लिया था कि प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए केवल अवसर नहीं, एक बड़े मंच और निरंतर प्रोत्साहन की जरूरत होती है।

14 वर्षीय इनारा ने जीते तीन स्वर्ण पदक, नेशनल के लिए क्वालीफाई

अखिल भारतीय जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप

● भोपाल / खेल संवाददाता



भोपाल की 14 वर्षीय इनारा किदवई ने बठिंडा (पंजाब) में हाल ही में संपन्न 35वीं अखिल भारतीय जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में शॉटगन (स्कीट) स्पर्धा के यूथ, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इनारा वर्तमान में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने इस वर्ष की राष्ट्रीय प्रतियोगिता (नेशनल्स) के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इससे पूर्व अगस्त माह में भोपाल में आयोजित 13वीं वेस्ट ज़ोन शूटिंग चैंपियनशिप में भी इनारा ने स्कीट के सभी आयु वर्गों में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे।

कुश्ती की जंग — प्रो रेसलिंग लीग के छठे सीजन में 6 टीमें, 86 पहलवान और 34 ओलंपियंस लेंगे हिस्सा

दिल्ली में अपना दांव-पेंच दिखाएंगे दुनियाभर के पहलवान

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने शुक्रवार को अपने छठे सीजन का औपचारिक ऐलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती महासंघ की देखरेख में होने वाली यह लीग 9 से 26 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बने केडी जाधव कुश्ती एरिना में खेली जाएगी।

लीग के ओपनिंग इवेंट में 2026 एशियाई खेलों में मेडल जीतने वाले भारतीय पहलवानों को सम्मानित किया गया। फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीतने वाले सुजीत कलकल और पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल के बाद एशियाई खेलों में गोल्ड जीतने वाले अमन सहरावत को खास सम्मान मिला। इनके अलावा अंतिम पंघाल, नितेश सिवाच, दीपक पूनिया और सुनील कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस बार पीडब्ल्यूएल के छठे सीजन की मेजबानी दिल्ली को सौंपी गई है।



9 वर्गों में आयोजित होगी प्रतियोगिता

यह पूरी प्रतियोगिता कुल 9 ओलंपिक वजन वर्गों में खेली जाएगी। पुरुषों के मुकाबले 57, 65, 74, 86 और 125 किग्रा वर्ग में होंगे, जबकि महिलाओं के मुकाबले 53, 57, 62 और 76 किग्रा वर्ग में आयोजित किए जाएंगे। मैच के नियमों की बात करें तो टीवी और डिजिटल दर्शकों के लिए मुकाबला 3-3 मिनट के दो राउंड (2इंटू3 मिनट) का होगा। इसके अलावा लीग का मशहूर ''पावर मिनट'' नियम भी लागू रहेगा। इस नियम के तहत मैच के आखिरी 60 सेकंड में मिलने वाले पॉइंट्स दोगुने माने जाएंगे।

दिल्ली में प्रशंसकों के बीच सम्मान खास: सहरावत

सम्मान मिलने के बाद अमन सहरावत ने कहा, ''ओलंपिक और एशियन गेम्स में मेडल जीतना सालों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। दिल्ली में प्रशंसकों के बीच यह सम्मान मिलना मेरे लिए बहुत खास है। पीडब्ल्यूएल की दिल्ली में वापसी से कुश्ती को नए फैंस मिलेंगे और युवा पहलवानों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

राजधानी (न्यू बॉम्बे)
दिन रात
550 = 0 558 = 8
340 = 7 590 = 4
शुभांक
दिन रात
490 = 3 368 = 7
270 = 9 466 = 6
भाग्यांक
3 5 6 7
www.kalyangame.com

सेना प्रमुख असीम मुनीर छोटे प्रशासनिक क्षेत्र बनाने के पक्ष में

पाक को 15 टुकड़ों में बांटने की तैयारी, प्रस्ताव का हो रहा विरोध


पंजाब और सिंध जैसे बड़े प्रांतों की राजनीतिक ताकत कम होने की आशंका

● इस्लामाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

पाक में देश का राजनीतिक नक्शा बदलने की चर्चा है। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर चार बड़े प्रांतों को छोटे हिस्सों में बांटने के पक्ष में हैं। इससे देश में 12 से 15 नए प्रांत बनाए जा सकते हैं। एक विकल्प में 160 छोटे प्रशासनिक क्षेत्र बनाने की भी बात है।

फिलहाल पाक में चार प्रांत हैं। इनमें पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान शामिल हैं। इनके बंटवारे से प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो सकता है। लेकिन इसका असर सिर्फ सरकारी कामकाज तक सीमित नहीं रहेगा। इससे देश में राजनीतिक ताकत का संतुलन भी बदल सकता है। दरअसल, पाक के चारों प्रांत आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से काफी अलग हैं। पंजाब देश का सबसे ज्यादा आबादी वाला प्रांत है। यहां करीब 12.8 करोड़ लोग रहते हैं। यह पाक की आधी से ज्यादा आबादी है।

बड़े प्रांतों को प्रभावी तरीके से चलाना कठिन: वहीं दूसरी ओर, बलूचिस्तान क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़ा प्रांत है। लेकिन यहां करीब डेढ़ करोड़ लोग रहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब जैसे बड़े प्रांत का प्रशासन चलाना भी चुनौती है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को सरकारी सेवाओं के लिए घंटों सफर करना पड़ सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है



कि पंजाब की एक चौथाई से कम आबादी को घर पर साफ पीने का पानी नियमित रूप से मिलता है। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर का तर्क है कि बड़े प्रांतों को प्रभावी तरीके से चलाना मुश्किल। हालांकि, पाक की आर्थिक समस्याओं की वजह सिर्फ प्रशासनिक ढांचा नहीं है।

पाक में सेना लंबे समय से राजनीति में अहम भूमिका निभाती रही है। देश के इतिहास के दो-पांचवें से ज्यादा समय तक सेना सीधे सत्ता में रही है। निर्वाचित सरकारें भी कई बार उसके प्रभाव में काम करती रही हैं. द इकोनॉमिस्ट की रिपोर्ट में सेना की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। सेना के पास बड़ी जमीन और कारोबार हैं. सरकारी संसाधनों में भी उसकी अहम हिस्सेदारी है. ऐसे में प्रांतों को छोटे हिस्सों में बांटने से सत्ता का संतुलन बदल सकता है। अगर नए प्रांत केंद्र सरकार पर ज्यादा निर्भर हुए, तो सेना और केंद्र के लिए उन पर प्रभाव बनाए रखना आसान हो सकता है।

पंजाब व सिंध क्यों हैं अहम

पाक के प्रांत केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं हैं। वे राजनीतिक ताकत के बड़े केंद्र भी हैं। पंजाब पीएमएल-एन का मजबूत गढ़ है। वहीं, सिंध में पीपीपी का प्रभाव रहा है। इन प्रांतों की बड़ी आबादी और चुनावी ताकत उन्हें केंद्र के सामने मजबूत स्थिति देती है। अगर इन्हें छोटे हिस्सों में बांटा जाता है, तो उनकी राजनीतिक ताकत बंट सकती है। इससे केंद्र सरकार का प्रभाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसलिए सवाल सिर्फ यह नहीं है कि छोटे प्रांतों को चलाना आसान होगा या नहीं। सवाल यह भी है कि क्या इससे केंद्र के लिए प्रांतों पर नियंत्रण रखना आसान हो जाएगा। पाक में प्रशासनिक ढांचे को बदलने की मांग पहले भी उठ चुकी है। योजना मंत्री अहसान इकबाल छोटे प्रशासनिक क्षेत्र और ज्यादा प्रांत बनाने की जरूरत पर बात कर चुके हैं। इसमें 12 से 15 प्रांत बनाने और 160 तक छोटे प्रशासनिक क्षेत्र तैयार करने का विचार भी शामिल रहा है। यह चर्चा ऐसे समय हो रही है। जब असीम मुनीर का पाक की राजनीति में प्रभाव बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने पीएमएल-एन और पीपीपी के साथ काम करते हुए अपनी स्थिति मजबूत की है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं. उनके समर्थक उनकी रिहाई की मांग करते रहे हैं। प्रांतों के पुनर्गठन की चर्चा के बीच खैबर पख्तूनख्वा में भी तनाव है यह प्रांत इमरान खान की पार्टी पीटीआई के शासन में है।

निर्धारित दवाओं के विज्ञापनों पर सख्ती का प्रस्ताव

नई दिल्ली, आरएनएन। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं के अनधिकृत प्रचार पर अंकुश लगाने के लिए औषधि नियम, 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इसके तहत अनुसूची एच, एच1 और एक्स में शामिल दवाओं के विज्ञापन पर मौजूदा प्रतिबंधों का दायरा खुदरा दवा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और वितरकों तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। इस कदम से जन स्वास्थ्य की सुरक्षा और दवा आपूर्ति श्रृंखला में नियामकीय निगरानी मजबूत होगी। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा व्यवस्था में दवा निर्माताओं को केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना अनुसूची एच, एच1 और एक्स की दवाओं का विज्ञापन करने की अनुमति नहीं है , हालांकि इन दवाओं की खुदरा और थोक बिक्री तथा वितरण से जुड़े लाइसेंसधारियों को इन प्रावधानों में स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है।

इसी नियामकीय अंतर को दूर करने के लिए औषधि नियम, 1945 के नियम 65 के तहत नया उप-नियम (22) शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित प्रावधान के तहत दवाओं की बिक्री, भंडारण, प्रदर्शन, बिक्री के लिए पेशकश या वितरण का लाइसेंस रखने वाले संस्थानों पर भी विज्ञापन संबंधी प्रतिबंध लागू होंगे। अनुसूची एच, एच1 या एक्स में निर्दिष्ट किसी भी दवा का विज्ञापन केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकेगा।

वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन के प्रतिभागियों से मिले पीएम

शंघाई में छह भारतीय युवाओं ने सिल्वर मेडल जीते, 10वें पायदान पर रहा भारत



● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चीन के शंघाई में हुई वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन 2026 में शामिन होने वाले प्रतिभागियों से अपने आवास पर मुलाकात की। उन्होंने सोशल एक्स पोस्ट में लिखा- इन शानदार युवाओं ने वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को 7, लोक कल्याण मार्ग में उनसे मुलाकात की और उनके अनुभव भी जाने। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर भी उन्होंने पोस्ट शेयर किया और लिखा- वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन 2026 में चमक बिखेरने वाले युवा साथियों का अभिनंदन। वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन 2026 में भारत 6 सिल्वर और 20 एक्सीलेंस पदक जीतकर 10वें स्थान पर रहा। वहीं, 2024 में फ्रांस के ल्योन में हुए वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन भारत 13वें स्थान पर रहा था, जहां भारत ने चार ब्रॉन्ज मैडल और 12 एक्सीलेंस मैडल हासिल किए थे।


वर्ष 2029 तक 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य

नई दिल्ली , आरएनएन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 60 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ पहुंच गया है और सरकार ने 2029 तक इसे 50 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है। सिंह ने शुक्रवार को सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के आठवें वार्षिक सत्र को संबोधित किया।

एसआईडीएम चैंपियन अवार्ड-026 के तहत 15 पुरस्कार प्रदान किए। ये अवार्ड स्वदेशी तकनीक, उत्पाद नवाचार, डिजाइन, आयात के विकल्प तैयार करने, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए दिए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी तकनीक और उपकरणों का देश में विकास और निर्माण अहम है। उन्होंने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने, शोध एवं विकास को मजबूत करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।

मौत की सजा का होगा लाइव टेलीकास्ट

● वाशिंगटन / राज न्यूज नेटवर्क



यूएस रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि आम लोग यूएस सेना के एक पूर्व मेजर को फायरिंग स्क्वाड से दी जाने वाली सज़ा-ए-मौत को देख सकेंगे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि निदाल हसन को दी जाने वाली सज़ा-ए-मौत की लाइव-स्ट्रीमिंग की जाएगी।

हसन ने 2009 में फोर्ट हुड में 13 निहत्थे अमेरिकी सैनिकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। माना जा रहा है कि यह लगभग एक सदी में अमेरिका में दी जाने वाली पहली सार्वजनिक सज़ा-ए-मौत होगी। मौत की सज़ा पाए कैदियों के साथ काम करने वाले वकील जॉन मिल्स ने कहा कि इसकी लाइव-स्ट्रीमिंग का फ़ैसला आधुनिक दौर में अभूतपूर्व है और यह कानूनी तौर पर अनिश्चित स्थिति वाला मामला है। हेगसेथ ने कहा कि हम यह पक्का करेंगे कि लोग इसे देख सकें, कि यह सार्वजनिक हो। लोगों को यह समझने की ज़रूरत है कि इस तरह की चीज़ों के गंभीर नतीजे होते हैं। पेंटागन ने इस हफ़्ते की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह हसन को सज़ा-ए-मौत देगा, जो 65 सालों में पहली सैन्य सज़ा-ए-मौत होगी।

जुबीन केस में अमृतप्रभा को बेल

गुवाहाटी, आरएनएन। असम के मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने सह-गायिका अमृतप्रभा महंत को बेल मिल ई है। इस केसमें मुख्य केस के तहत गिरफ्तार आरोपियों में जमानत पाने वाली वह पहली आरोपी हैं। उन्हें 50 हजार के बॉन्ड पर राहत मिली है।

बैक्टीरिया से लड़ेगी आईआईटी की नई तकनीक

वाराणसी, आरएनएन। बीएचयू के दो शोध समूहों ने बैक्टीरियाई संक्रमण से मुकाबले के लिए प्रकाश आधारित नई तकनीक विकसित की है। हरी रोशनी से सक्रिय यह तकनीक बैक्टीरिया की वृद्धि रोकने के साथ संक्रमण फैलाने वाली सुरक्षात्मक परत को भी नष्ट करने में प्रभावी है। संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. डॉ. साम्या बनर्जी व जैव-चिकित्सा इंजी. विभाग के डॉ. सुदीप मुखर्जी के नेतृत्व में किए शोध में ऑस्मियम आधारित 3 विशेष रासायनिक यौगिक विकसित किए।

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

कैप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड

पंजीकृत एवं वाणिज्यिक कार्यालय :- 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
मंडल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110060

परिशिष्ट-IV-A नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक देखें,
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रतिभूति परंतुक के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, जिसमें यह स्पष्ट किया जाता है कि नीचे दी गई चल संपत्ति, जो प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी के पास सामान्य रूप से और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) के पास बंधक/परिवर्तित है और जिसका वास्तविक भौतिक कब्जा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सुरक्षित लेनदार द्वारा ले लिया गया है, को ''जहां है जैसी है'', "जो है जैसी है" और "जो भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। नीचे उल्लिखित तिथियां, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सुरक्षित सृजन के कारण नीचे उल्लिखित नहीं हैं। आरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि और संपत्ति का विवरण नीचे उल्लिखित किया गया है।

सं. क्र.	1. उधारकर्ता का नाम 2. बकाया राशि	गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण	1. ई-नीलामी की तिथि और समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की अग्रिम राशि 3. वृद्धिशील मूल्य
1.	**1. श्री राज कुमार ("ऋणकर्ता") 2. श्रीमती सुनीता बाई ("सह-ऋणकर्ता") ऋण खाता सं. LNHLJIR000061919 (पुराना) /50300000801574 (नया) रुपये 19,47,132/- (सिर्फ उन्नीस लाख सैंतालीस हजार एक सौ बत्तीस रुपये) 18-08-2026 तक और भविष्य का ब्याज भी।**	भूमि और भवन पूरा भाग जो हाउस नंबर 173 पी.एच. नंबर 54 एरिया 5044 वर्ग फीट अर्थात् 468.773 वर्ग मी. गांव धनोरा तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश-450001 सीमायें निम्नानुसार: उत्तर: कॉमन रोड, दक्षिण: घीसालाल जी का घर, पूर्व: सिद्धनाथ जी का घर, पश्चिम: खुद की जमीन	**1. ई नीलामी तिथि: 30.10.2026 (दोपहर 3:00 से दोपहर 4:00 बजे के बीच) 2. केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 29.10.2026 3. निरीक्षण की तिथि: 28.10.2026**	**आरक्षित मूल्य: रु. 12,69,000/- (रुपये बारह लाख उनहत्तर हजार मात्र) बयाना राशि जमा: 1,26,900/- (रुपये एक लाख छब्बीस हजार नौ सौ मात्र) वृद्धिशील मूल्य: रु. 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र)**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.caprihomeloans.com/auction पर दिए गए लिंक को देखें।

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:-

1. संपत्ति ''जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहायता के" के आधार पर बेची जा रही है, इसलिए बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।
2. ई-नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट संपत्ति/परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात विस्तार और माप) सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक विस्तार और आयाम भिन्न हो सकते हैं।
3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई-नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने के लिए एक निमंत्रण है और यह सुरक्षित लेनदार की ओर से किसी भी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का अवलोकन करें और बोली/ओं को प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति/परिसंपत्तियों के शीर्षक और वर्तमान स्थिति और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/बकाया के बारे में स्वतंत्र पूछताछ/उचित परिश्रम करें।
4. नीलामी/बोली केवल ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड'' के माध्यम से वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net या सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदाबाद द्वारा प्रदान किए गए ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से होगी, जो ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीलामी की पूरी प्रक्रिया की व्यवस्था और समन्वय करेगा।
5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोलीदाता को स्वयं इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6. ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन बोली लगाने के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता **मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ऑक्शन टाईगर अहमदाबाद (संपर्क सूत्र 079-61200531/576/596/559/598/587/594), श्री रामप्रसाद शर्मा मोबाईल नं. 800-002-3297/79-6120 0559. ईमेल:** ramprasad@auctiontiger.net से संपर्क करें।
7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अपना नाम पहले ही पंजीकृत करवाना होगा और उन्हें यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त होने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10% वापसी योग्य अग्रिम राशि जमा करनी होगी, जो इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा 'कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में **29.10.2026 तक या उससे पहले डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस** के माध्यम से देय होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (प्रारूप https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी के रूप में डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्राधिकृत अधिकारी, **कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय यूनिट संख्या 101-103, प्रथम तल, प्लॉट संख्या 103/4, कृष्णा टावर, स्कीम संख्या 140, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, पिपलियाने स्क्वायर इंदौर, मध्य प्रदेश को 29.10.2026 को अपराह्न 03:00** बजे तक जमा करना होगा। सीलबंद लिफाफे पर ''उधारकर्ता का नाम'' की संपत्ति के लिए ऋण खाता संख्या (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली'' लिखा होना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी अपने द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं (जिन्होंने आरक्षित मूल्य से अधिक अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और सुरक्षित लेनदार के साथ निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान किया है) के विवरण की पुष्टि सेवा प्रदाता मेसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से करेगा ताकि वे केवल उन्हीं बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री सूचना में उल्लिखित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दे सकें।
11. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली, योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक के लिए ''10'' मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात यदि अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली लगाई जाती है, तो ई-नीलामी का समाप्ति समय प्रत्येक बार 10 मिनट के लिए स्वचालित रूप से बढ़ जाएगा।
12. एक बार की गई बोलियां रद्द या वापस नहीं ली जाएंगी। बोलीदाता को दी गई यूज़र आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा ही की गई मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद, उच्चतम बोलीदाता को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में सफल बोलीदाता घोषित होने के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, **क्षेत्रीय कार्यालय इकाई क्रमांक 101-103, प्रथम तल, प्लॉट क्रमांक 103/4, कृष्णा टावर, स्कीम क्रमांक 140, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, पिपलियाने स्क्वायर इंदौर, मध्य प्रदेश** और सेवा प्रदाता को ई-मेल द्वारा अपने द्वारा उद्धृत बोली की अंतिम राशि की पुष्टि करनी होगी।
14. सफल बोलीदाता को बिक्री के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी सहित) अपने पक्ष में जमा करना होगा और शेष 75% बोली राशि कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/आरटीजीएस/चेक द्वारा बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि का भुगतान करने में चूक होने पर, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में अतिरिक्त समय दे सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 1% टीडीएस (बिक्री आय में से) (यदि लागू हो) के रूप में देना होगा और प्राधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस के रूप में 1% की कटौती के बाद) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य विस्तारित समय के भीतर, अग्रिम राशि समायोजित करते हुए जमा करनी होगी, जिसके अभाव में अग्रिम जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।
18. नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई हो) और अन्य प्राधिकारियों का बकाया (यदि कोई हो) बिक्री प्रमाणपत्र जारी करने से पहले सफल बोलीदाता द्वारा चुकाया जाना होगा। बोलियाँ संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक बकाया को ध्यान में रखते हुए लगाई जाएँगी।
19. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र केवल संपूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने और सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. परिवहन, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य आकस्मिक शुल्कों के लिए लागू कानूनी शुल्क नीलामी क्रेता द्वारा वहन किए जाएँगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री की कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकते हैं। यदि निर्धारित ई-नीलामी बिक्री बिक्री की निर्धारित तिथि से **15 दिन** पहले किसी बाद की तिथि के लिए स्थगित की जाती है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है।
23. बोलियाँ प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनसे बाध्य होंगे।
24. संपत्ति में रखी चल वस्तु (यदि कोई हो) बिक्री के साथ प्रस्तावित नहीं है।
25. कृपया ध्यान दें कि अकेले बिडर के हिस्सा न लेने पर जब्ती हो जाएगी। अगर धरोहर जमा करने के बाद सिर्फ एक बोलीकर्ता पात्र पाया जाता है, तो ऐसे बोलीकर्ता को तय तारीख और समय पर लॉग इन करना होगा और लाइव ई-ऑक्शन में हिस्सा लेना होगा। सिर्फ बिड फॉर्म जमा करना और धरोहर राशि जमा करना हिस्सा लेना नहीं माना जाएगा। अगर अकेला पात्र बोलीकर्ता किसी भी कारण से (ई-ऑक्शन सर्विस प्रोवाइडर की सर्टिफाइड टेक्निकल खराबी को छोड़कर) लॉग इन करने और लाइव ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने में असफल हो जाता है, तो धरोहर राशि बिना किसी और नोटिस के अपने आप जब्त हो जाएगी, और प्राधिकृत अधिकारी बोलीकर्ता के प्रति किसी भी देयता के बिना नीलामी निरस्त करने और/या नई नीलामी करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
26. **अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी श्री संदीप दीक्षित, मोबाइल नं. 8989694769 और श्री अजीत कुमार, मोबाइल नं. 9910198552 से संपर्क करें।**
27. यह प्रकाशन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के अनुसार, उपर्युक्त ऋण खाते के उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को उपर्युक्त तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में **15 (पंद्रह)** दिनों का नोटिस भी है।

विशेष निर्देश/सावधानीः बोलीदाताओं को अपने हित में अंतिम मिनटों/सेकंड में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली विफलता, आदि) के लिए न तो कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ/विकल्प जैसे कि बैकअप बिजली आपूर्ति और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ कर लें ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थानः राजगढ़ दिनांकः 10-अक्टूबर-2026 **हस्ता/-(प्राधिकृत अधिकारी), कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	स्थावर सम्पत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख
(ऋण खाता संख्या) L9001060115723342, संजीव नेमा (ऋणी), राजीव नेमा (सहऋणी)	22-जनवरी-26 Rs. 3,86,299/- तीन लाख छियासी हजार दो सौ निन्यानवे रूपये मात्र 19-जनवरी-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 625/1, पीएच नं. 06 ग्राम एवं तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा, मप्र 464001, क्षेत्रफल 44 वर्गगज, पूर्वः विदिशा से सागर मैन रोड, पश्चिमः टीकाराम की भूमि, उत्तरः मकान एवं बालकिशन की दुकान, दक्षिणः मकान एवं टीकाराम की दुकान	07-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060131666331, मैसर्स अंकुश जनरल स्टोर जरिये प्रोपराइटर सीताराम पटेल (ऋणी), श्रीमती विमला देवी पटेल (सहऋणी एवं विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री सीताराम पटेल- सहऋणी)	28-जनवरी-26 Rs. 23,51,255/- तेइस लाख इक्यावन हजार दो सौ पचपन रूपये मात्र 27-जनवरी-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित (संपत्ति 1) भूमि खसरा नं. 1489/4/3, वार्ड नं. 08 मौजा चांदला, जिला छतरपुर, मप्र सीमाएंः कृषि मार्केट की बाउण्ड्री, पश्चिमः क्रेता का मकान, उत्तरः कल्लू का मकान, दक्षिणः राममिलन का प्लॉट, क्षेत्रफल 1667.5 वर्गफीट (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित भूमि खसरा नं. 1489/4/3, वार्ड नं. 08 मौजा चांदला, जिला छतरपुर, मप्र क्षेत्रफल 800 वर्गफीट, पूर्वः सरकारी भूमि, पश्चिमः चांदला से सेरबाई रोड, उत्तरः कल्लू की भूमि, दक्षिणः राम मिलन पटेल की भूमि	06-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001071043877116, दीपक मीणा (ऋणी), श्रीमती लता बाई मीणा (सहऋणी)	18-मई-26 Rs. 28,76,369/- अट्ठाईस लाख छिहत्तर हजार तीन सौ उनहत्तर रूपये मात्र 13-मई-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 85/2/2एस, पीएच नं. 14, आर एन एम 01 ग्राम श्यामपुर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मप्र 462038, क्षेत्रफल 1236 वर्गफीट, पूर्वः विक्रेता के परिवार की संपत्ति, पश्चिमः मकान का शेष भाग, उत्तरः विक्रेता के परिवार की संपत्ति, दक्षिणः रोड	05-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060134130044, मैसर्स गौड बूट हाउस (ऋणी), देवकी गौड (सहऋणी), नीरज गौड (सहऋणी)	15-जून-26 Rs. 9,59,795/- नौ लाख उनसठ हजार सात सौ पिच्यानवे रूपये मात्र 15-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पंजीकरण नं. 234 एवं आई डी नं. 10002923276, वार्ड नं. 08 पीएच नं. 30 तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मप्र क्षेत्रफल 390 वर्गफीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः शिखर चन्द जैन का प्लॉट, उत्तरः दयाराम का मकान, दक्षिणः वीरेन्द्र नायक का प्लॉट	07-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060141788441, मैसर्स नमामी जनरल स्टोर एण्ड कॉस्मेटिक जरिये प्रोपराइटर गजानन्द यादव (ऋणी), गजानन्द यादव (सहऋणी), अंकुश यादव (सहऋणी), श्रीमती विनीता (सहऋणी)	15-जून-26 Rs. 15,83,238/- पन्द्रह लाख तिरासी हजार दो सौ अडतीस रूपये मात्र 15-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 139बी, प्लॉट नं. 257पी, पीएच नं. 19, ग्राम गोपालपुर, तहसील भैंरूदा, जिला सिहोर, मप्र क्षेत्रफल 689 वर्गफीट, पूर्वः बाजार रोड, पश्चिमः स्वयं का प्लॉट एवं कच्चा मकान, उत्तरः जयसिंह का मकान, दक्षिणः मनोज का मकान	06-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060140974834, मैसर्स पंवार बेग एण्ड परदा क्लोथ सेन्टर (ऋणी), जय प्रकाश पंवार (सहऋणी), गणेशी पंवार (सहऋणी)	18-जून-26 Rs. 22,40,318/- बाईस लाख चालीस हजार तीन सौ अठारह रूपये मात्र 18-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 21/56, मांग पंजीकरण नं. 138, भगवत सिंह वार्ड, वार्ड नं. 05 मकान नं. 345, किशन मोहल्ला, तहसील नसरूल्लागंज, जिला सिहोर, मप्र 466331, क्षेत्रफल 144 वर्गफीट, पूर्वः सरकारी कॉम्पलेक्स, पश्चिमः रॉयल मार्केट रोड, उत्तरः द्वारका शर्मा की दुकान, दक्षिणः खुली जगह	06-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060144447930, मैसर्स एस एस ट्रांसपोर्टेशन (ऋणी), मुकेश साहू (सहऋणी), नर्बदी साहू (सहऋणी)	20-जून-26 Rs. 25,81,292/- पच्चीस लाख इक्यासी हजार दो सौ बानवे रूपये मात्र 19-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 13, पीएच नं. 32, ग्राम चकलदी, तहसील रेहती, जिला सिहोर, मप्र 466446, क्षेत्रफल 894.4 वर्गगज, पूर्वः सुरेश माहेश्वरी का मकान, पश्चिमः नारायण सिंह चौहान का मकान, उत्तरः रोड, दक्षिणः राजेश विश्वकर्मा की खाली भूमि	06-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060140146536, मैसर्स जुनेद टूर एण्ड ट्रेवल्स (ऋणी), इरशाद खान (सहऋणी), जियाद खान (सहऋणी), अयूब खान (सहऋणी), शहजा खान (सहऋणी), जुनेद खान (सहऋणी)	26-जून-26 Rs. 10,13,899/- दस लाख तिरासी हजार आठ सौ निन्यानवे रूपये मात्र 26-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 40, वार्ड नं. 10 तिलक नगर, पिपल मोहल्ला, इटारसी, जिला होशंगाबाद, मप्र 461111, क्षेत्रफल 987 वर्गफीट	07-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060116686166, अनिल सिंह ठाकुर (ऋणी), श्रीमती आरती ठाकुर (सहऋणी), विृजेश कुमार (सहऋणी)	13-जून-26 Rs. 7,41,900/- सात लाख इकतालीस हजार नौ सौ रूपये मात्र 13-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 330/मिन-4, वार्ड नं. 13 छत्रपति शिवाजी नगर, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन,मप्र 464884, क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट, पूर्वः 15 फीट आम रोड, पश्चिमः 15 फीट आम रोड, उत्तरः प्रदीप रजाक का मकान, दक्षिणः 15 फीट आम रोड	07-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060141574657 & L9001060828372114, मैसर्स भोले पान भण्डार (ऋणी), अनिल सिंह ठाकुर (सहऋणी), श्रीमती आरती ठाकुर (सहऋणी), व्रिजेश कुमार (सहऋणी)	13-जुलाई-26 Rs. 3,75,666/- तीन लाख पिचहत्तर हजार छः सौ छियासठ रूपये मात्र एवं Rs. 12,74,308/- बारह लाख चौहत्तर हजार तीन सौ आठ रूपये मात्र 13-जुलाई-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 330/मिन-4, वार्ड नं. 13 छत्रपति शिवाजी नगर, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मप्र 464884, क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट, पूर्वः आम रोड, पश्चिमः आम रोड, उत्तरः प्रदीप रजाक का मकान, दक्षिणः आम रोड	07-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060735266456, & L9001060141127877, मैसर्स राकेश इलेक्ट्रिक जरिये प्रोपराइटर राकेश भार्गव (सहऋणी), राकेश भार्गव (सहऋणी), श्रीमती शान्ती भार्गव (सहऋणी)	17-जून-26 Rs. 15,20,335/- पन्द्रह लाख बीस हजार तीन सौ पैंतीस रूपये मात्र एवं Rs. 15,29,375/- पन्द्रह लाख उनतीसहजार तीन सौ पिचहत्तर रूपये मात्र 17-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 92/3 92/4 पीएच नं. 30, वार्ड नं. 3, खसरा नं. 92/3/1, मौजा बरहानपुरा, राम नगर कॉलोनी, तहसील सिओनी मालवा, जिला होशंगाबाद, मप्र 461223, क्षेत्रफल 787.5 वर्गफीट, पूर्वः साहू जी का प्लॉट, पश्चिमः रोड, उत्तरः डॉ. विश्वास, दक्षिणः मोनू खान का मकान	07-अक्टूबर-26
(ऋण खाता संख्या) L9001060736135139, मैसर्स जय श्री महाकाल फर्नीचर (ऋणी), श्रीमती निशा यादव (सहऋणी), लखन सिंह यादव (सहऋणी)	15-जून-26 Rs. 14,06,761/- चौदह लाख छः हजार सात सौ इकसठ रूपये मात्र 15-जून-26 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 813, पुराना पीएच नं. 03, नया पीएच नं. 13 ग्राम शिवपुर, तहसील सिओनी मालवा, जिला नर्मदापुरम, मप्र क्षेत्रफल 1469.5 वर्गफीट, पूर्वः विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिमः भूमि एवं माखनपुरी का मकान, उत्तरः रोड, दक्षिणः रामकिशोर मालवीय का मकान	07-अक्टूबर-26

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 09.10.2026 स्थानः भोपाल, मप्र **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**





विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा ज्ञापन

राहुल गांधी बोले- राष्ट्रपति ने वोट चोरी के आरोपों को खारिज नहीं किया, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट जाएंगे



● नई दिल्ली/ राज न्यूज नेटवर्क

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के 10 नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग की। विपक्ष ने कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ने विपक्ष की बात सुनी और वोट चोरी के आरोपों को खारिज नहीं किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने सबूत मांगे हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और ज्ञानेश पर लोकतंत्र के खिलाफ साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सोमवार को सुप्रीम कोर्ट जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने और दोबारा मतदान की मांग की। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति ने विपक्ष की बात सुनी और मामले में हस्तक्षेप की अपील पर सकारात्मक रुख दिखाया। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने संसद से राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च किया था। विजय चौक पर धरना देने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

सीजेपी का हल्लाबोल आजः ट्रेन कैंसिल-मेट्रो स्टेशन बंद, इंटरनेट सस्पेंड और बॉर्डर पर बीएसएफ...



नई दिल्ली, आरएनएन। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में होने वाले प्रदर्शन की अनुमति पुलिस ने नहीं दी है। सुरक्षा के मद्देनजर कई मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश-निकास द्वार बंद करने, ट्रेनों को रद्द करने और संवेदनशील इलाकों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करने के कदम उठाए गए हैं। पुलिस ने नई दिल्ली, मध्य दिल्ली और सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की है। जंतर-मंतर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की गई है। चिल्ला और गाजीपुर बॉर्डर समेत दिल्ली से सटे प्रमुख रास्तों पर वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए 12 हिरासत केंद्र भी तैयार किए हैं।

केजरीवाल बोले- हम अपने परिवार के प्रदर्शन में होंगे शामिल

पणजी, आरएनएन। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में अपने परिवार के साथ शामिल होने की घोषणा की है। उन्होंने लोगों से भी बड़ी संख्या में प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की।

केरल के पूर्व सीएम विजयन, बेटी और दामाद के खिलाफ FIR का आदेश...

● कोच्चि/ राज न्यूज नेटवर्क

सीएमआरएल से जुड़े कथित रिश्वत मामले में केरल हाईकोर्ट का फैसला

केरल हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, उनकी बेटी वीणा टी. और दामाद पी. ए. मोहम्मद रियास के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) से जुड़े कथित रिश्वत मामले का है।

न्यायमूर्ति ए. बदरुद्दीन ने अधिवक्ता के. एम. शाहजहां की याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। अदालत का विस्तृत फैसला अभी उपलब्ध नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों के आधार पर पुलिस को प्रारंभिक जांच के बजाय सीधे प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। ईडी ने भी अदालत में कहा था कि राज्य पुलिस को सौंपी गई उसकी रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया जा सकता है। हालांकि, राज्य सरकार ने ईडी की दलील का विरोध किया था। सरकार का कहना था कि एजेंसी की रिपोर्ट प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं है और इससे पहले प्रारंभिक जांच जरूरी है।



जेवर एयरपोर्ट का नाम होगा नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट

योगी कैबिनेट ने नाम बदलने के प्रस्ताव को दी मंजूरी...

● लखनऊ / आरएनएन



उत्तर प्रदेश के जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम अब नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि नाम बदलने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की सेवा यात्रा में राष्ट्र प्रथम और जनसेवा के प्रति समर्पण प्रमुख रहा है। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया, क्योंकि प्रधानमंत्री प्रदेश से सांसद हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

वर्ष 2017 के बाद प्रदेश को उनके प्रशासनिक अनुभव और प्रेरणा का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, राज्य में सुशासन, निवेश, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है।



यूपी से राज्यसभा के सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

भारतीय जनता पार्टी के 8 और सपा के 2 प्रत्याशियों को मिली जीत...



लखनऊ (आरएनएन)। उत्तर प्रदेश की राज्यसभा की सभी 10 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की समय-सीमा पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों के निर्वाचन की घोषणा की। इनमें भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के आठ और समाजवादी पार्टी (सपा) के दो प्रत्याशी शामिल हैं।

सभी सीटों पर एक-एक उम्मीदवार होने के कारण मतदान नहीं हुआ।बीजेपी से विद्यासागर सोनकर, प्रियंका सिंह रावत, गोपी कृष्ण पांडे, धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, रामप्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार निर्वाचित हुए हैं। वहीं, सपा से प्रो. रामगोपाल यादव और धनराज परिमल नाथवानी राज्यसभा पहुंचे हैं। निर्विरोध निर्वाचन के साथ ही राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई। दोनों दलों के सभी उम्मीदवार बिना मुकाबले उच्च सदन के लिए चुने गए।

धनराज नथवानी ने जताया आभार

सपा से निर्वाचित धनराज नथवानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार जताया। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों को भी धन्यवाद दिया। नथवानी ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास, आधुनिक बुनियादी ढांचे और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े अखिलेश यादव के दृष्टिकोण को संसद में आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहेंगे।

महाराष्ट्र में 2.70 लाख वोटरों की उम्र 101 से 150 साल

मुंबई, आरएनएन । महाराष्ट्र की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2,70,313 मतदाताओं की उम्र 101 से 150 साल दर्ज हो गई। तकनीकी गड़बड़ी के कारण उनके जन्म का वर्ष 1900 दर्ज हुआ था। चुनाव आयोग ने एक माह से अधिक समय बाद 6 अक्टूबर को गलती सुधार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें 2,37,974 मामले नासिक जिले के कलवण, चांदवड़ और देवलाली विधानसभा क्षेत्रों के हैं। बाकी 32,339 मामले राज्य के अन्य हिस्सों में मिले। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम ने गड़बड़ी की जांच के लिए चुनाव आयोग से मतदाताओं की जन्मतिथि संबंधी जानकारी मांगी थी। आयोग के अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी समस्या को सिस्टम के जरिए ठीक किया गया। 31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 7.72 करोड़ मतदाता हैं, जबकि एसआईआर से पहले यह संख्या 9.79 करोड़ थी। दावे और आपत्तियां 12 अक्टूबर तक दर्ज कराई जा सकती हैं। अंतिम मतदाता सूची 16 नवंबर को जारी होगी।

आयोग को सही करने में लगा एक माह का समय







प्रकाशक एवं मुद्रक-अरुण सहलोत द्वारा राज एक्सप्रेस मीडिया प्रा.लि. (राज इवेंट्स एंड इंटरटेनमेंट प्रा. लि.) के लिए राज पब्लिकेशन यूनिट (राज एक्सप्रेस मीडिया प्रा.लि.) सिद्धार्थ लेकसिटी, आनंद नगर, रायसेन रोड भोपाल-462021 (म.प्र.) से मुद्रित एवं राज ग्रुप ऑफिस केम्पस मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड भोपाल-462021 (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक-अरुण सहलोत, संपादक -संजय मेहता*। स्थानीय संपादक-जगदीश द्विवेदी*, आरएनआई. नंबर एमपी/एचआईएन/2005/14289, फोन नं. 0755-4044106-109, कस्टमर केयर नं. 8889996488, इंटरनेट संस्करण http/www.rajexpress.com फैक्स नम्बर (0755) 4044100, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/38/20212-14 (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।